सुप्रभात
रांची, गुरुवार
04.07.2024
** नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 350



12 पवन सिंह की फिल्म 'सूर्यवंशम' का ट्रेलर रिलीज

# चंपई का इस्तीफा, फिर हेमंत सरकार

## हेमंत ने सरकार बनाने का पेश किया दावा, राज्यपाल को सौंपा समर्थन पत्र

- 7 को शपथ ग्रहण संभव, वैकल्पिक व्यवस्था होने तक चंपई को बने रहने को कहा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हेमंत सोरेन तीसरी बार झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। झारखंड में हेमंत पार्ट-2 यानि कि चंपई सोरेन सरकार का बुधवार को अंत हो गया। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने बुधवार की शाम राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को अपना इस्तीफा सौंप दिया। राज्यपाल ने उनका इस्तीफा मंजूर करते हुए वैकल्पिक व्यवस्था होने तक उन्हें कार्यभार संभालते रहने को कहा है। शाम में राज्यपाल से मिल कर हेमंत सोरेन ने नयी सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया है। साथ ही विधायकों का समर्थन पत्र भी उन्हें सौंपा। इससे पूर्व दिन में हुई आएनडीआइए गठबंधन विधायकों की बैठक में हेमंत सोरेन को सर्वसम्मति ने विधायक दल का नेता चुन लिया। सूत्रों के अनुसार 7 जुलाई को हेमंत सरकार का शपथग्रहण समारोह संभव है।

### चंपई सोरेन बोले, अपनी मर्जी से दिया इस्तीफा



राज्यपाल को इस्तीफा सौंपने के बाद राजभवन से चंपाई सोरेन और हेमंत सोरेन एक साथ बाहर निकले। दोनों मीडिया से मुखातिब हुए। हेमंत सोरेन ने कहा कि सभी चीजें साफ हैं और जो भी जैसा होगा आपसबों को बता दिया जायेगा। यह कुछ कहने का वक्त नहीं है। वहीं चंपई सोरेन ने कहा कि हमने अपनी मर्जी से इस्तीफा दिया है और हेमंत सोरेन अगले सीएम होंगे। उन्होंने कहा कि हेमंत की गैरहाजिरी में उन्होंने अपनी जिम्मेवारी अच्छे से निभायी। अब राजभवन के बुलावे का इंतजार है, ताकि हेमंत सोरेन फिर से सीएम पद की शपथ ले सकें। ले सकें। इससे पहले कांके रोड स्थित सीएम आवास में इंडिया गठबंधन के सभी विधायकों की बैठक हुई।

बैठक में सर्व सहमति से हेमंत सोरेन को विधायक दल का नेता चुना गया।

### विधायक दल के नेता चुने गये हेमंत सोरेन

इससे पूर्व इंडिया के नेताओं की बैठक सीएम आवास में हुई। इसमें हेमंत सोरेन को विधायक दल का नेता चुना गया। बैठक में सीएम चंपाई सोरेन, पूर्व सीएम हेमंत सोरेन, झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, निषेध और उत्पाद शुल्क मंत्री बेबी देवी, पर्यटन, खेल-कूद, कला-संस्कृति व युवा कार्य मंत्री हफीजुल हसन, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, उद्योग, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता समेत अन्य विधायक मौजूद थे। अब झारखंड में पांच महीने बाद एकबार फिर से हेमंत पार्ट-3 की शुरूआत अब शीघ्र होगी। नेता चुने जाने के बाद हेमंत सोरेन, सीएम चंपई सोरेन के साथ राज्यपाल से मिलने पहुंचे। चंपाई सोरेन ने मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंपा।

#### पांच महीने में दूसरी बार नेतृत्व परिवर्तन

हेमंत सोरेन ने 31 जनवरी को जमीन घोटाला मामले में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इस केस में उन्हें ईडी की पड़ताल के बाद जेल जाना पड़ा था। इससे बाद दो फरवरी को झामुमो के वरिष्ठ नेता और मंत्री चंपई सोरेन ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। हाल ही में हाई कोर्ट ने हेमंत को जमानत दे दी है। तब से माना जाने लगा कि वे फिर से सत्ता की बागडोर संभालेंगे।

## ओड़िशा के जस्टिस डॉ षाडंगी होंगे झारखंड हाइकोर्ट के नये सीजे

- राष्ट्रपति ने दी मंजूरी, जस्टिस चंद्रशेखर का राजस्थान तबादला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची, नयी दिल्ली।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के खाली पद को भरा गया है। जस्टिस डा बिद्युत रंजन षाडंगी को झारखंड हाईकोर्ट का नया चीफ जस्टिस बनाया गया है। राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम की अनुशंसा पर इसकी मंजूरी दी। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी जानकारी दी। झारखंड हाई कोर्ट का एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर का तबादला राजस्थान हाई कोर्ट कर दिया गया है।

**लंबा अनुभव**

ओडिशा हाइकोर्ट के जस्टिस बिद्युत रंजन षाडंगी का कानून की प्रैक्टिस और न्यायाधीश के रूप में 27 वर्षों का लंबा अनुभव है। उन्हें 20 जून 2013 को ओडिशा हाई कोर्ट का जस्टिस नियुक्त किया गया था। इसके पहले वे ओडिशा हाइकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में बतौर अधिवक्ता प्रैक्टिस कर चुके हैं। उड़ीसा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में अपने 11 साल के करियर में, उन्होंने 1500 रिपोर्टिंग निर्णयों सहित 1 लाख 52 हजार मामलों में अपना अंतिम फैसला सुनाया है। उन्हें ओडिशा के पूर्व वरिष्ठ अधिवक्ता-सह-महाधिवक्ता, आदरणीय स्वर्गीय गंगाधर रथ के चैंबर में अपनी वकालत करने का अवसर मिला। वे सिविल, आपराधिक, संवैधानिक, शिक्षा, रोजगार, राजस्व, कराधान, खनन, बिजली, बीमा जैसे विभिन्न मामलों को संभालने में कुशल हैं।

## बांग्लादेशी घुसपैठ रोकने का हाईकोर्ट का निर्देश, कहा
# घुसपैठियों को चिन्हित करें भेजने की कार्ययोजना बनायें

**6 डीसी से कार्रवाई के संबंध में मांगी रिपोर्ट**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** संथाल परगना के कई जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठ का मामला अब झारखंड हाइकोर्ट पहुंच गया। बुधवार को जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ में सुनवाई हुई। खंडपीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि संथाल परगना क्षेत्र के सभी उपायुक्तों को यह निर्देश दें कि आपसी सामंजस्य से बांग्लादेश की तरफ से आने वाले घुसपैठियों को चिन्हित कर उन्हें वापस भेजने के लिए एक कार्य योजना तैयार कर काम करें। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से शपथ पत्र के माध्यम से दो सप्ताह के भीतर एक स्टेट्स रिपोर्ट दायर करने को कहा है। इस मामले के अगली सुनवाई 18 जुलाई निर्धारित की है। बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण संथाल की जनसंख्या की स्थिति पर पड़ रहे कुप्रभाव को लेकर डेनियल दानिश की जनहित याचिका सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मौखिक राज्य सरकार से कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठिया आपकी जमीन पर रह रहे हैं एवं तमाम सुविधा उठा रहे हैं। इनको आपको चिन्हित करना होगा और इन्हें वापस बांग्लादेश भेजना होगा। कोर्ट ने देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़ और जामताड़ा के उपायुक्तों को निर्देश दिया कि वे बांग्लादेश की तरफ से आने वाले घुसपैठियों को चिन्हित कर उन्हें वापस भेजें। इसके अलावा बांग्लादेशी घुसपैठियों का झारखंड में प्रवेश रोके। (शेष 11 पर)

## गठबंधन ने जो कहा, मैंने पालन किया : चंपई सोरेन

- अब हेमंत बाबू आ गये हैं, हम सबने उन्हें नेता चुना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में बड़ी राजनीतिक हलचल हुई है। राज्यपाल से मिलकर अपना इस्तीफा सौंपने के बाद चंपई सोरेन ने कहा कि उन्हें जो दायित्व मिला था उसे पूरी निष्ठा से निभाया। अब हेमंत बाबू आ गये हैं। हमारे गठबंधन ने फिर से निर्णय लिया। हमने और हमारे गठबंधन ने हेमंत सोरेन को फिर से नेता चुना, जिस पद पर मैं था उस पद से मैंने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा, जो गठबंधन का निर्णय हुआ, हमने उसी पर काम किया। चंपई सोरेन और हेमंत सोरेन दोनों ही राज्यपाल से मिलने पहुंचे थे। मीडिया से बातचीत में हेमंत सोरेन ने कहा कि 'हमने सारा काम कर दिया है।' हालांकि, हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री पद की शपथ कब लेंगे, अभी इसको लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। कुछ मीडिया रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि 5 या 7 को हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। चंपई सोरेन ने झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री के रूप में दो फरवरी को शपथ ली थी।

**सदन की स्थिति :** हाल में हुए लोकसभा चुनाव के बाद गठबंधन के विधायकों की संख्या घटकर 45 रह गयी है। इनमें झामुमो के 27, कांग्रेस के 17 और राजद का एक और शामिल हैं। झामुमो के दो विधायक- नलिन सोरेन और जोबा माझी, अब सांसद हैं। जामा से विधायक सीता सोरेन ने इस्तीफा दे दिया था। चमरा लिंडा और लोबिन हेम्ब्रम को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। विधानसभा में भाजपा के विधायकों की संख्या घटकर 24 रह गयी है।

## इच्छा मृत्यु मांगने वाली महिला के मामले में नया मोड़

- खरीदार ने कहा- महिला की सास ने बेची थी जमीन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह के सरिया में जमीन कब्जा मामले में कार्रवाई नहीं होने पर इच्छा मृत्यु मांग करने वाली हजारीबाग की महिला से जुड़े मामले में नया मोड़ आया है। जिन लोगों पर आरती ने जमीन कब्जा करने का आरोप लगाया है, उनमें से एक शख्स ने महिला के आरोप को गलत बताया है। वहीं पुलिस का भी पक्ष मामले में आया है। हजारीबाग के कुम्हामार टोली की रहनेवाली आरती देवी ने हजारीबाग की डीसी को आवेदन देकर इच्छा मृत्यु की मांगी थी। महिला का आरोप है कि उसकी गिरिडीह जिला के सरिया स्थित उसकी जमीन पर कब्जा किया गया है और उसे इंसाफ नहीं मिल रहा है। आरती देवी ने सरिया के नन्दलाल मंडल, प्रदीप समेत चार पर जमीन कब्जा करने का आरोप लगाया है।

**आरती के आरोप को बताया गलत**

इस मामले में आरोपों से घिरे नन्दलाल मंडल ने जमीन पर कब्जा का आरोप पूरी तरह से गलत हैष उनका कहना है कि जिस जमीन की बात हो रही है उक्त जमीन आरती देवी के ससुर की है और आरती की सास ने उन्हें जमीन बेच दी थी। आरती देवी ने सरिया थाना में भी शिकायत की थी। इसके बाद सरिया थाना ने आरती देवी, आरती की सास के साथ उन्हें भी बुलाया था। थाना में हुई बैठक में आरती की सास ने साफ कहा कि जमीन उन्होंने बेची है। जमीन जब आरती की सास ने बेची है तो जबरन जमीन पर कब्जा करने का मामला बनता ही नहीं है। नन्दलाल ने आरती पर दबाव बनाने का आरोप लगाया है। वहीं सरिया थाना के पुलिस निरीक्षक ज्ञानरंजन ने बताया कि आरती देवी नामक महिला पहले भी थाना आ चुकी हैं।

## प्रचंड की नेतृत्ववाली नेपाल सरकार गिरी

**नयी दिल्ली।** नेपाल में दो दिनों तक चले राजनीतिक ड्रामे के बाद प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के नेतृत्व वाली मौजूदा सरकार गिर गई है। गठबंधन के मंत्रियों ने सामूहिक रूप से इस्तीफा देकर सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है। नेपाली कांग्रेस और सीपीएन यूएमएल की तरफ से मंगलवार को दी गई 24 घंटे की समय सीमा समाप्त होने के साथ ही दहल के नेतृत्व वाली सरकार की प्रमुख सहयोगी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट (सीपीएन-यूएमएल) सरकार से बाहर हो गयी।

## सीबीआइ ने धनबाद से अमन सिंह को दबोचा
### हजारीबाग गैंग से जुड़ा अमन मास्टरमाइंड था, बेटा फरार

**नीट पेपर लीक मामला**

### झरिया के एक व्यक्ति की भी जांच

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नीट पेपर मामले की जांच कर रही सीबीआइ टीम के दो इंस्पेक्टर बुधवार सुबह धनबाद पहुंचे थे। यहां सुबह से ही टीम सरायढेला एवं गोविंदपुर थाना क्षेत्र के कई इलाकों में छापामारी की। सरायढेला थाना क्षेत्र के बापू नगर से अमन सिंह को गिरफ्तार किया, जबकि उसका सहयोगी बंटी जो गोविंदपुर का रहने वाला है भागने में सफल रहा। बंटी की एसयूवी गाड़ी जब्त धनबाद सीबीआई कार्यालय में ला कर रखा गया है। सूत्रों के अनुसार अमन सिंह का रिश्ता हजारीबाग गैंग से है। उसी गैंग के साथ अमन एवं बंटी काम करते थे। झरिया के एक शख्स की भूमिका की भी जांच हो रही है।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नीट-यूजी परीक्षा पेपर लीक मामले में सीबीआइ की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। सीबीआइ की टीम ने पेपर लीक मामले में बुधवार को धनबाद से एक आरोपी अमन सिंह नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, एक अन्य आरोपी भागने में सफल रहा।

वहीं टीम ने आरोपी की एसयूवी गाड़ी को जब्त कर ली है। झारखंड के सीबीआइ के सूत्रों ने बताया कि अमन सिंह इस मामले में मास्टरमाइंड था। पेपर लीक मामले में सीबीआइ की ओर से अबतक कुल 4 चार गिरफ्तारियां हुई हैं। इनमें हजारीबाग से जमालुद्दीन, ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल शामिल हैं। (शेष 11 पर)

# पेपर लीक के दोषियों को हम छोड़ेंगे नहीं

## भ्रष्टाचारियों पर ईमानदार कार्रवाई की एजेंसियों को खुली छूट: मोदी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने केन्द्रीय जांच एजेंसियों को लेकर राजनीतिक दलों द्वारा की जा रही टीका टिप्पणी पर बुधवार को राज्यसभा में कहा, मैंने इडी, सीबीआइ और आयकर विभाग को भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए खुली छूट दे रखी है। भ्रष्टाचार के विरूद्ध लड़ाई मेरा मिशन है। वहीं पेपर लीक मामले में पीएम ने कहा कि सरकार इसके दोषियों को छोड़ेगी नहीं। युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करनेवालों पर सख्त कार्रवाई होगी। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर सदन में चर्चा का जाबव देते हुए कहा कि जांच एजेंसियों को भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध ईमानदारी से काम करने के लिए कहा गया है। कोई भी भ्रष्टाचारी कानून से बच कर नहीं निकलेगा यह मोदी की गांरटी है।

### वाकआउट के बीच प्रस्ताव पास



प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया। उनके जवाब के बाद विपक्षी सदस्यों की गैर मौजूदगी में ही सदन ने धन्यवाद प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया। श्री मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में 21 घंटे से भी अधिक समय तक चली चर्चा का जवाब दिया। उन्होंने संविधान पर संकट , जांच एजेन्सियों के दुरूपयोग, पश्चिम बंगाल में महिलाओं के खिलाफ हिंसा पर विपक्ष की अवसरवादी चुप्पी, मणिपुर हिंसा और पेपर लीक जैसे मुद्दों पर सरकार का खुलकर पक्ष रखा।

**पापर लीक गंभीर मुद्दा**

पीएम मोदी ने पेपर लीक को एक बड़ी समस्या बताते हुए कहा कि यह संवेदनशील मुद्दा है। उन्होंने दोहराया कि सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को कभी छोड़ेगी नहीं। दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी। इस संबंध में देश भर में गिरफ्तारियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा, मैं देश को युवाओं को भरोसा दिलाता हूं कि आपको धोखा देनेवालों को सरकार छोड़ेगी नहीं। नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करनेवालों को कड़ी सजा मिले, सरकार इसके लिए एक्शन ले रही है। इसके खिलाफ सख्त कानून भी बनाया है। उच्च सदन में पीएम मोदी ने पेपर लीक मुद्दे पर जवाब देते हुए पीएम ने कहा कि हम चाहते थे, ऐसे संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति नहीं हो। पर विपक्ष को ऐसे मुद्दे पर भी राजनीति करने की आदत है। वे इससे बाज नहीं आनेवाले हैं। इसके समाधान के लिए सबको दलगत राजनीति से उपर उठकर प्रयास करना होगा। (शेष 11 पर)

## पाकिस्तान में धमाका, पूर्व सासंद समेत चार की मौत

**एजेंसी**



**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर पश्चिमी क्षेत्र में रिमोट-कंट्रोल के जरिए एक कार में किए गए विस्फोट में पूर्व सांसद और तीन अन्य की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि विस्फोट अफगानिस्तान की सीमा से लगे आदिवासी बहुल जिले मामोंड बाजौर के दामादोला क्षेत्र में हुआ। पुलिस के अनुसार विस्फोट के समय पाकिस्तानी संसद के उच्च सदन सीनेट के पूर्व सदस्य हिदायतुल्ला उपचुनाव में अपने भतीजे नजीबुल्ला खान के प्रचार अभियान के सिलसिले में वहां मौजूद थे। पीके 22 प्रांतीय विधानसभा क्षेत्र में 12 जुलाई को उपचुनाव होना है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर और मुख्य सचिव नदीम असलम चौधरी ने विस्फोट की निंदा की है। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने भी हमले की निंदा करते हुए पूर्व सीनेटर तथा अन्य लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया। हिदायतुल्ला 2012 से 2018 और फिर 2018 से 2024 तक सीनेट के निर्दलीय सदस्य रहे थे। इसके अलावा वह उच्च सदन की विमानन संबंधी स्थायी समिति के अध्यक्ष और राष्ट्रीय आतंकवाद रोधी प्राधिकरण (एनएसीटीए) के सदस्य भी रहे थे।

**न्यूज डायरी**

### विश्वकप विजेता टीम से पीएम मोदी करेंगे भेंट

**नयी दिल्ली।** रोहित शर्मा की अगुवाई में टी-20 विश्वकप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार सुबह 11 बजे मुलाकात करेंगे। बेरिल चक्रवाती तूफान के कारण बारबाडोस में फंसी भारतीय क्रिकेट टीम वहां से आज रवाना हो गयी है और टीम चार जुलाई की सुबह दिल्ली पहुंचेगी।

### मुकेश लुनायत बने सरायकेला नये एसपी

**रांची।** सरायकेला एसपी मनीष टोप्पो का सरकार ने तबादला कर दिया है। उनकी जगह जमशेदपुर सिटी एसपी मुकेश लुनायत को सरायकेला का नया एसपी बनाया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना बुधवार की देर शाम जारी कर दी गयी। लोकसभा चुनाव से पहले मनीष टोप्पो को सरायकेला का एसपी बनाया गया था।

### इजहार अंसारी की हिरासत अवधि 15 तक बढ़ी

**रांची।** हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की पेशी वीडियो कांफ्रेंसिंग से पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में बुधवार को हुई। कोर्ट ने उसकी न्यायिक हिरासत की अवधि 15 जुलाई तक बढ़ा दी है। इजहार अंसारी, इश्तियाक अंसारी के अलावा उसकी एक कंपनी के खिलाफ ईडी ने पीएमएलए कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था, जिसपर इडी की विशेष अदालत संज्ञान ले चुकी है। 16 जनवरी को ईडी ने हजारीबाग स्थित उसके आवास एवं फैक्ट्री पर छापा मारा था। इसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया था। 70 करोड रुपए के कोल लिंकेज के हेरा-फेरी मामले में इजहार अंसारी आरोपित है।

### जमीन विवाद में झड़प आधा दर्जन लोग घायल

**पाकुड़।** मालपहाड़ी ओपी क्षेत्र के नगरनबी गांव में जमीन विवाद को लेकर दो गुट आपस में भिड़ गये। दोनों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट की इस घटना में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। मारपीट के दौरान एक पक्ष ने बम भी फोड़ा गया है। घटना की सूचना मिलते ही मालपहाड़ी ओपी की पुलिस के अलावा मुफस्सिल, नगर थाना प्रभारी दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचे।

### बिहार में एक ही दिन में गिर गये तीन पुल

**पटना।** बिहार में बारिश के मौसम में पुलों के ढहने का सिलसिला जारी है। सीवान जिले में एक ही दिन में 3 पुल ढह गये। इसके चलते गंडक और धमही नदी के किनारों के कई गांवों का संपर्क टूट गया है। दो दर्जन से ज्यादा गांवों का आवागमन ठप हो गया है। पुल- पुलिया के ध्वस्त होने का ताजा मामला देवरिया, तेवथा, व टेघड़ा पंचायत का है। जहां एक या दो नहीं एक साथ अलग-अलग जगहों पर तीन पुलिया धंस गयी। पुलिया के धंस जाने से दो दर्जन से अधिक गांवों के लोगों का आवागमन ठप हो गया।

**गहना आभूषण**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 68100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 96000 रु./प्रति किलो |



## दोहरे हत्याकांड के आठ आरोपी साक्ष्य के अभाव मे बरी

**रांची।** अपर न्यायायुक्त अरविंद कुमार, नंबर 2 की अदालत ने 8 साल पुराने दोहरे हत्याकांड में ट्रायल फेस कर रहा नौ आरोपियों रोशन कुमार, लच्छु पाहन, रन्थु भगत, राम भगत, विवेक उरांव उर्फ विवेक कुमार, लोडो उरांव, बस्ती मुंडा, बजरंग भगत एवं पंचु उरांव को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। सभी आरोपी लापुंग थाना क्षेत्र के पोटका गांव निवासी है। पोटका गांव के ग्रामीण द्वारा छेड़खानी करने के कारण सूचक शंकर बाउरी का बेटा प्रदीप बाउरी एवं नारायण नायक की हत्या लाठी-डंडा, ईट-पत्थर से मारकर कर दी गई थी। घटना को अंजाम 22 जून 2016 को दिया गया था। घटना को लेकर लापुंग थाना में 23 जून 2016 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से पांच गवाहों को प्रस्तुत किया गया था।

## चेक बाउंस के आरोपी को साक्ष्य के अभाव में बरी किया

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी प्रशांत कुमार वर्मा की अदालत ने बुधवार को चेक बाउंस मामले के आरोपी हरी महतो को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। चेक बाउंस को लेकर धुर्वा निवासी विनोद कुमार ने 27 फरवरी 2018 को केस किया था। मामले में पैरवीकार अधिवक्ता सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि रातू के मुर्चू गांव निवासी हरी महतो ने ढाई एकड़ जमीन बेचने को लेकर विनोद कुमार से एग्रीमेंट किया था। जब आरोपी जमीन नहीं दे पाया तो वादी विनोद कुमार को 15.80 लाख एवं 6 लाख को दो चेक दे दिया। कुल 21.80 लाख रुपए का चेक बाउंस कर गया। इसके बाद केस दर्ज किया गया था। लेकिन अदालत में गवाही के दौरान वादी की ओर से पुख्ता साक्ष्य नहीं दिया जा सका।


**कार्यालय जिला परिषद, रॉंची**

**शुद्धि-पत्र**

**PR No.328424**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकशित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–**03/2024-25** के ग्रुप संख्या–07 ( खलारी प्रखण्ड अंतर्गत सीत कुंड मोड़ से जोड़ाकाठ कालीकरण पथ तथ 1200 फीट पथ 1 अदद **(1x5.0x3.0M)** पुलिया एवं गार्डवाल निर्माण कार्य।) को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है। निविदा की शेष शर्त्ते यथावत रहेंगी।

जिला अभियंता
जिला परिषद रॉंची

PR.NO.328533 Panchayati Raj(24-25):D

**Jharkhand Urja Utpadan Nigam Limited.**
(CIN: U40108JH2013SGC001703)
OFFICE OF THE PROJECT MANAGER
Subarnarekha Hydel Project, Sikidiri (Ranchi)
e-mail – srhp.sikidri@gmail.com, Mobile – 9431707312

**CORRIGENDUM**

In Tender Notice 03/PR/JUUNL/2024-25, 04/PR/JUUNL/2024-25 & 05/PR/JUUNL/2024-25 published on 03.07.2024, the cost of tender document (non-refundable) should be read as **Rs. 500 /- + GST@18%** instead of Rs. 500 /-.

Other terms and condition will remain unchanged.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
Project Manager
SRHP, Sikidiri

**PR No. 328431**

PR 328535 Jharkhand Urja Utpadan Nigam Ltd(24-25)D

**NATIONAL UNIVERSITY OF STUDY AND RESEARCH IN LAW, RANCHI**
At Nagri, PO- Bukru, Kanke-Pithoria Road, Kanke, Ranchi 834006

Ref: NUSRL/RNC/2024/112664 DATE: 03/07/24

**Recruitment Notification for Non- Teaching Positions (Contractual)**

National University of Study and Research in Law, Ranchi invites applications from eligible candidates for the following positions to be filled in the University for contractual posts as mentioned below:

| Sl. No. | Category of Posts | No.of Posts |
|---|---|---|
| 1. | Information Technology Specialist (Contractual) | 1 |
| 2. | Public Relations Officer cum Placement Officer (Contractual) | 1 |
| 3. | Resident Nurse (Contractual) | 1 |

The details of Procedure for applying are available on University website www.nusrlranchi.ac.in . The last date for receiving application is 27/07/24 by 17:00 hrs.

Sd/-
Assistant Registrar(I/c)

PR 328567 (Law) 24-25 (D)

**कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 01/2024–25**

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि(रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | जयनगर | हीरोडीह में स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन का निर्माण | 5550000.00 | 111000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 02 | डोमचांच | जेरुआडीह में स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन का निर्माण | 5550000.00 | 111000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 03 | कोडरमा | बदडीहा में स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन का निर्माण | 5550000.00 | 111000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 04 | कोडरमा | गझण्डी में स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन का निर्माण | 5550000.00 | 111000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 05 | कोडरमा | इन्दरवा में स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन का निर्माण | 5550000.00 | 111000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 06 | चन्दवारा | उरवां में स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन का निर्माण | 5550000.00 | 111000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 07 | सतगावां | खुट्टा में स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन का निर्माण | 5550000.00 | 111000.00 | 10000.00 | 12 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 14.07.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 15.07.2024 से 21.07.2024, अपराह्न 05:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 23.07.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– जिला अभियंता, जिला परिषद कोडरमा।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 7903003903 एवं ई–मेल ddczpkoderma@gmail.com
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता/संवेदक की होगी।
8. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद् कोडरमा

PR 328454 Panchayati Raj(24-25).D

**RANCHI MUNICIPAL CORPORATION, RANCHI**
(Engineering Section )
Kutchery, Pin & 834001
e-mail :- support@ranchimunicipal.com

(2nd Call)

Letter No: 185/Eng Date:- 02.07.2024

**Short Notice Inviting Tender**

1. Name of Tender Inviting Officer :- Executive Engineer, RMC, Ranchi
2. Date of Publication of Tender on website :- 05-07-2024
3. Last date/Time for receipt of online bids :- 05-07-2024 to 12-07-2024 Up to 5.00 P.M.
4 Date/Time of Opening bid :- 13-07-2024 Up to 12:00 P.M
5. Helpline number :- 8825391957, 7470122222

| Sl. No. | Ward No. | Name of Work | Approximate value of work (in Rs.) | Cost of Bid Document by D.D (Rs.) (non-refundable) (Through online Payment gateway of Jharkhan tenders. gov.in) | Earnest Money (In Rs.) (Through online Payment gateway of Jharkhandtenders.gov.in) | Period of completion in months |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 53 | Construction of Road at Tipudana Balsiring Road Mecon Filed under ward No-53 | 1724976 | 5900 | 34500 | 90 Days |

* Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) in to be Paid through online mode as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter No-120, Dated 03.10.2023 and UDHD Gov. Jharkhand Letter No-4847, Dated 11.10.2023

1. अभियंत्रण शाखा अन्तर्गत क्रियान्वित किये जा रहे योजना का कार्य मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के पंजीकृत (Empanelled) श्रमिकों से कराना सुनिश्चित करेंगे।

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Executive Engineer,
Ranchi Municipal Corporation, Ranchi

PR 328569 Ranchi Municipal Corporation (24-25)_D


# विजय संकल्प सभा के माध्यम से हर विस में गरजेंगे भाजपा नेता

## राज्य सरकार को घेरने की झारखंड भाजपा ने की तैयारी

**उदय चौहान**

**रांची।** भाजपा ने विधानसभा चुनाव की तैयारी जोर-शोर से शुरू कर दी है। प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान एवं सह प्रभारी डॉ हिमंता विश्व सरमा के निर्देशन पर आंदोलनात्मक कार्यक्रम तय किये गये है। इसके लिये 6 से 15 जुलाई तक राज्यभर में विशेष सभा आयोजित की जायेगी। इसके माध्यम से राज्य सरकार की विफलता जनता के बीच ले जाने की तैयारी है। भाजपा ने विजय संकल्प सभा के जरिये आगामी 15 जुलाई तक प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राज्य सरकार की विफलता को गिनाने जनता के बीच पहुंचने की रणनीति बनायी है। पार्टी नेताओं को उम्मीद है कि इसके जरिये जनता तक अपनी बात पहुंचाने में पार्टी जरूर सफल होगी। इसका लाभ विधानसभा चुनाव के दौरान देखने को मिलेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये पार्टी ने विधायक भानु प्रताप शाही, अशोक शर्मा, नवीन जायसवाल, समीर उरांव, बिरंची नारायण, अपर्णा सेन गुप्ता, अनंत ओझा, डॉ लुईस मरांडी, गीता कोड़ा और दिनेश कुमार को जिम्मेदारी दी गयी है। पूर्व सांसद सह एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय समीर उरांव ने बताया कि विजय संकल्प सभा की तैयारी लगभग पूरी हो गयी है। इसके लिये तमाम नेताओं की जवाबदेही भी तय किये जा रहे हैं। कार्यक्रम के लिये जो कमेटी बनी है, वह जिला स्तर पर बैठक कर रूपरेखा तय कर ली है। विजय संकल्प सभा के जरिये भाजपा भ्रष्टाचार, युवाओं के साथ धोखा, जेएसएससी पेपर लीक, लचर कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों पर आवाज बुलंद करने जा रही है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के खिलाफ कई ऐसे मुद्दे हैं जिसे हम जनता के बीच ले जायेंगे। इसके लिये व्यापक तैयारी पार्टी स्तर पर की जा रही है। उन्होंने कहा कि 06 से 15 जुलाई तक आयोजित होनेवाले इस कार्यक्रम में पार्टी के कई केंद्रीय नेता शिरकत करेंगे। भाजपा की इस विजय संकल्प सभा का समापन रांची के प्रभात तारा मैदान में होने की संभावना है। इसमें कई बड़े नेता शामिल होंगे। इस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिये प्रदेश से लेकर जिला स्तर के सभी नेता तैयारी में जुटे हुये हैं। दूसरी ओर पार्टी की ओर से उम्मीदवार चयन की प्रक्रिया भी शुरू हो गयी है। सर्वप्रथम राज्य के 28 आरक्षित सीटों के लिये उम्मीदवारों के नाम तय किये जाने हैं। बहरहाल, भाजपा की बढ़ी सरगर्मी से सत्तारूढ़ दलों के नेता भी रेस हो गये हैं। सत्तारूढ़ पार्टियों ने भी बैठकों का दौर शुरू कर दिया है।

# चम्पई को मुख्यमंत्री पद से हटाना दुर्भाग्यपूर्ण : हिमंता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** असम के मुख्यमंत्री एवं झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी डॉ हिमंता विश्वशर्मा ने कहा है कि चम्पई सोरेन को पद से हटाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने अपने एक्स पर पर लिखा कि झारखंड में झामुमो एवं कांग्रेस पार्टी द्वारा एक वरिष्ठ आदिवासी नेता को मुख्यमंत्री पद से हटाया जाना अत्यंत दुखद है। मुझे यकीन है कि झारखंड की जनता इस फैसले की कड़ी निंदा करेगी और इसे दृढ़ता से खारिज करेगी। वहीं, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने अपने एक्स पर लिखा कि चंपई सोरेन जैसे वरिष्ठ नेता के साथ सोरेन परिवार का यह व्यवहार बहुत शर्मनाक और निंदनीय है। अब झारखंड के चुनावों में कुछ महीने ही बचे हैं। लेकिन सोरेन परिवार को सत्ता की ऐसी बेकरारी है कि वे इससे एक दिन भी दूर नहीं रह सकते हैं। वैसे भी सरकार तो जेल से हेमंत सोरेन ही चला रहे थे। लेकिन, जेल से जमानत पर बाहर आते ही फिर से गद्दी पर बैठने के लिये बेकरार हो उठे। पिछ्ले पांच सालों से झारखंड को शर्मशार करने की कोई भी कसर हेमंत सोरेन ने नहीं छोड़ी है।

ज्ञात हो कि सीएम हाउस में बुधवार को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, सत्ता पक्ष के विधायकों और कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर की उपस्थिति में हुई बैठक में हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री बनने पर सहमति बनी। यह भी तय हुआ कि राजभवन जाकर इसकी सूचना आज ही दी जाये। इसके साथ ही, हेमंत सोरेन राज्य में तीसरी बार मुख्यमंत्री पद का दायित्व संभालेंगे।

## मनी लाउड्रिंग के आरोपी इजहार अंसारी की दो सप्ताह बढ़ी हिरासत अवधि

**रांची।** कोल लिंकेज घोटाले से प्राप्त राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद हजारीबाग के चर्चित कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की न्यायिक हिरासत अवधि अदालत ने दो सप्ताह के लिए बढ़ा दी है। इससे पूर्व आरोप को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 15 जुलाई निर्धारित की है। ईडी ने कोयला कारोबारी इजहार अंसारी को 16 जनवरी को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। उस पर जेएसएमडीसी से सब्सिडी पर आवंटित 86 हजार टन कोयले को बाहर की मंडी में अवैध तरीके से बेचकर 70 करोड़ रुपए प्रोसिड ऑफ क्राइम से आय अर्जित करने का आरोप है।

## खबर एक नजर में

### केंद्रीय मंत्री से मिले चंद्रप्रकाश, गिरिडीह में स्टील एवं भारी उद्योग की स्थापना की मांग

**रांची।** गिरिडीह के सांसद चन्द प्रकाश चौधरी ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय इस्पात मंत्री व भारी उद्योग मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी से मुलाकात की। उन्होंने उनसे गिरिडीह लोक सभा में स्टील उद्योग व भारी उद्योग को बढ़ावा मिले, इसको लेकर चर्चा की। साथ ही कहा कि ऐसा होने पर जहां क्षेत्र में विकास हो सकेगा वहीं स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सकेगा। सबसे बड़ी बात की पलायन रूक सकेगा। मिलने आये सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी को केंद्रीय मंत्री ने आश्वस्त किया कि जो बातें हुई हैं इसका सकारात्मक प्रभाव शीघ्र ही जनसाधारण को दिखने लगेगा।

### झारखंड में पलायन रोकने को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम को दें बढ़ावा : चंद्रप्रकाश

**रांची।** गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी से नई दिल्ली में मिलकर उनके साथ झारखंड में लघु व सूक्ष्म उद्योग को बढ़ावा देने और झारखंड में ज्यादा से ज्यादा प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने और रोजगार के अवसर पैदा करने को लेकर चर्चा की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं को झारखंड में गंभीरता और कुशलता के साथ चलाने की जरूरत है। यहां के नौजवानों को रोजगार मिले इसको लेकर व्यावहारिक रूप से ठोस कदम उठाए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि योजनाओं का क्रियान्वयन व्यावहारिक रूप से किया जाना आवश्यक है। विभाग अंतर्गत जितनी भी योजनाएं हैं उसको धरातल पर उतारकर लोगों को व्यापक रूप से जोड़े जाएं।उन्होंने कहा कि ऐसा होने पर ही झारखंड में पलायन को रोका जा सकेगा।

### नयासराय रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण अक्टूबर माह तक पूरा करे सरकार: हाई कोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के निकट स्थित अधूरी पड़ी नयासराय रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण अक्टूबर 2024 तक पूरा करने की कोशिश की जाए, क्योंकि इसका निर्माण 5 वर्ष से जारी है लेकिन अब तक इसे पूरा नहीं किया जा सका है। नयासराय रेलवे ओवर ब्रिज झारखंड हाई कोर्ट एवं रिंग रोड को भी जोड़ता है। झारखंड हाई कोर्ट ने एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को उक्त दिशा–निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 18 जुलाई निर्धारित की है। दरअसल, किरण कुमारी ने हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ओवरब्रिज बनाने का आग्रह किया है। उनका कहना है कि सरिया मेन रोड जहां से रेलवे क्रॉसिंग गुजरता है, वह एक अत्यंत व्यस्त रहता है। जिससे रेलवे फाटक बंद होने पर प्रतिदिन वाहनों का एक लंबा जाम लग जाता है। ऐसे में कुछ लोग रास्ता पार करने का प्रयास करते हैं जिसे दुर्घटना घट जाती है। प्रार्थी ने इस रेलवे ब्रिज को जल्द निर्माण पूरा करने का आग्रह किया है। पूर्व की सुनवाई में प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता गौरांग जाजोदिया ने कोर्ट को बताया था कि हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ओवरब्रिज नहीं होने से कई दुर्घटना घटती है जिससे रेलवे को भारी मुआवजा देना पड़ता है। इससे सरकार को राजस्व की हानि होती है। जिस पर कोर्ट ने मामले में रेलवे एवं राज्य सरकार से जवाब मांगा है मामले की अगली सुनवाई 18 जुलाई को होनी है।

### सरायकेला एसपी हटाये गये, मुकेश बने नये एसपी

**रांची।** राज्य सरकार ने सरायकेला एसपी मनीष टोप्पो को हटा दिया है। उनके स्थान पर जमशेदपुर के सिटी एसपी मुकेश लुनायत को बनाया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गयी है। गौरतलब हो कि लोकसभा में चुनाव से पूर्व मनीष टोप्पो को एसपी बनाया गया था।

## तुष्टिकरण की राजनीति बंद करें राहुल : संजय

**रांची।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को हिंसक बताने वाला बयान पर भाजपा ने पहाड़ी मंदिर प्रांगण में पुतला दहन किया। भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजय कुमार जायसवाल एवं हिंदू संगठन के लोग ने मिलकर पहाड़ी मंदिर प्रांगण में विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिये और उनकी सदस्यता रद्द होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार बहुसख्यक हिंदुओं का अपमानित करते रहते हैं ।

# शिबू परिवार से बाहर का आदिवासी केवल काम चलाऊ : मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि शिबू सोरेन परिवार से बाहर का आदिवासी केवल काम चलाऊ है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को पद पर रहते हुये बार बार अपमानित किया गया। उन्होंने कहा कि झामुमो के नेताओं केलिये यह बड़ा सबक। पार्टी में रहना है तो पालकी ही ढोनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि झामुमो में शिबू सोरेन परिवार से बाहर का आदिवासी केवल काम चलाऊ है। शिबू सोरेन परिवार जब जैसा चाहे उसका उपयोग करेगा और फिर उसे दूध की मक्खी की तरह निकाल फेंकेगा। उन्होंने कहा कि 5 महीना पहले परिवारवाद से ऊपर उठकर मुख्यमंत्री चुनने की बात करने वाले झामुमो का आज फिर असली चेहरा उजागर हो गया। उन्होंने कहा कि यह झामुमो के अन्य आदिवासी नेताओं केलिये यह सबक है। उन्हें अपनी सीमा रेखा समझ लेनी चाहिये उन्हें समझ लेना चाहिये कि वे केवल शिबू सोरेन परिवार की पालकी ढोने केलिये हैं। ऊंची उड़ान भरना उनके नसीब में नहीं है। उन्होंने कहा कि चंपई सोरेन आज राज्य के मुख्यमंत्री हैं। लेकिन पद पर रहते हुये उन्हें बार बार अपमानित किया गया। आज बैठक की अध्यक्षता करने के बावजूद उन्हें किनारे बैठाया गया। इसके पूर्व लोकसभा चुनाव के दौरान रांची में हुई इंडी एलायंस की रैली में भी उन्हें मंच पर किनारे जगह दी गई थी। जबकि परिवार की बहु कल्पना सोरेन बिना कोई पद के भी मंच के बीच में बैठी। यहां तक कि चंपई सोरेन के भाषण के बीच ही मंच पर उपस्थित पार्टी के नेता उठकर जाने लगे थे।

## बांग्लादेशी घुसपैठियों पर हाईकोर्ट का निर्देश स्वागत योग्य : बाबूलाल

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में बड़ी संख्या में अवैध रूप से रह रहे बंगालादेशी घुसपैठियों को बाहर निकालने केलिये राज्य सरकार को निर्देश दिये जाने का स्वागत किया है। यह निर्देश हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को बुधवार को दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा लंबे समय से बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ सदन से सड़क तक आवाज उठा रही है। पूरे प्रदेश में राज्य सरकार की तुष्टिकरण नीति के कारण घुसपैठियों को संरक्षण प्राप्त है। उनके सरकारी दस्तावेज बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्थिति ऐसी भयावह हो चुकी है कि पूरे संथाल परगना की डेमोग्राफी ही बदल गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के संरक्षण में आदिवासी समाज की जमीन पर घुसपैठियों का कब्जा हो रहा है। लव जिहाद के नाम पर बहन बेटियों से शादी कर जमीन लूटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 1951 से 2011 की जनगणना के आंकड़े बताते है कि मुसलमानो की जनसंख्या अप्रत्याशित ढंग से बढ़ी है। आदिवासी समाज की जनसंख्या घट रही है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने इस समस्या के समाधान केलिये जो गंभीरता दिखाई है, उससे राज्य का बड़ा भला होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार न्यायालय के निर्देश के आलोक में अविलंब जिलों से रिपोर्ट मांगे और विधि सम्मत कारवाई सुनि्रित कराये।

## अलकतरा घोटाले के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**रांची।** बहुचर्चित 1.08 करोड़ रुपए के अलकतरा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के मामले में जेल में बंद आरोपी मेसर्स नागराज कंस्ट्रक्शन के संचालक नागवंत पांडे को झटका लगा है। पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका सुनवाई प>ात बुधवार को खारिज कर दी है। याचिका पर सुनवाई के दौरान विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार काका ने जमानत का विरोध करते हुये कहा कि आरोपी के खिलाफ मनी लाउंड्रिंग करने का पुख्ता साक्ष्य है। वहीं, याचिकाकर्ता के वकील ने जमानत देने का अनुरोध किया था। आरोपी ने बीते 21 जून को अदालत में सरेंडर किया था। जहां से उसे बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया गया था। तब से वह जेल में है।

# हाइकोर्ट ने नाबालिग की रेप एवं हत्या मामले में फांसी की सजा को किया निरस्त, अभियुक्त को किया रिहा

### कोर्ट ने कहा–सिर्फ अंतिम बार अभियुक्त और पीड़िता (मृतका ) का एक साथ देखा जाना दोष सिद्धि के लिए काफी नहीं है

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राजमहल में 6 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म कर हत्या के मामले में फांसी की सजा पाए राहत शेख उर्फ कलुआ के मामले में हाई कोर्ट का फैसला आया है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राजमहल के पोक्सो की विशेष अदालत द्वारा अभियुक्त राहत शेख की दोष सिद्धि तथा फांसी की सजा के आदेश को रद्द कर दिया। साथ ही राहत शेख को रिहा कर दिया। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि सिर्फ अंतिम बार अभियुक्त और पीड़िता (मृतका) का एक साथ देखा जाना दोष सिद्धि के लिए काफी नहीं है। इसके अलावा अभियुक्त के इस अपराध में संलिप्तता के संबंध में कुछ और साक्ष्य भी जरूरी है। तीन- चार लोगों ने अभियुक्त को उस बच्ची को ले जाते देखा था। इसके अलावा घटना का समय एवं मृतका का लाश मिलने का समय का उल्लेख नहीं है। अभियुक्त और मृतका के परिवार के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध थे, उसकी उनसे कोई दुश्मनी भी नहीं थी। वह प्रतिदिन बच्ची को घूमने साथ ले जाता था और उसके पास बच्ची की हत्या का कोई उद्देश्य नहीं था। दरअसल, राजमहल के पोक्सो की विशेष अदालत द्वारा राहत शेख को 1 दिसंबर 2022 को दोषी करार दिए जाने एवं 12 दिसंबर 2022 को उसे फांसी की सुनाए जाने की आदेश को कंफर्म करने को लेकर राज्य सरकार की अपील एवं पोक्सो की अदालत के आदेश के खिलाफ प्रार्थी राहत शेख की अपील पर कोर्ट ने फैसला सुनाया है। निचली अदालत में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने अनुसंधानकर्ता समेत 12 गवाहों का परीक्षण कराया गया था। घटना के संबंध में बताया गया है कि 4 मार्च 2015 को राहत शेख उस बच्ची को घूमाने शिमला पोखर मैदान ले गया था। शाम 5:00 बजे वह उसे बच्ची को कंधे में बैठ कर ले गया था। जब रात 7:00 बजे तक बच्ची नहीं लौटी तो उसके मां-बाप ने खोजबीन शुरू की। इस दौरान कुछ लोगों ने बच्ची के मां-बाप को बताया कि राहत शेख बच्ची को कंधे में बैठाकर शिमला पोखर मैदान की ओर ले जाया जाता देखा गया है। बाद में बच्ची के परिजन शिमला पोखर मैदान पहुंचे थे, जहां बच्ची मृत पाई गई थी, उसके कपड़े भी अस्त्र व्यस्त थे। बच्ची के गले में चोट एवं काला निशान था।

## चिकित्सकीय लापरवाही की शिकायत पर तब तक विचार नहीं किया जा सकता, जब तक इसके समर्थन में अन्य डॉक्टर साक्ष्य न दें

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने अपने एक ताजा फैसले में कहा है कि चिकित्सकीय लापरवाही की शिकायत पर तब तक विचार नहीं किया जा सकता, जब तक इसके समर्थन में अन्य डॉक्टर साक्ष्य न दें। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि किसी शिकायत पर तब तक विचार नहीं किया जा सकता, जब तक कि आरोपी डॉक्टर की लापरवाही के समर्थन में किसी अन्य डॉक्टर की विश्वसनीय राय के रूप में प्रथम दृष्टया साक्ष्य प्रस्तुत न किया जाये।

दरअसल धनबाद के डॉक्टर डॉ. सुमन कुमार पाठक के खिलाफ चिकित्सकीय लापरवाही का आरोप लगाते हुए गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। डॉ. सुमन की याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में सुनवाई हुई।

**क्या था मामला :** शिकायतकर्ता ने डॉ सुमन के खिलाफ जो शिकायत दर्ज करवायी थी, उसमें कहा गया था कि डॉक्टरों द्वारा की गयी घोर चिकित्सा लापरवाही के कारण उनके पिता की मृत्यु हो गयी थी। मृतक मरीज को कमजोरी और पेशाब करने में परेशानी की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती किया गया था। अस्पताल ने परिजनों को कुछ दवाइयां खरीदने के लिए कहा और यह भी सुझाव दिया कि मरीज को शुगर है, इसलिए उसे इंसुलिन दिया जाना चाहिए। लेकिन अस्पताल की ओर से उचित देखभाल नहीं किया गया। वर्ष 2011 में द्वारका दास जालान अस्पताल के खिलाफ कांति सिन्हा की मृत्यु के बाद प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी थी।

# झारखंड के उत्तरी भाग में बारिश का येलो अलर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता





**रांची।** झारखंड के उत्तरी भाग समेत राज्य के पश्चिमी बंगाल से सटे इलाकों में अगले 24 घंटों के दौरान कहीं-कहीं भारी बारिश होने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि, पांच जुलाई तक राज्य के सभी जगहों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। इसके बाद मानसून की सक्रियता में कमी आ सकती है। राज्य में पिछले तीन दिनों से अच्छी बारिश होने के कारण खरीफ की खेती अच्छी होने की आस जगी है। जिन जिलों में अच्छी बारिश हुई है, उनमें पलामू, गुमला और सिमडेगा शामिल है। जबकि, 21 जिलों में बारिश की कमी ज्यादा है। बारिश से मौसम ठंडा है। अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री तक नीचे आ गया है। रांची का अधिकतम तापमान 28.2 और न्यूनतम 22.2 डिग्री रहा। वहीं, मेदिनीनगर का अधिकतम 32.0 और जमशेदपुर का तापमान 33.0 रहा।

**दो जिलों में 100 मिमी से अधिक बारिश :** पिछले 24 घंटों के दौरान धनबाद में 111.2 और साहिबगंज में 100 मिमी बारिश हुई। कोडरमा, गोड्डा, सिमडेगा, गिरिडीह, पाकुड़ और महेशपुर में अच्छी बारिश हुई। राज्य के अन्य जिलों में हल्के से मध्यम स्तर की बारिश दर्ज हुई। राज्य में एक जून से अब तक 103.3 मिमी बारिश हुई है, जो कि सामान्य बारिश से 52 फीसदी कम है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि मध्य प्रदेश से लेकर मणिपुर तक कई छोटे निम्न दबाव क्षेत्र (ट्रफ) कायम हैं। इस कारण अगले 24 घंटों के दौरान उत्तरी भागों में कहीं-कहीं भारी बारिश होने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान राज्य के सभी हिस्सों पर मानसून सक्रिय रहेगा।

## खबर एक नजर में

### पासवा के नाम का दुरूपयोग होने पर दर्ज होगा एफआइआर: अलख कुमार

**रांची।** पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) एक रजिस्टर्ड संस्था है इस नाम का दुरुपयोग करने वालो के खिलाफ प्रशासन से शिकायत की जाएगी। पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अलख कुमार एवं पासवा झारखंड के प्रभारी तौफीक हुसैन ने बताया कि हमारी संस्था मान्यता प्राप्त एवं रजिस्टर्ड संस्था है। इस रजिस्टर्ड संस्था के अंतर्गत झारखंड में निजी विद्यालयों के हित और राज्य में संचालित विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों के कल्याण के लिए कार्य किया जाता हैं। इस संबंध में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ने बताया की झारखंड में किसी आलोक कुमार नामक व्यक्ति जो झारखंड के रहने वाले है और उनके सहयोगियों द्वारा हमारी संस्था के नाम का दुरुपयोग किया जा रहा है वे लोग पासवा के नाम से ही हमारी संस्था के नाम का उपयोग कर रहे है जबकि हमारी संस्था पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन झारखंड में भी रजिस्ट्रेशन के अंतर्गत संचालित है। उन्होंने यह भी कहा की इस नाम का उपयोग करने वालों पर शीघ्र ही प्रशासनिक शिकायत की जाएगी। वही पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के प्रभारी तौफीक हुसैन ने राज्य में संचालित निजी विद्यालयों के संचालक,प्राचार्य एवं आमजनों से आग्रह किया कि ऐसी संस्था जो गलत तरीके से संचालित हो रही है उनसे सावधान एवं सतर्क रहे उन्होंने सभी से निवेदन किया कि जब भी कोई व्यक्ति पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के नाम से संपर्क करें तो उस संस्था का डिटेल और रजिस्ट्रेशन से संबंधित दस्तावेज की जरूर मांग करें।

### लैंड स्कैम: कोलकाता रजिस्ट्री ऑफिस के कर्मी संजीत कुमार की जमानत अर्जी पर सुनवाई पूरी

**रांची।** बरियातू के बड़गांई स्थित 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में आरोपी संजीत कुमार की जमानत याचिका पर पीएमएलए की विशेष कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई। पीएमएलए कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रखा है। मामले में कोर्ट 15 जुलाई को अपना फैसला सुनाएगा। 12 जून को संजीत कुमार ने याचिका दायर कर जमानत की गुहार लगाई थी। नौ मई को ईडी ने उसे गिरफ्तार किया था। वह कोलकाता रजिस्ट्री ऑफिस के कर्मी है। 8.86 एकड़ जमीन की फर्जीवाड़ा मामले में ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### मॉबलिंचिंग के मुजरिमो की तत्काल गिरफ्तारी हो : इमारत ए शरीया



**रांची ।** झारखंड राज्य में मॉब लिंचिंग की घटनाओं पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त करते हुए राज्य सरकार का ध्यान दिलाने के लिए इमारत ए शरीया बिहार, उड़ीसा और झारखंड के जनरल सेक्रेटरी मौलाना मोहम्मद शिबली काशमी ,मुफ्ती अनवर कासमी काजी इमारत शरिया रांची, कारी अंसारुल्लाह इमाम मदीना मस्जिद रांची, हारून रशीद लीगल टीम ने बुधवार को इमारत ए शरीया में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि 30 जून 2024 को मौलाना शहाबुद्दीन थाना जयनगर,जिला कोडरमा के निवासी मौलाना शहाबुद्दीन,बसरावो गांव थाना बरकळा, जिला हजारीबाग के मस्जिद के इमाम थे। नमाज एवं बच्चों को पढ़ाकर अपने घर दोपहिया वाहन से लौट रहे थे, कि इसी दौरान ग्राम कटिया में उनके दो पहिया वाहन से एक महिला को हल्का सा टच हो जाने का बहाना बनाकर कुछ लोग जो अल्पसंख्यक समुदाय से नफरत करते हैं, झुंड बनाकर उन पर घातक हथियारों से हमला कर उनकी मोब्लिचिंग कर हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि झारखंड में आए दिन अलग-अलग जगह में लगातार मॉब लिंचिंग की घटना घट रही है। जनरल सेक्रेटरी मौलाना मोहम्मद शिवली काशमी ने कहा कि इस घटना की तुरंत मामला दर्ज कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाए। इमारत ए शरिया बिहार, उड़ीसा और झारखंड की एक टीम घटनास्थल और पीड़ित परिवार के गांव गई और मॉबलिंचिंग से परिवार को आर्थिक सहायता के रूप में 50000 का चेक दिया साथ ही उन्होंने वादा किया कि उनके बच्चों की पढ़ाई की कोई समस्या इमारत से शरिया होने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि शहीद इमाम शहाबुद्दीन के परिवार को अधिकतम आर्थिक सहायता राशि झारखंड सरकार दे, और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए।

### नौकरी दिलाने के नाम पर दुष्कर्म के दोषी को दस वर्ष कैद की सजा

**रांची।** नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवती को जबरदस्ती घर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में दोषी लोअर बाजार थाना क्षेत्र के पथलकुदवा निवासी मोण इमरान को अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने 10 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, उस पर जुर्माना भी लगाया गया है। अदालत ने 28 जून को दोषी पाया था। अभियुक्त ने सुखदेवनगर थाना क्षेत्र की रहनेवाली एक युवती को नौकरी लगाने का झांसा देकर अपने साथ घर ले गया और जबरदस्ती की थी। इसी घटना को लेकर पीड़िता ने सुखदेवनगर थाना में 16 सितंबर 2016 को नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले में एपीपी सिद्धार्थ सिंह ने अदालत के समक्ष ठोस गवाही कराई थी।

### केंद्र और राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा की निगरानी का जिम्मा पुलिस महानिरीक्षक अभियान को

**रांची।** झारखंड में आयोजित केंद्र स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं को शांतिपूर्ण तरीके से संचालित करने हेतु एंव विधि-व्यवस्था पर निगरानी रखने के लिए पुलिस मुख्यालय की ओर से पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) को राज्य नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। बता दें कि नोडल पदाधिकारी के द्वारा राज्य भर में होने वाले केंद्र एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं पर विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए निगरानी की जाएगी। पुलिस मुख्यालय की ओर से नोडल पदाधिकारी की नियुक्त को लेकर प्रधान सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड, रांची को सूचित कर दिया गया है।

### एसजीएफआई नेशनल के लिए झारखंड को मिली 4 खेलों की मेजबानी

**रांची।** राष्ट्रीय स्कूली खेल 2024-25 (एस जी एफ आई) के लिए झारखंड को 4 खेलों की मेजबानी मिली है। इसकी सूचना एस जी एफ आई ने पत्र के माध्यम से दी है। झारखंड को एथलेटिक्स अंडर 14 एवं 19 बालक-बालिका, साइक्लिंग के सभी ट्रैक इवेंट, हॉकी अंडर 19 बालक-बालिका एवं टेनिस अंडर 19 बालक-बालिका के राष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी मिली है। राज्य परियोजना निदेशक श्री आदित्य रंजन (भ.प्र.से.) ने बताया कि सभी चारों खेलों का आयोजन स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार की मेजबानी में रांची में आयोजित की जाएगी।

### झारखंड छात्र परिषद ने पौधरोपण का लिया निर्णय

**रांची।** बुधवार को झारखंड छात्र परिषद के तत्वावधान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवाहन पर मां के नाम एक पौधा कार्यक्रम के तहत राजधानी के विभिन्न क्षेत्रो में 101 वृक्षों का रोपण करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से झारखंड छात्र परिषद के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा उपस्थित थे। पौधारोपण कार्यक्रम की शुरूआत राजधानी स्थित स्वामी विवेकानंद सरोवर से राजीव रंजन मिश्रा के द्वारा की गई। श्री मिश्रा ने सभी राजधानीवासियो से मां के नाम एक वृक्ष लगाने का आवाहन किया एवं उस वृक्ष को बचाने की भी अपील की ।

# ज्वेलर्स लूटकांड में अपराधियों की बाइक जब्त, एसआइटी कर रही है 3 राज्य में छापेमारी

## लूटकांड में की जांच में बनीं चार टीमें, जेल में बंद अपराधियों से पूछताछ

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पांच दिन पूर्व बिरसा चौक स्थित डीपी ज्वेलर्स में एक करोड़ 40 लाख रूपये लूटकांड व दुकानदार को गोली मारकर जख्मी करने के मामले में रांची पुलिस के द्वारा गठित एसआइटी टीम के द्वारा तीन राज्यों में छापेमारी की जा रही है। रांची पुलिस की एक टीम बिहार, एक टीम पश्चिम बंगाल, एक टीम ओड़िशा में छापेमारी कर रही है। पुलिस ने लूटकांड में प्रयुक्त जिस बाइक को जब्त किया है, उसका रजिस्ट्रेशन नंबर पश्चिम बंगाल का है। पुलिस ने इस मामले में आधा दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है। हिरासत में लिये गये लोगों से सिटी एसपी राजकुमार मेहता के द्वारा अलग-अलग स्थानों में पूछताछ की जा रही है।

गौरतलब हो कि जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के बिरसा चौक स्थित डीपी ज्वेलर्स में बीते 28 जून को हथियार के बल पर हुई लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया था। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर रांची पुलिस की टीम बिहार और ओडिशा में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस को लूटपाट की घटना में शामिल अपराधियों के बारे में कई अहम जानकारी भी मिली है, जिसके आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। वहीं पुलिस की टीम ने शक के आधार पर छह लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस की जांच में पता चला है कि अपराधी जो बाइक छोड़ फरार हुए थे, उस बाइक का नंबर हावड़ा के एक व्यक्ति के नाम पर रजिस्टर्ड है। पुलिस की टीम उस व्यक्ति के बारे में जानकारी जुटा रही है।

लुटेरों ने लूटपाट की घटना को अंजाम देने के बाद एक बाइक को एयरपोर्ट रोड में छोड़ दिया था। जिसके बाद लुटेरे दूसरी बाइक से फरार हो गए। पुलिस को आशंका है कि जब्त की गई बाइक चोरी की है। लुटेरों ने बाइक चोरी करने के बाद डीपी ज्वेलर्स में लूटपाट की घटना को अंजाम दिया।

### क्या है मामला

डीपी ज्वेलर्स में 28 जून को दोपहर 3.30 बजे चार अपराधी हथियार के बल पर 1.50 करोड़ के जेवरात लूटकर फरार हो गए थे। इस मामले में संचालक ओम वर्मा के बयान पर जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। संचालक ने बताया कि सुबह में उनके कर्मी मुन्ना कुमार और रॉबर्ट सांगा ने दुकान खोली, वह दोपहर ढाई बजे पहुंचे थे। साढ़े तीन बजे अपने एक मित्र से बात कर रहे थे, तभी हेलमेट लगाए चार लोग पिस्टल लिए घुस आए। दो अपराधियों ने पिस्टल सटाकर उनसे तिजोरी खुलवाई और जेवर को बैग में भर लिया। इसी बीच एक अपराधी ने गोली चला दी,जिसमें वे घायल हो गए। अन्य दो अपराधियों ने भी दुकान में रखे जेवरात को बैग में भर लिया और फरार हो गए।

## भुखमरी की स्थिति में वेतन भुगतान जल्द करे एचईसी प्रबंधन : रमाशंकर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** एचईसी मजदूर संघ की बैठक सीडी 241 सेक्टर 3 में बुधवार को किया गया । यह बैठक सुनील कुमार की अध्यक्षता में की गई । बैठक में एच.ई.सी के ज्वलंत बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई भारतीय मजदूर संघ के झारखंड प्रदेश के संगठन मंत्री बृजेश कुमार ने कहा कि एच.ई.सी के विषय को लेकर केंद्र के नव निर्मित सरकार में भारी उद्योग मंत्री से बैठक कर एच.ई.सी के सभी विषयों को रखा जाएगा और जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा और संघ के महामंत्री रमा शंकर प्रसाद ने प्रबंधन को कहा कि मजदूरों की स्थिति दिन प्रतिदिन दयनीय होती जा रही है। इसलिए प्रबंधन अभिलंब एच.ई.सी कर्मियों का वेतन भुगतान करें । इस विकट परिस्थिति में प्रबंधन कर्मियों के हित में फैसला लेंते हुए 2018 बैच का प्रमोशन की प्रक्रिया में तेजी लाए और सप्लाई कर्मियों को प्लांट के अंदर जल्द से जल्द ले जाने पर बात करें । प्लांट में उत्पादन के लिए मजदूर तत्पर है प्रबंधन उत्पादन को लेकर गंभीरता से काम करें। एच.ई. सी के मुद्दों पर इस बैठक में मुख्य रूप से भा.म.स. के प्रदेश संगठन मंत्री बृजेश कुमार, महामंत्री रमाशंकर प्रसाद, सुनील कुमार, विकास तिवारी, रविकांत, मनोज कुमार, सरोज कुमार, संजय कुमार, नरेश राम, बसंत पल्लाई, सुनील कुमार, एम पच्चाई मुथू, लक्ष्मण राम, के साथ-साथ अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# शहर के सात इलाकों में 60 दिनों के लिए निषेधाज्ञा लागू

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जिला प्रशासन ने शहर के सात इलाकों में 60 दिनों तक निषेधाज्ञा (धारा-144) लागू किया है। यह तत्काल प्रभाव से आठ अगस्त तक लागू रहेगी। इस संबंध में सदर अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार ने बुधवार को आदेश जारी कर दिया है। प्रशासन ने इस इलाके में 10 जून को जारी निषेधाज्ञा के आदेश को रद्द भी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि कुछ राजनीतिक दलों और संगठनों की ओर से जुलूस, धरना-प्रदर्शन करने की सूचना प्रशासन को मिली है। हाल के दिनों में ऐसे कार्यक्रम जाकिर हुसैन पार्क के बदले राजभवन और कांके रोड स्थित सीएम आवास के पास भी किए गए हैं। इससे सरकारी काम में बाधा होती है और यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होता है। इसे देखते हुए धारा-144 लागू की गयी है। इस दौरान उक्त इलाकों में पांच या पांच से अधिक लोगों के जमा होने, बिना पूर्व अनुमति की सभा, धरना-प्रदर्शन और जुलूस निकालने पर रोक रहेगी। किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र लेकर चलने, बिना अनुमति ध्वनि विस्तारक यंत्र के इस्तेमाल करने पर रोक लगा दी गयी है।

**इन स्थानों पर लागू की गयी धारा-144**

- मोरहाबादी स्थित सीएम आवास के 100 मीटर को दायरे में
- पुराना सीएम आवास मोरहाबादी की चहारदीवारी से 100 मीटर के दायरे में
- राजभवन की चहारदीवारी से 100 मीटर की दायरे में (जाकिर हुसैन पार्क को छोड़)
- झारखंड हाईकोर्ट के 100 मीटर के दायरे में
- नेपाल हाउस डोरंडा के 100 मीटर के दायरे में
- प्रोजेक्ट भवन एचईसी धुर्वा के 200 मीटर के दायरे में
- नए विधानसभा की चहारदीवारी के 500 मीटर के दायरे में

# शिलान्यास के चार साल बाद भी नहीं बनी मोहल्ले की सड़क

खबर मन्त्र संवाददाता



**हटिया/रांची।** हटिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर निगम वार्ड संख्या 51 इलाके में कल्याणपुर (सिंह मोड़) रोड नंबर-2 के निवासी पक्की सड़क के लिए पिछले चार वर्षों से गुहार लगा रहे हैं। लेकिन उनकी गुहार जनप्रतिनिधि नहीं सुन रहे हैं। इस संदर्भ में मोहल्ले वासियों ने बताया कि पक्की सड़क बनाने के लिए उन लोगों के अनुरोध पर लगभग चार वर्ष पूर्व (18 जनवरी,2020 को) तत्कालीन मेयर आशा लकड़ा द्वारा उक्त मुहल्ले में पीसीसी पथ निर्माण के लिए शिलान्यास किया गया। उक्त कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद सविता लिंडा भी मौजूद थीं। शिलान्यास के बाद मोहल्ले वासियों द्वारा सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ करने के लिए संबंधित अधिकारियों से लगातार संपर्क किया जाता रहा, बावजूद इसके इस दिशा में कोई प्रगति नहीं हुई। इस बीच समय-समय पर मोहल्ले वासियों द्वारा स्थानीय पार्षद व विधायक से संपर्क साधा गया, लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिलता रहा। कोई प्रगति नहीं हुई। सड़क निर्माण के लिए मोहल्ले वासियों द्वारा लगातार दबाव बनाए जाते रहने के बाद हटिया के विधायक नवीन जायसवाल ने 28 दिसंबर 2022 को रांची नगर निगम के आयुक्त को पत्र प्रेषित कर जनहित के दृष्टिकोण से उक्त सड़क को महत्वपूर्ण बताते हुए सड़क निर्माण योजना की स्वीकृति देने का अनुरोध किया। इसके बाद 31 दिसंबर 2022 को रांची नगर निगम द्वारा उक्त सड़क निर्माण की निविदा भी समाचार पत्र में प्रकाशित की गई। सड़क निर्माण की लागत नौ लाख साठ हजार 27 रुपए निर्धारित करते हुए 70 दिनों के अंदर सड़क निर्माण का कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद अब तक स्थिति यथावत है। विदित हो कि इस मोहल्ले में पंजाब एंड सिंध बैंक अवस्थित है। वहीं,मोहल्ले में लगभग 200 आवास हैं। खास करके बरसात के मौसम में इस सड़क पर लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल है। मुहल्लेवासियों ने इस संबंध में एक बार फिर स्थानीय विधायक और पार्षद से संपर्क कर यथाशीघ्र पीसीसी सड़क निर्माण करने की मांग की है।

### श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ रवाना

**रांची।** रांची से को बुधवार को भोले की फौज संस्था से जुड़े श्रद्धालुओं का जत्था जम्मू कश्मीर में बाबा अमरनाथ की यात्रा पर निकाला। बुधवार को रांची पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार के समीप जयकारे और पहाड़ी मंदिर के पुजारी द्वारा वैदिक मंत्रोचार के बीच श्रद्धालुओं के जत्थे को विदा किया गया। इसके बाद सभी रांची रेलवे स्टेशन पहुंचे। यहां से ट्रेन से शिव भक्त पहले दिल्ली और फिर जम्मू पहुंचेंगे। कश्मीर में पवित्र गुफा में हिम शिवलिग का दर्शन करने के बाद माता वैष्णो देवी के दरबार में हाजिरी लगाकर सभी के लिए मंगल कामना करेंगें। सभी भक्तों का पूर्व से अमरनाथ यात्रा का श्राइन बोर्ड से पंजीयन हो चुका है।

## संजय सेठ ने एनसीसी गर्ल और बॉय कैडेटों की सफल अभियान टीम को दिखायी झंडी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बुधवार को दिल्ली में आयोजित एक समारोह में माउंट कांग यात्से.द्वितीय के लिये एनसीसी गर्ल और बॉय कैडेटों की विजयी अभियान टीम को हरी झंडी दिखाई। रक्षा राज्य मंत्री इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिकूल मौसम जैसी कई बाधाओं का सामना करने के बावजूद उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने के लिये कैडेटों की सराहना की। इस तरह के अभियान से कैडेटों में नेतृत्व, लचीलापन और टीम वर्क के मूल्यों को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कैडेटों से 2022 में एनसीसी रैली में प्रधान मंत्री के संबोधन से सीख लेने का आह्वान किया जब उन्होंने कहा था कि एनसीसी द्वारा दिये गये प्रशिक्षण के कारण ही वह राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी को पूरा करने में सक्षम हैं। एनसीसी पर्वतारोहण अभियान दल में 27 लड़की और लड़के कैडेट, 05 अधिकारी और 17 स्थायी प्रशिक्षक कर्मचारी शामिल थे। जिन्होंने 21 जून, 2024 को माउंट कांग यात्से.द्वितीय, 6250 मीटर पर अभियान सफलतापूर्वक पूरा किया। कैडेटों ने उच्च ऊंचाई के प्रतिकूल प्रभावों को प्रबंधित किया कठोर प्रशिक्षण, अनुकूलन और चिकित्सा सहायता। बर्फ से लदी चोटी पर चढ़ने के दौरान कैडेटों को प्रतिकूल मौसम की स्थिति, भारी बर्फबारी, तेज हवाओं और कम तापमान का सामना करना पड़ा। इसे उन्होंने पूरी दृढ़ता, समर्पण और साहस के साथ पार कर लिया।

# रात में शराब पीकर सड़क पर निकले तो देना होगा जुर्माना

### एसएसपी के निर्देश पर रांची में चला ड्रंक एंड ड्राइव व एन्टी क्राइम चेकिंग अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** यदि आप रात में शराब पीकर बाइक और गाड़ी चला रहे हैं तो सावधान हो जायें। रांची पुलिस न सिर्फ आपकी जांच करेगी, बल्कि बाइक और गाड़ी भी जब्त करेगी। दो जुलाई की रात से एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर रांची में ड्रंक एंड ड्राइव और एन्टी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान एडीजी अभियान संजय लाटेकर के राज्य में शराब पीकर गाड़ी चलाने और रोड एक्सीडेंट में हुई मौत को लेकर चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकना, नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और अपराधियों पर लगाम कसना है।

**विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी की गई :** इस अभियान के तहत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी की गई और संदिग्ध वाहनों की जांच की गई। चेकिंग के दौरान ड्रंक एंड ड्राइव के मामलों पर विशेष ध्यान दिया गया। ब्रेथ एनालाइजर से चेक किया गया, शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। साथ ही विभिन्न यातायात नियमों के उल्लंघन पर भी कठोर कदम उठाए गए। पुलिस ने कई संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की। इस चेकिंग अभियान का उद्देश्य केवल यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना ही नहीं, बल्कि आपराधिक गतिविधियों पर भी रोक लगाना है।

**एसएसपी ने सभी पुलिसकर्मियों की सराहना की :** एसएसपी ने सभी पुलिसकर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और नागरिकों की सुरक्षा के लिए पुलिस सदैव तत्पर रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे अभियानों से न केवल सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी, बल्कि अपराध दर में भी गिरावट आएगी।

# मुक्यमंत्री की कुर्सी पर 153 दिन ही काबिज रहे कोल्हान टाईगर

सुधीर

**रांची।** कोल्हान टाईगर यानि चंपई सोरन की सरकार महज 153 दिन ही सीएम की कुर्सी पर काबिज रह सकी। बुधवार की देर शाम करीब 5 माह एक दिन सीएम रहने के बाद झारखंड की सत्ता से विदाई हो गयी। वहीं, जेल से बाहर आये पूर्व सीएम हेमंत को ताजपोशी की तैयारी शुरू हो गयी है। सत्ता के गलियारे में इस बात की चर्चा जोरों पर है कि विधान सभा चुनाव में बामुश्किल पांच महीने बाकी है। ऐसे में झामुमो को यह फैसला क्यों करना पड़ा? क्या वह सीएम चंपाई के नेतृत्व में विधान सभा चुनाव में नहीं जा सकती थी? यह सवाल झारखंड के सियासी

## तीन किरदारों के कारण चली गयी कुर्सी

गलियारों में गहराने लगा है। वहीं चर्चा इस बात की भी हो रही है कि टाईगर की कुर्सी छोड़ने के पीछे तीन किरदारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इन्हीं तीन किरदारों के कारण सीएम चंपाई को आखिरकार अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी।

**मीडिया सलाहकार और बेटे के कारण गयी सत्ता :** चंपई सोरेन सरकार को सत्ता से बाहर जाने की पीछे तीन कारण बताये जा रहे हैं। इसमें पहला किरदार सीएम चंपाई के मीडिया सलाहकार धर्मेन्द्र गोस्वामी को बताया जा रहा है। सत्ता के गलियारे में यह दावा किया जा रहा है कि झारखंड में अधिकारियों को किये जा रहे तबादले में उनकी काफी चल रही थी। तबादले में जिस तरह नियमों की धज्जियां उड़ रही थी, उसमें धर्मेन्द्र गोस्वामी की महत्वपूर्ण भूमिका थी। वहीं दूसरे किरदार के रूप में उनके दोनों पुत्रों को बताया जा रहा है। सीएम की कुर्सी पर काबिज होते ही उनके दोनों बेटे काफी सक्रिय हो गये थे और ट्रांसफर पोस्टिंग से लेकर बालू के कारोबार में भी हाथ-पांव मारने लगे थे। विधायकों ने इसकी शिकायत हेमंत सोरेने से करनी शुरू कर दी थी। तीसरे किरदार के रूप में समीर मोहंती रहे हैं। उन्होंने भी पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से चंपई सोरेन की कमजोरियों को साझा किया था। तब हेमंत सोरेन जेल में थे। उनके जेल से बाहर आाने के बाद एक बार फिर से यही शिकायतें हेमंत सोरेन के सामने आयी। इन आरोपों के बावजूद चंपाई की नियत पर कभी कोई सवाल खड़ा नहीं हुआ। हां, यह जरूर बताया गया कि सीएम चंपाई की सरलता अधिकारियों पर लगाम लगाने में नाकाफी है। वह चाह कर भी बेटे की महात्वाकांक्षा पर नियंत्रण नहीं पा रहे हैं। इसके बाद ही झारखंड में ऑपरेशन चंपाई की शुरूआत की गयी।

## अग्रवाल सभा ने जनसेवा एवं सामाजिक कार्यों बनायी अलग पहचान : ललित पोद्दार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अग्रवाल सभा द्वारा महाराजा अग्रसेन भवन मे उद्घाटन समारोह कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। अग्रवाल सभा द्वारा संचालित महाराजा अग्रसेन भवन के आधार तल्ले का नवीकरण करवाया गया, जिसमें हॉल, लाइब्रेरी एवं कमरे का नवीकरण एवं आधुनिकतम बनाया गया। जिसका उद्घाटन रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सह अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार ने फीता काटकर एवं श्रीफल फोड़ कर किया। उन्होंने कहा कि अग्रवाल सभा जनसेवा एवं सामाजिक कार्यों मे उत्कृष्ट पहचान बनायी है। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने कहा कि महाराजा अग्रसेन भवन को आधुनिकरण हेतु निरंतर प्रयत्नशील है। इसी क्रम में आधार तल्ले को नवीकरण पूर्ण सुविधायुक्त बनाया गया है। तथा अग्रवाल सभा द्वारा कई जन उपयोगी कार्य कराए जा रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता नंदकिशोर पाटोदिया ने की, संचालन- मंत्री मनोज चौधरी ने तथा धन्यवाद- ज्ञापन पूर्व अध्यक्ष पवन कुमार पोद्दार ने किया। कार्यक्रम में सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया। अग्रवाल सभा के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि इस अवसर पर भागचंद पोद्दार, राजकुमार केडिया, सौरभ बजाज, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### हाथरस सत्संग में हुए घटना के दोषी

## नारायण साकार उर्फ भोले बाबा की तुरंत गिरफ्तारी हो : नायक



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हाथरस में हुए दर्दनाक हादसे में अब तक 121 लोगों की मौत की पुष्टि होने पर संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विजय शंकर नायक ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हूए इस मर्माहत अफसोस जनक घटना के दोषी नारायण साकार उर्फ भोले बाबा की एवं नारायणी सेना के सदस्यो की तुरंत गिरफ्तारी हो और प्रति मृतक परिवार के लोगों को दस लाख एवं घायलों को पांच लाख मुआवजा दे तथा हाथरस के उपायुक्त, एसडीएम को मुअतल करे योगी सरकार। उन्होंने आगे कहा कि बिना किसी व्यवस्था के सत्संग में दो लाख लोगों का जमावड़ा होना और इस कार्यक्रम को अनुमति देने के दोषी हाथरस के जिला अधिकारी है और किसी भी हाल में हाथरस के जिला अधिकारी और हाथरस के एसडीएम को बखसा जाना चाहिए।

# 150 महिला पुलिस अधिकारियों की फॉरेंसिक में होगी तैनाती

### झारखंड पुलिस ने की फॉरेंसिक प्रोटोकॉल में हुनरमंद टीम तैयार, एक सप्ताह के भीतर थानों में होगी तैनाती

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले यौन अपराध की वैज्ञानिक जांच और आरोपियों को सजा दिलाने के लिए फॉरेंसिक प्रोटोकॉल से हुनरमंद महिला पुलिसकर्मियों की टीम तैयार किया गया है। डीजीपी अजय कुमार सिंह ने एक सप्ताह के भीतर सभी थानों में ट्रेंड महिला पुलिसकर्मियों के तैनाती के निर्देश दिया है।

**सीआईडी में हुई है ट्रेनिंग, एक सप्ताह में होगी पोस्टिंग :** डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बताया लोकसभा चुनाव की वजह से ट्रेंड महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती थानों में नहीं हो पाई थी। अब एक सप्ताह के भीतर सभी महिला पुलिसकर्मियों की पोस्टिंग के निर्देश दिए गए हैं। झारखंड सीआईडी के द्वारा विशेष रूप से ट्रेंड की गई टीम को महिलाओं के साथ होने वाले सभी अपराधों में जांच की भूमिका निभानी होगी।टीम को फोरेंसिक प्रोटोकॉल में माहिर बनाया गया है, ताकि साक्ष्य के अभाव में कोई भी आरोपी सजा से बच न सके।

**कई बार साक्ष्य के अभाव में बरी हो जाते थे आरोपी :** महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले यौन अपराध मामले में अदालत से कई बार आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी हो जाते हैं. इसकी पीछे सबसे बड़ी वजह होती है साइंटिफिक एविडेंस का न होना। यही वजह है कि झारखंड सीआईडी की मदद से झारखंड पुलिस में स्पेशल टीम बनाई गई है। खास बात यह है कि इस टीम में सभी महिला पुलिसकर्मी हैं, 150 की संख्या में महिला पुलिसकर्मियों का चयन किया गया। सभी को पहले अनुसंधान में दक्ष किया गया और अब उनकी पोस्टिंग राज्य के अलग-अलग जिलों में की जा रही है।

**343 महिला पुलिसकर्मियों में हुआ 150 का चयन :** यौन अपराध से जुड़े मामलों की जांच के लिए जो टीम बनाई गई है उसमें चयनित महिला पुलिस कर्मियों को कड़ी प्रतियोगिता से भी गुजरनी पड़ी है। दरअसल, 343 महिला पुलिस कर्मियों ने इस टीम का हिस्सा बनने को लेकर फार्म भरा था, लेकिन इन 343 महिला कर्मियों में से महज 150 का चयन टीम में हुआ है। महिला पुलिस कर्मियों को 04 तरह की ट्रेनिंग दी गई है, जिसमें कानून, मनोविज्ञान मेडिकल और फोरेंसिक की ट्रेनिंग शामिल है।

### यौन अपराधों को सामने लाना बड़ी जिम्मेवारी

अक्सर यह देखा गया है कि दुष्कर्म या फिर यौन शोषण की शिकार नाबालिग या दूसरी महिला पुलिस के सामने खुलकर कुछ बात नहीं पाती हैं। जिसकी वजह से कई बार तो बलात्कार जैसे जघन्य कांड सामने भी नहीं आ पाते हैं। स्पेशल टीम में शामिल महिला पुलिसकर्मी ऐसे में यौन हिंसा की शिकार हुई नाबालिग और महिलाओं की काउंसलिंग भी करेंगी और उनसे हर पहलू पर बात करेंगी, ताकि हर तरह की सच्चाई सामने आ सके।

**स्पेशल टीम को उपलब्ध कराई गई किट :** स्पेशल टीम में शामिल महिला पुलिसकर्मियों को कई तरह की किट भी सीआईडी के द्वारा उपलब्ध करवायी गई है जो फॉरेंसिक जांच में काम आएगी। किट के इस्तेमाल को लेकर भी विशेष ट्रेनिंग दी गई है।

**बड़ी जिम्मेवारी रहेगी महिला पुलिसकर्मियों पर :** टीम का हिस्सा बनने वाली स्पेशल पुलिसकर्मियों के कंधों पर सेक्सुअल ऑफेंस से जुड़ी हुई साक्ष्यों का संकलन करना और जांच में सहयोग करने का भी जिम्मा दिया गया है। इनकी ट्रेनिंग भी विशेष है, ट्रेनिंग के लिए रिनपास के मनोवैज्ञानिकों के साथ-साथ मेडिकल के लिए सदर अस्पताल के डॉक्टरों को भी जोड़ा गया है। कानून के जानकारों और फॉरेंसिक एक्सपर्ट ने इस टीम को विशेष रूप से ट्रेंड किया है। टीम का हिस्सा बननेवाली महिला पुलिसकर्मियों का बैकग्राउंड शिक्षा के लिहाज से काफी अच्छा है और उन्हें टेक्निकल जानकारियां भी हैं।

**खबर एक नजर में**

## लायंस ग्लोबल द्वारा जूट और कपड़े के थैले का वितरण किया गया

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के अवसर पर आज लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल ने बुधवार को शहरवासियों के बीच जूट के थैलों का वितरण किया गया। क्लब के प्रेसिडेंट अमित शर्मा ने लोगों से प्लास्टिक कैरी बैग का इस्तेमाल नहीं करने की अपील की और कहा कि प्लास्टिक की थैलियां किराने की खरीदारी में सुविधा के तौर पर देखी जा सकती हैं, लेकिन ये पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती हैं। क्लब के चार्टर प्रेसिडेंट शैलेष अग्रवाल ने कहा कि प्लास्टिक से तात्कालिक जीवन आसान होता है।

## झारखंड के नये खेल निदेशक संदीप कुमार ने संभाला पद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के नये खेल निदेशक संदीप कुमार ने बुधवार को अपना पद संभील लिया है। पूर्व खेल निदेशक सुशांत गौरव ने बुके देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद सुशांत गौरव ने संदीप कुमार को मोरहाबादी के बिरसा फुटबॉल स्टेडियम में स्थित खेल निदेशालय परिसर का भ्रमण भी कराया। मौके पर उप निदेशक खेल मनीष कुमार, साझा के संयुक्त निदेशक राज किशोर खाखा समेत विभाग के सभी पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यभार संभालने के बाद खेल निदेशक संदीप कुमार ने कहा कि स्पोर्ट्स के क्षेत्र में सरकार ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। इस पर वह खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को आगे बढ़ाने का प्रयास करना है। उन्हें निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का प्रयास करेंगे।

## ओलम्पियाड के विजेताओं को दिये गये सर्टिफिकेट ऑफ जोनल एक्सिलेंस सर्टिफिकेट



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातु में प्राचार्य डॉ. तापस घोष द्वारा सत्र 2023-2024 के लिए साइंस ओलम्पियाड फाउंडेशन के द्वितीय स्तरीय ओलम्पियाड के विजेताओं को सर्टिफिकेट ऑफ जोनल एक्सिलेंस के प्रमाण पत्र दिए गए। कुल सात विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट ऑफ जोनल एक्सिलेंस और सत्रह विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट प्रदान किया गया।

9वीं कक्षा के सौबीर घोष को गणित और विज्ञान के लिए सर्टिफिकेट ऑफ जोनल एक्सिलेंस के साथ दोनों विषयों के लिए पॉंच सौ रुपए का गिफ़्ट कार्ड भी मिला।

## 26-27 जुलाई को होटवार में झारखंड राज्य जूनियर और सब जूनियर तैराकी चैंपियनशिप...

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड स्वीमिंग एसोसिएशन के द्वारा 14वीं झारखंड राज्य जूनियर और सब जूनियर तैराकी चैंपियनशिप 2024 का आयोजन रांची में किया जाएगा। रांची जिला तैराकी संघ की देख रेख में 26-27 जुलाई को इसका आयोजन वीर बुधू भगत एक्वेटिक स्टेडियम, खेलगांव (होटवार, रांची) में होना है। रांची जिला तैराकी संघ के महासचिव उपेंद्र कुमार तिवारी के मुताबिक इस चैंपियनशिप के लिए रांची जिला की टीम तैयार की जाएगी। 7 जुलाई को सुबह 8:30 बजे से खेलगांव के एक्वेटिक स्टेडियम में इसका ट्रायल होगा। समूह 1-2 में ऐसे कैंडिडेट भाग लेंगे जिनका जन्म वर्ष 2007 से 2012 के बीच का हो। समूह 3-4 में 13 से 16 आयु वर्ग के कैंडिडेट शामिल होंगे। रांची जिले के ऐसे प्लेयर्स जो तैराकी में इच्छा रखते हों, ट्रायल में जन्म प्रमाणपत्र, आधार कार्ड के साथ भाग ले सकते हैं।

## राष्ट्र निर्माण के इस आंदोलन का मुख्य उद्देश्य शिक्षा और मानव का विकास है : डॉ श्रीवास्तव

### इक्फाई विवि में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास का स्थापना दिवस मना



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड में बुधवार को शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सरला बिरला विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) विजय कुमार सिंह उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि न्यास शिक्षा बचाओ आंदोलन समिति की पहल के साथ मिलकर काम करता है। इस न्यास का घोषित लक्ष्य मौजूदा शिक्षा प्रणाली के लिए एक वैकल्पिक प्रणाली की स्थापना करना है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यह संस्था शिक्षा के पाठ्यक्रम, प्रणाली, पद्धति और नीति में बदलाव और शिक्षा का भारतीयकरण करना आवश्यक मानती है।

इसके लिए शिक्षाविदों को आगे आकर अपना योगदान देना चाहिए। इस समारोह के मुख्य अतिथि कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद के पूर्व कुलपति प्रो. (डॉ.) अंजनी श्रीवास्तव थे।

उन्होंने चरित्र निर्माण, वैदिक गणित के महत्व और स्वायत्त शिक्षा प्रणाली और न्यास के अन्य 16 क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया। राष्ट्र निर्माण के इस आंदोलन का मुख्य उद्देश्य शिक्षा और मानव का विकास है। इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड के कुलपति और न्यास के क्षेत्र के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) रमन कुमार झा ने रोजगार क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान प्रणाली और जीवन कौशल से संबंधित पाठ्यक्रमों को शामिल करने पर जोर दिया। इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान के सेवानिवृत्त प्रोफेसर प्रो. (डॉ.) हरिओम पांडे, डॉ. सुनील कुमार झा, डॉ. धर्मराज कुमार और शहर भर के अन्य वरिष्ठ और शिक्षाविद मौजूद थे।

## द इंटरनेशनल लाइब्रेरी एंड कल्चरल सेंटर में इंटर स्कूल मार्केटिंग स्किल्स प्रतियोगिता



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** द इंटरनेशनल लाइब्रेरी एंड कल्चरल सेंटर में बुधवार को कक्षा 9वीं-12वीं के लिए इंटर स्कूल मार्केटिंग स्किल्स प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें प्रत्येक टीम में शामिल दो सदस्यों को एक उत्पाद के लिए एक विज्ञापन बनाना था, जो उन्हें मौके पर ही दिया गया था। उन्हें साबुन और टूथपेस्ट जैसे नियमित रोजमर्रा के उत्पादों, उनके स्कूल, उनके शहर आदि के लिए विपणन अभियान बनाना था। उन्हें लक्ष्य बाजार के लिए रचनात्मकता, प्रस्तुति, उपयुक्तता और प्रभावशीलता जैसे विभिन्न मापदंडों पर आंका गया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों में प्रभावशाली प्रतिभा और मौलिकता का प्रदर्शन किया। आईएलसीसी की सांस्कृतिक सचिव रेखा मिश्रा ने बताया कि निर्णायक के रूप में डॉ. मनीषा बुधिया और सुश्री प्रकृति जेरथ थीं। कार्यक्रम का संचालन आईएलसीसी की सांस्कृतिक सचिव रेखा मिश्रा ने किया। मौके पर लाइब्रेरियन निवेदिता शर्मा भी उपस्थित थीं। भाग लेने वाले स्कूलों में ब्रिजफोर्ड पब्लिक स्कूल, स्वामी सहजानंद ब्रिजफोर्ड पब्लिक स्कूल, सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल, डीएवी गांधीनगर, डीएवी हेहल, गुरुनानक हाईयर सेकेंडरी स्कूल और ओडीएम सफायर ग्लोबल स्कूल शामिल थे।

**परिणामः** पहला पुरस्कारः जितीशा घटक, सौम्या ( डीएवी गांधीनगर) दूसरा पुरस्कारः हंसिका रॉय, प्राची कुमारी( ब्रिजफोर्ड पब्लिक स्कूल तुपुदाना)

**तीसरा पुरस्कारः** श्रुति शर्मा , श्रेया सिन्हा (स्वामी सहजानंद ब्रिजफोर्ड पब्लिक स्कूल)?

## भारतीय संविधान विश्व के संविधानों से बिलकुल अलग है : डॉ जे सिंह



### आईएलएस में संविधान की क्रिया कलापों पर एक व्याख्यान आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज (आाईएलएस) रांची विश्वविद्यालय रांची के सभागार में बुधवार को राजीव गांधी नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी पटियाला के कुलपति प्रोफेसर डॉ जयशंकर सिंह के द्वारा संविधान की क्रिया कलापों पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इस एक दिवसीय व्याख्यान में उन्होंने बीबीएल-एलएलबी और एलएलएम के विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि किस तरह भारत का संविधान विश्व के संविधानों से बिलकुल भिन्न है। हम कई वर्षों तक अंग्रेजों की गुलामी में जकड़े रहे तत्पश्चात हमें आजादी मिली और उस आजादी का एक बहुत ही सुंदर उपहार हमारा संविधान है । संविधान की विशिष्टताओं पर प्रकाश डालते हुए उन्के द्वारा बताया गया कि हमारे संविधान में मौलिक अधिकारों की चर्चा की गई है। ये वो मौलिक अधिकार हैं, जिन्हें कभी बदला नहीं जा सकता । इन्हीं मौलिक अधिकारों के बदौलत हम एक स्वछंद नागरिक की तरह अपना जीवन यापन कर पाने में समर्थ हैं।

# सरकार ने योजनाओं को धरातल पर उतारने की जगह भ्रष्टाचार को बढ़ाने का काम किया है : आजसू

### हल्ला बोल कार्यक्रम के सातवें दिन आजसू के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विभिन्न प्रखंड कार्यालयों में सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार और प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ आजसू पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम सातवें दिन भी जारी रहा। आज पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं द्वारा सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार के चलते आम लोगों को हो रही समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए रांची के कांके समेत राज्य के विभिन्न प्रखंडों और नगर इकाई कार्यालयों में संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। आजसू कार्यकताओं ने कहा कि सरकार ने जनता के लिए कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के बजाय सरकारी कार्यालयों में केवल चढ़ावा को बढ़ावा देने का काम किया है। जनसेवा की शपथ लेने वाले अधिकारी गरीबों का कोई काम नहीं कर रहे हैं। आज बिना पैसे दिए आम लोगों का किसी भी प्रखंड, अंचल या नगर इकाई कार्यालयों में काम नहीं हो रहा है। इस अराजकता से राज्य की जनता परेशान है। भ्रष्टाचार, सरकारी काम काज में घोर अनियमितता, बेरोजगारी, पलायन ही सरकार की उपलब्धि है। हल्ला बोल कार्यक्रम के माध्यम से आजसू पार्टी आम जनता की आवाज बन रही है। जनता के रुके काम जो बिना पैसे के नहीं हो रहे हैं उन सभी कार्यों को जल्द से जल्द करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा गया। पार्टी कार्यकताओं ने कहा कि सरकार को बस अपनी कुर्सी की चिंता है जनता की नहीं। राज्य में जनता के ऊपर अफसरशाही हावी है। जनता त्रस्त और अफसर मस्त हैं। हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत रांची के कांके, लोहरदगा के कैरो, हजारीबाग के डाड़ी, देवघर के करों, गुमला के जारी, सरायकेला खरसावां के कुकडु, पलामू के पाटन, पांडवा, और पिपरा, गढ़वा के भंडरिया और डंडा प्रखंड और धनबाद नगर निगम कार्यालय में संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।



## केनरा बैंक करेंसी चेस्ट रांची ने लगाया सिक्का/नोट मेला



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** केनरा बैंक करेंसी चेस्ट रांची के शाखा प्रबंधक दीपक कुमार की ओर से सिक्का/नोट मेला का बुधवार को आयोजन किया गया। सिक्का मेला कैनरा बैंक चुटिया शाखा के नजदीक किया गया। मेले में ग्राहकों को पांच, 10 और 20 रूपए के सिक्के और नोट दिए गए। इस मेला में बड़ी संख्या में ग्राहकों ने इसका लाभ उठाया।

स्पीड न्यूज

## किसानों को खाद बीज देने की मांग

**रातू।** झारखंड किसान संघ के संयोजक और झामुमो नेता महावीर विश्वकर्मा ने कहा है कि मानसून शुरू हो गया है, लेकिन राज्य सरकार की ओर से कृषकों को सब्सिडी में मिलने वाली धान और बीज उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। इससे लोगों में नाराजगी है। उन्होंने डीसी राहुल सिन्हा से किसानों को खाद-बीज दिये जाने की मांग की है।

## राहे में अमीन प्रशिक्षण के लिए हो रहा है पंजीयन

**राहे।** अपर समाहर्ता रांची के निर्देशानुसार सर्व शिक्षण जन सृजित सेवा संस्थान द्वारा राहे प्रखंड में अमीन प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत शिक्षित बेरोजगार महिला और पुरुष का पंजीयन 8 जुलाई तक किया जाएगा। इच्छुक लोग प्रशिक्षण में अपना पंजीयन कर सकते हैं।

## भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उप महानिदेशक आज नामकुम में

**नामकुम।** भारतीय कृसि अनुसंधान परिसद के उप महानिदेशक डॉ श्याम नारायण झा गुरुवार को नामकुम स्थित राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान का दौरा करेंगे। संस्थान के निदेशक डॉ अभिजीत कर ने बताया कि उस दौरान वे एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए संस्थान और सामान्य रूप से कृषि संबंधित विभिन्न मुद्दों पर प्रेस से बातचीत करेंगे।

## संयुक्त श्रमिक संगठन ने की गेट मीटिंग

**खलारी।** सीसीएल के उत्तरी करणपुरा क्षेत्र में एक जुलाई से बायोमेट्रिक से हजारी बनाने के आदेश के बाद बुधवार को एनके एरिया के केडीएच परियोजना के कारगिल पिट ऑफिस पर प्रथम पाली में संयुक्त मोर्चा के द्वारा बायोमेट्रिक द्वारा हाजिरी बनाने का विरोध किया गया। बताना चाहते हैं कि सयुक्त मोर्चा के कई मांगें प्रबंधन से की गई थी। इस पर प्रबंधन की तरफ से आश्वासन भी दिया गया था। प्रबंधन के आश्वासन के बाद भी कोई असर नही हुआ तो संगठन बृहद धरना व गेट मीटिंग करके जानकारी दिया जा रहा है। संयुक्त मोर्चा में मिथिलेश सिंह गोल्डन प्रसाद यादव अमर भूषण सिंह धीरेंद्र प्रताप सिंह अजय चौहान हरेंद्र सिंह कन्हाई पासी जगदीश चौहान सहित अन्य कामगार उपस्थित थे।

## आजसू की बैठक में युवा संगठन की रूपरेखा तैयार

**सिकिदिरी।** आजसू की बैठक बुधवार को जिला उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा की अध्यक्षता में हुंडरू गांव में हुई। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई। संगठन की मजबूती पर भी चर्चा की गई। आजसू की मजबूती को लेकर पंचायत में युवा संगठन तैयार करने की रूप रेखा तैयार की गई। युवाओं ने इस बार आजसू पार्टी को खिजरी विधानसभा से चुनाव लड़ाने पर जोर दिया। इधर एक महीने से गांव में खराब पड़े ट्रांसफार्मर बनाने की मांग की गई। इसके लिए ग्रामीणों ने कार्यपालक अभियंता के नाम एक आवेदन प्रकाश लकड़ा को सौंपा। मौके पर केंद्रीय सदस्य संजीव सिंह, मनोज बेदिया, शिवनारायण बेदिया, अनिल बेदिया, दशई बेदिया आदि उपस्थित थे।

# सड़क की मांग को ले कर दो पंचायत के ग्रामीणों का प्रदर्शन

### डॉ बिरसा उरांव के बयान के खिलाफ व्यक्त की नारजगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** सड़क निर्माण की मांग को लेकर प्रखंड क्षेत्र के सदमा व चंदरा के ग्रामीणों द्वारा बुधवार को सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया गया। दोनो पंचायत के जन प्रतिनिधि व ग्रामीण भगवान बिरसा मुंडा चौक सदमा के पास सड़क जाम कर दिए थे। जिससे गांव से मुख्यालय बाजार व शहर जाने वाले ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सबसे ज्यादा परेशानी गांव से मजदूरी करने शहर जाने वाले मजदूरों को किसानों को हुआ। जाम के कारण मजदूर व किसान शहर व बाजार नही जा सके। जामकर्ता रोड नही तो वोट नहीं, जबतक सड़क का शिलान्यास नहीं, तबतक सांसद विधायक व पूर्व विधायक का पंचायत में प्रवेश पर रोक आदि का नारा लगा रहे थे। सड़क जाम व विरोध प्रदर्षन का नेतृत्व करते हुए आदिवासी सरना पड़हा समाज के अध्यक्ष बाबूलाल महली ने कहा दोनो पंचायत के ग्रामीणों द्वारा नेताओं के बार-बार के झुठे आश्वासन से उब चूके हैं। सरकार तक अपनी मांगे पहुंचने के उदेष्य से मजबूरण आंदोलन करना पड़ा है। कहा आंदोलन पर किसी भी राजनीतिक दल का कोई हस्तछेप नहीं है। वहीं ग्रामीणों का कहना है सड़क का निर्माण अविलम्ब होना चाहिए। जिससे सूदरवर्ती गांव का विकास का द्वार खुल सके। बताया गया कि इससे पूर्व दोनो पंचायत में सांसद विधायक के प्रवेष पर रोक व जिसके घर दोनो जाएगें उस परिवार को 1.50 लाख दंड का निर्णय के खिलाफ भाजपा नेता डॉ बिरसा उरांव द्वारा दिए गए बयान के खिलाफ भी नाराजगी जताई गई। कहा आंदोलन में सामाजिक व विभिन्न राजनीति पार्टी के कार्यकर्ता शामिल हुए। जिसे राजनीतिक रंग देने व 22 पड़हा समिति को आंदोलन से जोड़ने का प्रयास किया गया है। डॉ बिरसा उरांव अविलंब माफी मांगे अन्यथा समिति कानूनी कार्रवाई के लिए बाध्य होगी। बाद में निर्णय लिया गया कि ग्रामीणों के एक प्रतिनिधि मंडल विभाग से मिलकर अपनी मांगे रखेगी। संतोषजनक पहल नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज होगी।



सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन करते जनप्रतिनिधि व ग्रामीण।

### विरोध प्रदर्शन में ये लोग थे शामिल

रोड जाम व विरोध प्रदर्शन में जिप सदस्य कमिश्नर मुंडा रमेशचंद्र उरांव, बाबूलाल महली रितेश मुंडा, हरिलाल मुंडा, सिकेन्द्र महतो, संजीव महतो, सुरेंद्र उरांव, इंद्रदेव सिंह, राजनाथ उरांव, रूपेश महतो, अर्जुन महतो, दीपक साहू, लोकन मुंडा, लखनलाल महतो, सोहराई महतो, राशिद अंसारी, हैदर अंसारी, रामप्रसाद महतो, संजय मुंडा, रवि मुंडा, गणसू महतो, सुरेश उरांव, भगत उरांव, बसोक महतो, सईद अंसारी, उपेंद्र महतो सहित ग्रामीणों के साथ कई महिलाएं भी शामिल थीं।

## भाजपाइयों ने बिरसा पार्क में किया पौधरोपण

**अनगड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मां के नाम एक पेड़ कार्यक्रम के तहत बुधवार को भजपा अनगड़ा मंडल के द्वारा प्रखंड मुख्यालय स्थित बिरसा पार्क मे पौधा रोपण किया गया। कहा गया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी है। इस पौधारोपण कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन सुरेन्द्र महतो जलेन्द्र प्रसाद दुर्गा महतो उमेश बड़ाईक मनोज चौधरी हिमालय चौधरी देवनाथ महतो वनमाली महतो कामेश्वर महतो बुधराम बेदिया उपस्थित थे।

# इटकी : सड़क हादसे में एक युवक की मौत, दूसरा घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** एनएच 23 रांची गुमला मुख्य मार्ग पर इटकी मोड़ के समीप बुधवार को अपराह्न करीब एक बजे हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घयल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इटकी मोड़ के समीप बेड़ो से इटकी मोड़ की ओर आ रही बाइक ने लाल रंग के थार को पीछे से टक्कर मार दी जिससे बाइक में सवार दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल दोनो युवक बब्लू उरांव और जौरा उरांव हरही डूमर टोली के बताए गए हैं। घायलों को स्थानीय ग्रामीणों ने एम्बुलेन्स से इलाज के लिये बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां प्रारंभिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए घायलों को रिम्स रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान एक की मौत हो गई। इटकी थाना के एसआई अनुज प्रसाद यादव ने दोनो वाहनों को अपने कब्जे में कर थाना ले आयी।


रॉंची समाहरणालय, रॉंची।
(जिला भू-अर्जन शाखा)
www.dlaoranchi.in, dlaoranchi@gmail.com, dlaoranchi@rediffmail.com

**आम सभा**

**आई०टी०आई० बस स्टैण्ड से संत फ्रांसिस विद्यालय तक पथ चौड़ीकरण परियोजना** अन्तर्गत कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, के पत्रांक-1237 दिनांक-02.06.2017 के द्वारा भूमि अधिग्रहण हेतु प्राप्त अधियाचना के आलोक में दिनांक-15.09.2022 को पंचाट की घोषणा की जा चुकी है संबंधित रयैतो को मुआवजा भुगतान हेतु आवेदन प्राप्त करने के लिए ग्रामसभा का आयोजन दिनांक-04.07.2024 को पूर्वाह्न 11.30 बजे हेहल अंचल कार्यालय के सभागार में किया गया है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है:-

| दिनांक | समय | संबंधित अंचल/मौजा का नाम | आम सभा का आयोजन स्थल |
|---|---|---|---|
| 04/07/2024 | 11.30 पूर्वाह्न | हेहल | हेहल अंचल कार्यालय के सभागार |

अतः संबंधित मौजा के भू-धारियों को सूचित किया जाता है कि सभी संबंधित कागजातों के साथ यथा-खतियान/डीड, लगान रसीद (अद्यतन), जनप्रतिनिधि द्वारा सत्यापित वंशावली, वंशावली का शपथ पत्र, परिचय-पत्र की छायाप्रति, बैंक विवरणी की प्रति, आधार कार्ड की प्रति के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

जिला भू-अर्जन पदाधिकारी
रॉंची।


PR 328547 (Land Reforms) 24-25 (D)


# रातू : रथयात्रा मेला के लिये सज रही दुकानें

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** राजकिले की रथ यात्रा 7 जुलाई को होगी। भगवान जगन्नाथ स्वामी, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा संग रथ में सवार होकर मौसीबाड़ी जायेंगे। इसके दशवें दिन 17 की शाम 4 बजे किला स्थित मुख्य मंदिर लौट आयेंगे। किला मैदान की रथ मेले में मिठाई व श्रृंगार प्रसाधन समेत सभी तरह की दुकानें सजने लगी हैं। ठेला-खोमचा वाले जगह निर्धारित करने में जुटे हैं। सर्कस व विद्युत चालित झूले मेलार्थियों के लिये आकर्षण के केंद्र होंगे। रथ यात्रा और मेले को लेकर क्षेत्र में चहल-पहल है। महिला व बच्चों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जा रहे हैं। प्रशासन की ओर से पुरुष व महिला बल की तैनाती की जायेगी। श्री साईं स्वयंसेवी संस्था के बैचधारी वॉलंटियर्स भी मुस्तैद रहेंगे। प्रबंधक दामोदर नाथ मिश्र ने बताया कि शनिवार की सुबह नेत्रदान पूजा होगी। इसके बाद स्वामी जगन्नाथ दर्शन-पूजन के लिये सुलभ हो जायेंगे।

### सजाया जा रहा है रथ



किला प्रबंधन की ओर से परंपरागत रथ और जगन्नाथ मंदिर को सजाने-सवांरने का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। रंग-बिरंगी विद्युत सजावट भी की जा रही है। रथ यात्रा पूजा व मेले में झारखंड समेत बिहार, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल और उतर प्रदेश के लाखों श्रद्धालु हिस्सा लेंगे।

## तीन महिला समेत छह पर एसटी-एससी केस दर्ज, आरोपी फरार

**रातू।** थाना क्षेत्र के तिलता स्थित कमलेश नगर निवासी परमेश्वर रजक के पुत्र अमर रजक के साथ बिजली खंभा गाड़ने को लेकर ऊपजे विवाद में मारपीट और जाति सूचक गाली देना पड़ोसियों को महंगा पड़ा। इससे आहत होकर श्री रजक की ओर से रातू थाने में एसटी-एससी एक्ट के तहत तीन महिला समेत छह के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। आरोपियों में दशरथ महतो, किरण देवी, सीताराम विश्वकर्मा, पूजा देवी, अजय कोयरी व नीलम देवी शामिल हैं।


उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
(जिला भू-अर्जन शाखा)
प्रपत्र VI
समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**अधिसूचना**

(अधिनियम-30/2013 की धारा-11 (1) के अधीन)

चुकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना ईचाक मोड़ (एन0एच0-33) पर डुमरीन बहिमर MDR-70 पर पथ (लम्बाई 17.825 कि0मी0) तक चौड़ीकरण/मजबूतीकरण कार्य हेतु ग्राम-सारूगाडुखुर्द, थाना-कटकमसांडी, थाना-सं0-49, अंचल-कटकमसांडी, जिला-हजारीबाग में कुल **0.209** एकड़ यानि **0.08461** हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिसूचना किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू-खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **0.209** एकड़ यानि **0.08461** हेक्टेयर है, और जो ग्राम-सारूगाडुखुर्द, थाना-कटकमसांडी, थाना-सं0-49, अंचल-कटकमसांडी, जिला-हजारीबाग में है, जिसका विवरणी निम्नवत है-

| क्र0 सं0 | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 12 | 15/1 | नीज | टांड़-III | 0.031 | रामचन्द्र साव पिता स्व0 देवकी साव | सड़क | प्लॉट 16 | नीज | सड़क |
| 2 | 12 | 15/2 | नीज | टांड़-III | 0.031 | मुखलाल साव वो प्रेमचन्द साव वगै0 पिता देवकी साव | सड़क | प्लॉट 16 | नीज | सड़क |
| 3 | 12 | 15/3 | नीज | टांड़-III | 0.030 | श्यामसुन्दर राम वगै0 पिता स्व0 जगदीश राम | सड़क | प्लॉट 16 | नीज | सड़क |
| 4 | 12 | 15/4 | नीज | टांड़-III | 0.030 | केदार पाण्डेय पिता स्व0 बंशी पाण्डेय | सड़क | प्लॉट 16 | नीज | सड़क |
| 5 | 12 | 15/5 | नीज | टांड़-III | 0.031 | बालकृष्ण राम पिता स्व0 प्रभु नारायण राम | सड़क | प्लॉट 16 | नीज | सड़क |
| 6 | 12 | 15/6 | नीज | टांड़-III | 0.031 | सुमा देवी पति बेतलाल राजा | सड़क | प्लॉट 16 | नीज | सड़क |
| 7 | 17 | 16/1 | नीज | टांड़-III | 0.006 | गिरधारी साव वो रामचन्द्र साव पिता स्व0 देवकी साव | प्लॉट 15 | प्लॉट 17 | नीज | सड़क |
| 8 | 17 | 16/2 | नीज | टांड़-III | 0.006 | धनु रमण पिता गंदौरी रमण | प्लॉट 15 | प्लॉट 17 | नीज | सड़क |
| 9 | 17 | 16/3 | नीज | टांड़-III | 0.005 | देवकी लाल वगै0 पिता स्व0 सोहन साव | प्लॉट 15 | प्लॉट 17 | नीज | सड़क |
| 10 | 20 | 17/1 | नीज | टांड़-III | 0.004 | किशोर राम वो कैलाश साव वो अशोक वगै0 पिता स्व0 सुभाष राम | प्लॉट 16 | सिवाना | नीज | सड़क |
| 11 | 20 | 17/2 | नीज | टांड़-III | 0.004 | मनोहर सिंह पिता स्व0 दशरथ सिंह | प्लॉट 16 | सिवाना | नीज | सड़क |
| कुल | | | | | 0.209 | | | | | |

यह अधिसूचना हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0-30/2013 की धारा 15 प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जॉच के पश्चात किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुंनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिहिन्त किये गये है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है-

ग्राम-सारूगाडुखुर्द, थाना-कटकमसांडी, थाना-सं0-49, अंचल-कटकमसांडी, जिला-हजारीबाग में कुल **0.209** एकड़ यानि **0.08461** हेक्टेयर जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या शून्य है।

ह0/
उपायुक्त, हजारीबाग।

PR 328515 (Land Reforms) 24-25 (D)


# ढाई लाख के कार्य में एक लाख का चढ़ावा : वार्ड सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** खलारी प्रखण्ड में ढाई लाख के कार्य मे एक लाख तीस हजार का चढ़ावा वार्ड सदस्य ने मुखिया पंसस जेईई कोडिनेटर सहित अन्य अधिकारी से लेकर तमाम अधिकारियों के बीच कमीशन बटाने की बात एक पत्र जारी कर बीडीओ से जांच कराने की मांग की। मामला खलारी प्रखण्ड के बुकबुका पंचायत स्थित वार्ड नं 14 के सदस्य अर्जुन एक्का ने बताया कि मेरे वार्ड स्थित जुगल विश्वकर्मा के घर से लेकर अमोद



बिहारी के घर तक नाली का निर्माण कार्य मुखिया पारस नाथ उराँव के द्वारा मुझे दिया गया। कार्य पूर्ण हो जाने के पश्चात भी मुखिया के द्वारा मनोज यादव नामक व्यक्ति को पार्टनर बना कर सामने ला दिया गया। नाली निर्माण की कुल राशि दो लाख छत्तीस हजार नौ सौ पचास रुपए मात्र है। इसमें से विभिन्न लोगों के नाम पर कमीशन काट कर पैसा दिया जा रहा है। जबकि इसमें काफी ज्यादा पैसा मेरा इस कार्य में लग चुका है। मुखिया ने बताया कि कमीशन में लेबर रॉयली मुखिया जेण्ई पंचायत सेवक वेंडर तथा विभिन्न अधिकारियों के नाम पर एक लाख सत्ताईस हजार छ सौ तेरह रुपए मात्रद्ध काट कर पेमेंट करने का बात कहा जा रहा है। उसके बाद इसमें से रॉयलटी अलग से काटा जाएगा। वार्ड सदस्य ने प्रखंड में चल रहे भयंकर कमीशनखोरी के आरोप पर खलारी बीडीओ से जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

> बुकबुका मुखिया पारसनाथ उराँव से पूछे जाने पर कहा कि मेरे पर जो आरोप लगाया जा रहा है। पूरा आरोप निराधार है। मेरे विपरीत जो खड़े रहते है। उनलोगों का चाल है। वार्ड सदस्य होकर कार्य भी किया। नाली निर्माण कार्य मे तीन लोगों के मध्यस्ता के साथ काम किया है। अब इसमें जिसका पैसा लगा हैएवह तो हिसाब करेगा। इसी में मेरे खिलाफ बरगला कर बीडीओ के नाम पर लिखित आवेदन दिया है।



# बेड़ो : पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में शांति व्यवस्था को लेकर बुधवार को थाना क्षेत्र के पुरना पानी बाजार के समीप फ्लैग मार्च निकाला। थाना प्रभारी नकुल साह ने बताया कि प्रखंड में किसी भी प्रकार की आपराधिक और अवैध गतिविधि पर अंकुश लगाने के लिए बेड़ो पुलिस ने सीआरपीएफ के साथ मिलकर सर्च अभियान चला रही हैं। इस दौरान हर व्यक्ति और वाहन पर कड़ी निगरानी हो रही हैए ताकि अपराध व अन्य तस्करी न हो। फ्लैग मार्च का उद्देश्य लोगों के बीच सुरक्षा की भावना पैदा करना है। मौके पर एएसआई अक्षय सिंह सहित काफी संख्या में पुलिस व सीआरपीएफ के जवान शामिल थे।


कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
(भूमि संरक्षण निदेशालय) झारखण्ड, रॉंची
कार्यालय -भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा।

आम-सूचना

वित्तीय वर्ष 2024-25में डीप बोरिंग एवं पर कोलेशन टैंक के निर्माण के लिए "जलनिधि"की योजना।

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, रॉंची के स्वीकृत्यादेश संख्या 22 दिनांक 18.06.2024 के आलोक में राज्य योजनान्तर्गत कृषिको बढ़ावा देने, बहुफसलीय कृषि के विकास, मानसूनपर कृषकों की निर्भरता कम करने हेतु विभिन्न श्रोतों से सिंचाई की समुचित व्यवस्था हेतु डीप बोरिंग एवं पर कोलेशन टैंक निर्माण हेतु "जलनिधि" एक महत्त्वाकांक्षी योजना है।उक्त योजनान्तर्गत लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों को योजना से अच्छादित किया जायेगा। इस योजना के कार्यान्वयन हेतु कृषक समूहों को 90 प्रतिशत् तक अनुदान की राशि उपलब्ध कराया जायेगा।

**योजना का स्वरूपः-**

1. डीप बोरिंग की योजना।

| कार्य योजना | पात्रता | योजनालागत/अनुदानकी राशि: अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | कृषक समूह का अंशदान की राशि |
|---|---|---|---|---|
| योजना अंतर्गत 6 ईंच Diameter deep boring, submersible pump 1.5 HP, आवष्यकAccessoriesएवं संस्थापन (Installation) के साथ | योजना लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों के लिए लागू होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत् पानी पंचायत का गठन कर इस का कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 5.00 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 3.50 लाख | 90 प्रतिषत् (3.15 लाख) | 10 प्रतिषत् (0.35 लाख) |

2. पर कोलेशन टेंक निर्माण (माध्यम एवं निचले खेत में तालाब) की योजना।

| कार्य योजना | पात्रता | योजनालागत/अनुदान की राशि: अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | कृषक समूह का अंशदान की राशि |
|---|---|---|---|---|
| Length of Percolation Tank 120 ft. width of Percolation Tank 100 ft. Depth of Percolation Tank 12 ft. Length of Bound-370ft Side Slope-1:1 | योजना लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों के लिए लागू होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत् पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 10.00 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 4.30लाख | 90 प्रतिशत् (3.87 लाख) | 10 प्रतिशत् (0.43 लाख) |

**कृषक/संस्थाका चयन**

1. अनुसूचित जाति/अनुसूचितजन जाति/लघु/सीमांत कृषक/महिला कृषकों/इच्छुक कृषकों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।
2. जिन कृषक/कृषक समूहों को पूर्व में डीपबोरिंग एवं पर कोलेशन टैंक निर्माण का लाभ प्राप्त कराया जा चुका है, उनकी पात्रता डीप बोरिंग एवं पर कोलेशन टैंक निर्माण के लिए मान्य नहीं होगी।
3. योजना के कार्यान्वयन में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी एवं ग्रामसभा द्वारा चयनित योजनाओं का ही चयन किया जायेगा साथ ही माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जायेगी।

**आवेदन की प्राप्ति**

1. भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा, जिला-लोहरदगा के लिए भौतिक लक्ष्य पर कोलेशन टैंक-136 **(TSP)** एवं डीप बोरिंग निर्माण-40 **(TSP)** के विरूद्ध सुपात्र कृषकों से विहित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त किया जाएगा।
2. भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा के कार्यालय से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता है।
3. आवेदन पत्र का प्रारूप विभागीय वेबसाईट WWW.jharkhand.gov.in/agri. अथवा WWW.sameti.org पर भी उपलब्ध है।
4. आवेदन-पत्र निम्न कागजातों के साथप्रकाशन की तिथि से दिनांक 10.07.2024 तक, कार्यालय दिवस में भूमि संरक्षण कार्यालय, लोहरदगा में 11:00 बजे पूर्वाह्न से 04:00 बजे अपराह्न तक जमा कर सकते है।

➤ संबंधित योजना ग्राम-सभा में पारित होनी चाहिए एवं पारित प्रस्ताव की छाया प्रति मुखिया/पंचायत सचिव द्वारा अभिप्रमाणित।
➤ प्राप्त विहित प्रपत्र (आवेदन) में जमीन स्वामित्व प्रमाण-पत्र (एल0पी0सी0 अंचल कार्यालय द्वारा निर्गत)।
➤ राजस्वग्रामकानक्शा।
➤ आवेदन के साथ स्वअभिप्रमाणित आधार कार्ड की छायाप्रति एवं मोबाईल नं0 अंकित होना आवश्यक है।
➤ स्थल का लाभुक के साथ GPS फोटो ग्राफ संलग्न होना आवश्यक है।

उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारी के लिए निम्न पते पर संपर्क किया जा सकता है।

**कार्यालय का पता** -भूमि संरक्षण कार्यालय लोहरदगा, वीरबुधू भगत भवन, दुसरा तल्ला, लोहरदगा, पिन कोड-835302।
फोन नं0 -7979050693

PR.NO.328521 Lohardaga(24-25):D

भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा।


# सरना झंडा को लेकर विवादित बयान में थाना में समझौता

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** जन जातिय सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष गणेश राम भगत के द्वारा ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष उमेश बड़ाईक के द्वारा अनगड़ा प्रखंड के बीसा मे आयोजित एक सभा में लाल सफेद सरना सरना झंडा को लेकर दिए गए विवादित ब्यान तूल पकड़ता जा रहा था । लेकिन मंगलवार को इस पर विराम लगा दिया गया दोनों पक्षों के बीच अनगड़ा थाना में इस मामले को लेकर थाना प्रभारी चमरा मिंज की उपस्थिति में समझौता हुआ और दोनों पक्ष अपने हाथों से लाल सफेद रंग के सरना झंडा को एक साथ लहराया गया। ज्ञात हो कि लाल सफेद सरना झंडा को लेकर दिए गए व्यान को लेकर आदिवासी समाज काफी आक्रोशित थे। धीरे धीरे यह मामला पूरे झारखंड में फैलता जा रहा था। आदिवासी समाज के द्वारा गेतलसूद में तो श्रद्धा सरना समिति के द्वारा गणेश राम भगत तथा उमेश बड़ाइक का पूतला भी फूका गया था। साथ हीं इस विवादित व्यान को लेकर माफी नहीं मांगने पर आदिवासी समाज के लोगों ने वैसे लोगों की सेंदरा की भी धमकी दी थी। इसी मामले को लेकर पिछले 28 जून को बीसा पंचायत सचिवालय में सैकड़ों की संख्यां में आदिवासी समाज के लोगों ने उमेश बड़ाइक को घेरा भी था, लेकिन पुलिस मौके पर पहुंच कर उमेश बड़ाइक को सकुशल वहां से निकाला था। इस संबंध में दोनो तरफ से अनगड़ा थाना में आवेदन दिया गया था। जिसको लेकर अनगड़ा थाना प्रभारी की उपस्थिति में दोनो पक्षों के बीच मंगलवार को समझौता हुआ। जिसमें भविष्य इस तरह का विवादित बयान जो किसी समाज के भावना के ठेष पहुंचाता है नहीं देने की बात हुई और मामले को हमेशा के लिए खत्म कर दिया गया।




### मौके पर ये लोग थे मौजूद

मौके पर श्रद्धा सरना समिति के अजय तिर्की राजदेव पहान जितेन्द्र उरांव अशोक बेदिया अजय लोहरा, उमेश बड़ाईक, सुषमा बड़ाईक, पारसनाथ उरांव सहित काफी संख्या में आदिवासी समाज के महिला पुरुष उपस्थित थे।

# सत्संग में मौत

उत्तर प्रदेश के हाथरस में मंगलवार को एक सत्संग के समापन के बाद मची भगदड़ में सौ से अधिक लोगों के मरने की घटना ने पूरे देश को विचलित किया। सौ से अधिक लाशों का ढेर देखकर आहत एक पुलिस कांस्टेबल का हार्टफेल होने से निधन हो गया। मरने वालों में अधिकांश महिलाएं थीं, वहीं कुछ पुरुष व बच्चे भी शामिल हैं। घायलों को हाथरस से लगते एटा अस्पताल भेजा गया है। हादसा बड़े आयोजन में सुरक्षा उपायों की अनदेखी पर सवाल उठाता है। सवाल यह भी है कि 17 साल पहले पुलिस की नौकरी छोड़कर कथावाचक बने बाबा में ऐसा क्या सम्मोहन था कि वहां मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश व हरियाणा तक से हजारों श्रद्धालु जुटे थे। अब जांच, मुआवजे तथा कार्रवाई की बात कही जा रही है। सवाल उठता है कि इतना बड़ा आयोजन बिना पुख्ता इंतजाम के किसकी अनुमति से किया जा रहा था? क्या सुरक्षा मानकों का पालन किया गया? क्या इतने बड़े आयोजन की सुरक्षा का जिम्मा पुलिस-प्रशासन का नहीं होता? जाहिर है मौतों के बढ़ते आंकड़ों के साथ ही घटना पर लीपापोती की कोशिश भी की जाती रहेगी। निस्संदेह, ऐसे बाबाओं की दुकान बिना राजनेताओं के वरदहस्त के चलनी संभव नहीं है। बहरहाल आने वाले दिनों में जांच के बाद किसी के सिर पर लापरवाही का ठीकरा फोड़ा जाएगा। मगर इन मौतों का कसूरवार कौन है? जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उनकी कमी कैसे पूरी होगी? बताते हैं कि प्रवचन करने वाले बाबा नदारद हैं। कहा जा रहा है कि यह एक निजी कार्यक्रम था, कानून व्यवस्था के लिये प्रशासन की ड्यूटी लगाई गई थी, लेकिन आयोजन स्थल पर भीतरी व्यवस्था आयोजकों के द्वारा की जानी थी। बड़े अधिकारियों का घटना स्थल पर जाने का सिलसिला शुरू हो चुका है।

# नेपाल में अस्थिरता

नेपाल में 2008 में लोकतंत्र की स्थापना के बाद से चार बार राष्ट्रीय चुनाव हो चुके हैं। वहां अब तक 12 से ज्यादा प्रधानमंत्री रह चुके हैं। दुर्भाग्य से कोई भी सरकार पांच साल की अवधि पूरी नहीं कर पाई। मौजूदा वामदल वाली सरकार का हश्र भी यही हुआ। इस सरकार में प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड की नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी और केपी शर्मा ओली की एमाले दो धुर विरोधी समूह शामिल रहे। इनके बीच शक्ति और प्रधानमंत्री पद की दावेदारी को लेकर लगातार खींचतान जारी रही। आखिरकार वही हुआ, जिसकी आशंका थी। यह गठबंधन टूट गया और ओली फिर प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। कोई महीना भर से पहले प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने 18 महीने के भीतर चौथी बार संसद के पटल पर विश्वासमत सिद्ध करने के लिए खड़े हुए थे। 13 मई को उपप्रधानमंत्री उपेंद्र यादव के समूह वाली जनता समाजवादी पार्टी आपसी फूट के चलते प्रचंड सरकार से अलग हो गई थी। प्रधानमंत्री प्रचंड ने संविधान की धारा 100(2) के अंतर्गत विश्वासमत का प्रस्ताव रखा। यह 157 मतों के साथ बहुमत से पारित हो गया। इससे पहले नेपाल में 2022 में प्रधानमंत्री प्रचंड के नेतृत्व में वामदल वाली सरकार बनी जरूर पर वह ज्यादा दिनों तक नहीं टिक पाई। फिर प्रचंड ने प्रजातांत्रिक पार्टियों के साथ मिलकर दूसरी बार सरकार बनाई। इसमें नेपाली कांग्रेस भी शामिल थी। यह सरकार भी अधिक दिन तक नहीं टिक सकी। तीसरी बार प्रचंड ने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (एमाले), रवि लामिछाने की स्वतंत्रता पार्टी और उपेंद्र यादव की जनता समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर सरकार बनाई। यह सरकार मई में उपेंद्र यादव के इस्तीफे के चलते संवैधानिक संकट में आई।


# ब्रिटिश रेल का सरकारीकरण और भारत की नीति

सन 1980 और 1990 के दशक में कंजरवेटिव पार्टी की सरकारों द्वारा शुरू की गई निजीकरण की विवादास्पद नीति को पलट देगा। ग्रेट ब्रिटिश रेलवेज (जीबीआर) नामक एक नई सार्वजनिक संस्था गठित की जाएगी।

जीबीआर में समूचा रेलवे तंत्र शामिल होगा। यानी बुनियादी ढांचे से लेकर समय सारणी बनाने और टिकट से होने वाली आय संग्रहित करने तक का सारा काम। यह नई संस्था रेलवे नेटवर्क के पूंजीगत कार्य की योजना बनाने और उसका क्रियान्वयन करने के लिए भी उत्तरदायी होगी। फिलहाल बुनियादी ढांचे यानी ट्रैक, सिग्नल और बड़े स्टेशनों का प्रबंधन कर रही नेटवर्क रेल को इसमें समाहित कर लिया जाएगा। नई कंपनी निजी ट्रेन संचालकों को अनुबंधित करने का काम भी करेगी। ज्यादातर ट्रेनों के संचालन का काम उनके हवाले ही होगा।

गत 20 मई को घोषित इन प्रस्तावों को बीते 25 वर्ष में ब्रिटेन के रेलवे उद्योग के इतिहास की सबसे बड़ी घटना माना जा रहा है। रेलवे एक बार फिर सरकार के हाथ में आ रही है। हालांकि इस दौरान निजी क्षेत्र का सहयोग लिया जाएगा। 30 वर्षीय योजना का मसौदा परिवहन मंत्री ग्रांट शैप्स और ब्रिटिश एयरवेज के पूर्व मुख्य कार्याधिकारी कीथ विलियम्स ने तैयार किया है। इस योजना को 2023 तक पूरी तरह क्रियान्वित करना है। सन 1979 में जब तत्कालीन थैचर प्रशासन ने ब्रिटिश रेलवे का निजीकरण करने का निर्णय लिया था तब मिजाज बिल्कुल अलग था। उस वक्त कहा गया था कि प्रबंधन कौशल, उद्यमिता की भावना हासिल करने और जनता को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए रेलवे का निजीकरण किया जाएगा। चार वर्ष बाद 1993 में रेलवे अधिनियम लागू हो गया। ट्रैक अथॉरिटी मॉडल अपनाया गया जबकि यात्री रेल सेवाओं को निजी कंपनियों को सौंप दिया गया। स्थायी परिसंपत्तियों मसलन रेलवे ट्रैक, स्टेशन, सुरंगें, पुल, सिग्नल और डिपो आदि जो पुरानी सरकारी कंपनी ब्रिटिश रेल के आधिपत्य में थे उन्हें एक स्वतंत्र कंपनी रेलट्रैक के हवाले कर दिया गया। सन 1995 में रेलट्रैक ने यात्री रेल सेवाओं की फ्रैंचाइज निजी यात्री रेल परिचालन कंपनियों को देनी शुरू की।



**- विनायक चटर्जी**

> वर्ष 2016 से ही यह बहस शुरू हो गई थी कि रेलवे को एक बार फिर राष्ट्रीयकृत किया जाए या नहीं। दोबारा राष्ट्रीयकरण करने की इस पहल का सतर्कतापूर्वक स्वागत किया गया है। कुछ धड़े, खासकर श्रम संगठन इस बात पर यकीन करने को तैयार नहीं हैं कि दक्षिणपंथी झुकाव रखने वाली कंजरवेटिव सरकार मौजूदा ढांचे को ध्वस्त करके दोबारा राष्ट्रीयकरण की व्यवस्था करेगी। भारत के लिए इसमें क्या सबक हैं?

अब इस फ्रैंचाइजी मॉडल में दिक्कतें देखी जा रही हैं क्योंकि इससे पूरा नेटवर्क बहुत हद तक विखंडित हो गया है।

ऐसे में फ्रैंचाइज का संचालन कर रही कंपनी के पास परिचालन को लेकर बहुत सीमित अधिकार रह जाते हैं और ट्रैक और ट्रेन परिचालकों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू हो जाता है। ऐसा भी प्रतीत होता है कि ब्रिटेन में हर दो में से एक यात्री ट्रेन का संचालन फ्रांस और इटली की विदेशी कंपनियों द्वारा किए जाने के कारण ब्रिटेन के राष्ट्रीय गौरव को भी ठेस पहुंची।

वर्ष 2016 से ही यह बहस शुरू हो गई थी कि रेलवे को एक बार फिर राष्ट्रीयकृत किया जाए या नहीं। दोबारा राष्ट्रीयकरण करने की इस पहल का सतर्कतापूर्वक स्वागत किया गया है। कुछ धड़े, खासकर श्रम संगठन इस बात पर यकीन करने को तैयार नहीं हैं कि दक्षिणपंथी झुकाव रखने वाली कंजरवेटिव सरकार मौजूदा ढांचे को ध्वस्त करके दोबारा राष्ट्रीयकरण की व्यवस्था करेगी। भारत के लिए इसमें क्या सबक हैं? नेटवर्क वाले बुनियादी ढांचे में तयशुदा बुनियादी ढांचे पर राज्य का स्वामित्व ही सही तरीका है। निजीकृत रेल नेटवर्क के विभाजित ढंग से काम करने को ही ब्रिटिश रेल के निजीकरण की नाकामी की वजह माना जाता है। भारत को रेल, तेल एवं गैस पाइपलाइन तथा बिजली पारेषण लाइनों का मुद्रीकरण करते हुए इस बात को ध्यान में रखना चाहिए।

यदि भारत इस बात को ध्यान में रखे तो बेहतर होगा कि कुछ ही विकसित देशों ने उपयोगी नेटवर्क्स को निजी क्षेत्र को बेचने के तरीके का अनुसरण किया है। यूरोप में आमतौर पर ऐसा मॉडल अपनाया गया है जहां परिसंपत्ति स्वामित्व को सेवा प्रावधानों से अलग रखा गया और निजी नेटवर्क्स को परिचालन रियायत प्रदान की गईं। उस तरह देखें तो नियमित जरूरत का पूंजीगत व्यय संप्रभु संस्थान ने किया जबकि निजी क्षेत्र को परिचालन क्षमता से भरपाई की गई।

भारत में निजी-सार्वजनिक भागीदारी (पीपीपी) के प्रबंधन की संस्थागत क्षमता की कमी है। दस से अधिक केंद्रीय मंत्रालय और 28 राज्य तथा आठ केंद्रशासित प्रदेश अपने-अपने तरीके से पीपीपी का संचालन कर रहे हैं और इस बीच औपचारिक रूप से ज्ञान की साझेदारी नहीं की जा रही। ब्रिटेन सन 1990 के दशक में पीपीपी की अवधारणा आने के बाद से ही उसके बेहतरीन व्यवहार का अगुआ रहा है और उसने कई समर्थक संस्थान विकसित किए जिनका दुनिया भर में अनुकरण किया गया। निजी फाइनैंस इनीशिएटिव, निजी फाइनैंस पैनल, इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनैंस यूनिट और पार्टनरशिप्स यूके आदि इसके उदाहरण हैं। भारत को पीपीपी के संस्थानीकरण को गंभीरता से लेना होगा और 3पी इंडिया के रूप में उस पीपीपी थिंकटैंक की स्थापना करनी होगी जिसकी घोषणा अरुण जेटली ने जुलाई 2014 के बजट में की थी।

देश के पीपीपी कार्यक्रम में जो तनाव व्याप्त है उसके लिए नियामकीय आजादी की कमी भी एक वजह है। साहसी निर्णयों के लिए ऐसी आजादी आवश्यक है। पीपीपी को नियामकीय सहारे की आवश्यकता है।

भारत की खुद की जरूरतें नवंबर 2019 की केलकर समिति की पीपीपी रिपोर्ट में शामिल की गई हैं। शायद भारत के नीति निर्माताओं के लिए सबसे बड़ा सबक यह है कि दुनिया के सर्वाधिक परिपक्व बाजारों में भी निजी पूंजी को शामिल करने का प्रारूप अभी भी उभर रहा है और अनुभवों के आधार पर नया आकार ग्रहण कर रहा है। इसके लिए जरूरी है कि उच्च गुणवत्ता वाली संस्थागत क्षमता विकसित की जाए।

## खास बात

### सही चयन

**आदिति फडणीस**

ओडिशा का तीसरा सबसे अधिक आबादी वाला जिला मयूरभंज यूं तो शांत जगह है लेकिन समय-समय पर यह चौंकाने की क्षमता रखता है। यह एक जटिल इलाका है और जरूरी नहीं कि यह हमेशा खुशनुमा ढंग से ही चौंकाए।

जनवरी 1999 में 30 वर्षों से इस क्षेत्र में कुष्ठपीड़ितों के बीच काम कर रहे मिशनरी ग्राहम स्टैंस को उनके 8 और 10 वर्ष के दो बेटों के साथ जिंदा जला दिया गया था। इस अपराध के लिए दारा सिंह उर्फ रवींद्र पाल को उम्र कैद की सजा मिली। वह ओडिशा का नहीं था लेकिन उसके साथ मयूरभंज के महेंद्र हेम्ब्राम, रामजन महंत और घनश्याम महंत भी सजा काट रहे हैं। दारा सिंह ने भीड़ की अगुआई की थी। लेकिन मयूरभंज में कुछ तो बात है जिसने अन्य स्थानीय लोगों को उद्वेलित किया।

कुछ वर्ष बाद पास के कंधमाल जिले में विश्व हिंदू परिषद के स्वामी लक्ष्मणानंद तथा उनके चार अनुयायियों की हत्या कर दी गई। इस मामले में आठ आदिवासियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।

जहां ईसाई मिशनरी हैं वहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और उसकी आदिवासी शाखा वनवासी कल्याण आश्रम अनिवार्य तौर पर होती हैं। इस क्षेत्र के वनांचल में आरएसएस ने शिक्षा के क्षेत्र में काफी काम किया है। द्रौपदी मुर्मू को भी इसका लाभ मिला। वह पढ़लिखकर शिक्षिका बनीं और जन सेवा की उनकी प्रतिभा करियर के शुरूआती दिनों में ही जाहिर हो गई थी।

वह रायरंगपुर नगर पंचायत में पहले पार्षद और बाद में उसकी उपाध्यक्ष बनीं। वह ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जनजाति मोर्चा की उपाध्यक्ष भी रहीं। सन 2000 में उन्होंने विधानसभा का चुनाव जीता और 2009 में वह दोबारा विधायक बनने में सफल रहीं। इस बीच वह राज्य सरकार में परिवहन एवं वाणिज्य तथा आगे चलकर मत्स्यपालन एवं पशुपालन मंत्री बनीं। यह वह दौर था जब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री थे और बीजू जनता दल और भाजपा का गठबंधन था। वाजपेयी और नवीन पटनायक के बीच भी आपसी समझ और स्नेह का रिश्ता था।

**संघर्ष** की एक-एक इटें जोड़ कर बनी पार्टी झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की सरकार एसी कमरों से नहीं बल्कि गाँव से चलती है।

झारखण्ड के लिए हमारे पुरखों ने खून पसीना बहाया है, हम सब उनके आदर्शों पर चलते हुए मिलकर झारखण्ड का एक बेहतर कल लिखेंगे।

**– कल्पना सोरेन, विधायक झामुमो**

## आपके ट्वीट

**महिला** एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा अगले 100 दिनों के लक्ष्य की प्राप्ति और योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर आज वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की।

**– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**





**हाथरस** में आयोजित सत्संग कार्यक्रम के दौरान अचानक मची भगदड़ में हुई जान की क्षति अत्यंत शोकजनक और मर्मान्तक है। हमारी प्रार्थना है कि मरांग बुरु दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ मिले। **– हेमंत सोरेन**

# नैतिकता

## विचार-प्रवाह

**अमीश**

**लॉर्ड** ऑफ द रिंग्स में भलमनसाहत है, नैतिकता है, लेकिन दूसरों के सही या गलत होने के बारे में एक राय उसमें बना ली जाती है। वहीं गेम ऑफ थ्रोंस में पावर प्ले है, नैतिकता का नामोनिशान नहीं है, लेकिन दुनियादारी है।

टोकीन का जन्म 1892 में हुआ और निधन 1973 में। वे खून-खराबे से भरे हुए दशक थे और टोकीन उन सबके गवाह बने। पहली आलमी जंग में दो करोड़ 20 लाख लोग मारे गए। पांच करोड़ लोगों की जान ली स्पेनिश फ्लू ने। महामंदी आई तो अपने साथ ले आई बेरोजगारी, अकाल, महंगाई और बबार्दी की आंधी। फिर आया नाजी उभार। छह करोड़ लोग मारे गए दूसरे विश्व युद्ध में। बावजूद इन सबके इंसान जिंदा रहा, इंसानियत बची रही।

मार्टिन का जन्म 1948 में हुआ। 1940 के दशक के आखिरी हिस्से से पश्चिमी दुनिया में एक लंबा दौर शुरू हुआ, जिसमें कोई बड़ा हिंसक टकराव नहीं हुआ। मार्टिन एक खाते-पीते समाज में पले-बढ़े। वह मानव सभ्यता के शायद सबसे अच्छे दौर के गवाह बने, जब प्रति व्यक्ति हिंसा का स्तर सबसे कम है और प्रति व्यक्ति समृद्धि भी सबसे अधिक है। जिस दौर में मार्टिन का जन्म हुआ, उस वक्त के लोगों की जिंदगी अच्छी रही। जंग के खौफनाक दौर से नहीं पड़ा मार्टिन का साबका। वियतनाम युद्ध की आंच भी उन तक नहीं पहुंच सकी।

आप सोच रहे होंगे कि जिंदगी के इन अनुभवों से दुनिया के बारे में उनका नजरिया तय हुआ होगा। जंग और बेबसी के झंझावात में जिनकी जिंदगी उलझ गई हो, वे तो दुनिया की बदनुमा तस्वीर ही देखेंगे।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### देखभाल भी हो

**नि:संदेह** पौधे लगाने की प्रयास सराहनीय है, लेकिन पौधे लगाने से ज्यादा उनकी देखभाल की जरूरत होती है। देखभाल के अभाव में पौधे सूख जाते हैं। ऐसे में हमें पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल पर भी ध्यान देने की जरूरत है ताकि हम हरे-भरे स्वच्छ पर्यावरण की बहाली में सफल हो सकें। आज की तारीख में यह सबसे आवश्यक कर्म है।

**– श्याम मिश्रा, रांची**

### राजनीतिक लक्ष्य

**मंत्रालय** में प्रत्येक मंत्री की कार्यप्रणाली और निगरानी रखना प्रधानमंत्री का दायित्व है। जब उन्हें लगा कि कोई मंत्रालय सही ढंग से अपना काम नहीं कर रहा है तो उससे संबंधित मंत्री की छुट्टी या विभाग बदलना उनके अधिकार क्षेत्र में आता है। आज पेपर लीक की जबावदेही जिस मंत्री पर है उन्हें कार्यमुक्त कर किसी योग्य को को मंत्री बनाया जाए।

**–सत्यप्रकाश, हजारीबाग**

# पीएमकेवाई योजना देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में परिवर्तनकारी कदम

**डॉ. एमएल जाट**

## आर्थिक

फरवरी 2019 में केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना, देशभर के किसानों को प्रत्यक्ष आय सहायता प्रदान करने के लिए तैयार की गई है। तीन बराबर किस्तों में वितरित 6,000 रुपये के वार्षिक लाभ के साथ, यह योजना किसानों को आवश्यक कृषि व्यय पूरा करने और साहूकारों पर निर्भरता से बचाने में मदद करती है। यह वित्तीय सहायता परिवर्तनकारी सिद्ध हुई है, जिससे किसान उपकरण, बीज, उर्वरक, कीटनाशक एवं अन्य कृषि इनपुट में निवेश करने में सक्षम हुए हैं और फसल की पैदावार, कृषि उत्पादकता एवं स्थिरता में वृद्धि हुई है।

पीएम-किसान योजना प्रारंभ होने के बाद से 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.02 लाख करोड़ रुपये से अधिक का वितरण किया गया है, जो इस योजना के तहत 16वीं किस्त के माध्यम से भारतीय कृषि में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इसके अलावा, हाल ही में 20,000 करोड़ रुपये की 17वीं किस्त ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है, जिससे कुल वितरण 3.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर इस योजना का आर्थिक प्रभाव और पहुंच गहरी रही है। अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान (आईएफपीआरआई) के एक अध्ययन में पाया गया कि उत्तर प्रदेश में पीएम-किसान लाभार्थियों को बिना किसी लीकेज के पूरी राशि प्राप्त हुई, जिससे कृषि में निवेश करने की उनकी क्षमता में काफी सुधार हुआ। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में 3.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सहायता से न केवल किसानों की वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा मिला है, बल्कि स्थानीय बाजारों और सेवाओं को भी गति मिली है।

इस योजना में किसानों के बैंक खातों में सीधे पारदर्शी और समय पर धन वितरण सुनिश्चित करने के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) तंत्र का उपयोग किया जाता है। आधार, सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के साथ एकीकरण द्वारा सुगम यह विधि धोखाधड़ी के जोखिम को कम करती है और यह सुनिश्चित करती है कि इसका लाभ इच्छित प्राप्तकर्ताओं तक पहुंच सके। इस योजना के लिए विशेष रूप से शुरू किया गया पीएम-किसान पोर्टल लाभार्थियों को वैधीकृत करने के लिए विभिन्न डेटा बिंदुओं को एकीकृत करता है, जिससे पात्र किसानों को लाभ प्रदान करना सुनिश्चित हो पाता है। इसके अतिरिक्त, आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य हो गया है, जिससे पारदर्शिता और दक्षता में अतिरिक्त वृद्धि हुई है। लाभार्थियों की सहायता के लिए, पीएम-किसान योजना में अनेक अभिनव सहायता पहल शामिल हैं। समर्पित वेब पोर्टल, मोबाइल एप्लिकेशन और एसएमएस अलर्ट किसानों को अपनी स्थिति को ट्रैक करने, ई-केवाईसी पूरा करने और उनकी शिकायतों को दूर करने में सक्षम बनाते हैं। अपनी स्थिति जानें (केवाईएस) मॉड्यूल किसानों को एक क्लिक पर उनके पंजीकरण और लाभ की स्थिति का व्यापक अवलोकन प्रदान करता है।

इसने किसानों को रियल टाइम जानकारी प्रदान करके सशक्त बनाया है और बिचौलियों पर उनकी निर्भरता कम कर दी है। इसके अलावा, एआई-संचालित चैटबॉट किसान ई-मित्र की शुरूआत ने किसानों के लिए सहायता में क्रांतिकारी बदलाव किया है, जो 11 भाषाओं में रियल टाइम सहायता प्रदान करता है। यह सेवा पांच लाख से अधिक कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) और भारतीय डाक भुगतान बैंक (आईपीपीबी) के साथ मिलकर, योजना से संबंधित सेवाओं को किसानों के दरवाजे तक पहुंचाती है, जिससे समावेशिता और पहुंच सुनिश्चित होती है।

# अहंकार, घमंड, ज्ञान और अज्ञान की दक्षिणा दें अपने गुरुदेव को

**जगदीश सिह अमृत**

## चिंतन

दक्षिणा : गुरु और शिष्य को एक दूसरे के निकट लाती है

भारतवर्ष के गुरुकुलों में विद्यार्थी जब पढ़ने जाते थे तो वे या तो गुरु और उसके परिवार की सेवा करके अथवा यदि संपन्न परिवार के हुए तो कुछ शुल्क देकर विद्या प्राप्त करते, किंतु प्रायः शुल्क देनेवाले कम ही व्यक्ति होते थे और अधिकांश सेवासुश्रूषा से ही विद्या प्राप्त कर लेते थे।

प्रायः ऐसे विद्यार्थी अपनी शिक्षा समाप्त कर जब घरचलने लगते तब गुरु को सम्मान और श्रद्धास्वरूप कुछ भेंट अर्पित करते जो दक्षिणा कहलाती थी। धीरे धीरे गुरुदक्षिणा की रीति सी बन गई और अत्यंत गरीब विद्यार्थी भी कुछ न कुछ दक्षिणा अवश्य देने का यत्न करने लगे। यह दक्षिणा विधान में आवश्यक रूप से देय मानी गई हो, ऐसा नहीं, किंतु श्रद्धालु विद्यार्थी स्वेच्छया उसको दें, यह क्रम हो गया और आज भी प्राचीन परिपाटी से पढ़नेवाले विद्यार्थी गुरुपूर्णिमा (आषाढ़ मास की) के दिन अपने गुरुओं की द्रव्य, फल मूल, पुष्प और मिष्ठान्न दक्षिणा सहित पूजा करते हैं।गुरुदक्षिणा गुरु के प्रति सम्मान व समर्पण भाव है। गुरु के प्रति सही दक्षिणा यही है कि गुरु अब चाहता है कि तुम खुद गुरु बनो। गुरुदक्षिणा उस वक्त दी जाती है या गुरु उस वक्त दक्षिणा लेता है जब शिष्य में सम्पूर्णता आ जाती है। अर्थात जब शिष्य गुरु होने लायक स्थिति में होता है। गुरु के पास का समग्र ज्ञान जब शिष्य ग्रहण कर लेता है और जब गुरु के पास कुछ भी देने के लिए शेष नहीं रह जाता तब गुरुदक्षिणा सार्थक होती है। गुरुदक्षिणा का अर्थ है कि गुरु से प्राप्त की गई शिक्षा एवं ज्ञान का प्रचार-प्रसार व उसका सही उपयोग कर जनकल्याण में लगाएँ। मूलतः गुरुदक्षिणा का अर्थ

> गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण करने के बाद जब अंत में शिष्य अपने घर जाता है तब उसे गुरुदक्षिणा देनी होती है। गुरुदक्षिणा का अर्थ कोई धन–दौलत से नहीं है। यह गुरु के ऊपर निर्भर है कि वह अपने शिष्य से किस प्रकार की गुरुदक्षिणा की माँग करे। गुरु दक्षिणा की प्रथा आज भी कायम है शिष्य अपने उपार्जन या संपत्ति से प्राप्त सर्वोत्तम वस्तु गुरु को अर्पित करता है ।

शिष्य की परीक्षा के संदर्भ में भी लिया जाता है।

गुरु का प्रेम दिखने में कठोर होता है, किंतु इससे शिष्य का जरा भी अहित नहीं होता। गुरु का पूरा जीवन अपने शिष्य को योग्य अधिकारी बनाने में लगता है। गुरु तो अपना कर्तव्य पूरा कर देता है, मगर दुसरा कर्तव्य शिष्य का है वह है- गुरुदक्षिणा।

गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण करने के बाद जब अंत में शिष्य अपने घर जाता है तब उसे गुरुदक्षिणा देनी होती है। गुरुदक्षिणा का अर्थ कोई धन-दौलत से नहीं है। यह गुरु के ऊपर निर्भर है कि वह अपने शिष्य से किस प्रकार की गुरुदक्षिणा की माँग करे। गुरु दक्षिणा की प्रथा आज भी कायम है शिष्य अपने उपार्जन या संपत्ति से प्राप्त सर्वोत्तम वस्तु गुरु को अर्पित करता है ।

यह उसकी आध्यात्मिक शक्ति के प्रति उसकी भक्ति की प्रतिबद्धता का एक रूप है ।दक्षिणा, गुरु और शिष्य को एक दूसरे के निकट लाती है तथा उनके बीच धीरे-धीरे अधिक गहरा संबंध स्थापित होता जाता है। शिष्य एक ऐसे पुत्र का उत्तरदायित्व स्वीकार कर लेता है जो अपने पिता की देखरेख करता है तथा उसकी प्रत्येक आवश्यकता का ख्याल रखता है। भारत में शिष्यगण गुरु की सेवा हेतु अपने सभी साधनों का उपयोग करते हैं ।वास्तव में वे गुरु चरणों में अपना सर्वस्व तक निछावर कर देते हैं वे इस बात के प्रति आश्वस्त रहते हैं कि वे जो कुछ भी दे रहे हैं एक सुपात्र के हाथों जा रहा है। वह यह भी जानते हैं कि आध्यात्मिक दृष्टि से प्रबुद्ध व्यक्ति के लिए धन संपत्ति, यश, प्रतिष्ठा एवं प्रसिद्धि का कोई महत्व नहीं होता।वे इनका उपयोग से एक उद्देश्य से करते हैं संपूर्ण मानव समाज में ज्ञान और विवेक का प्रसार।भौतिक संपदा का उपयोग का इससे अधिक उत्तम तरीका क्या हो सकता है

(लेखक योग में पीजी और योग प्रशिक्षक हैं।)

# न्याय मिलने में लंबी देरी पर तत्काल कदम उठाने की जरूरत

**आर.के. सिन्हा**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने पटना हाई कोर्ट के 100 साल पूरा होने के मौके पर देश की अदालतों में लंबित मामलों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई थी। यह बात 2016 की है। वे जब अपना वक्तव्य दे रहे थे तब देश के चोटी के वकील, जज और अन्य गणमान्य लोग वहां मौजूद थे। सारा देश जानता है कि देश की निचली से लेकर उच्चतम न्यायालयों तक में मामलों की संख्या लाखों-करोड़ों हो चुकी है और बढ़ती ही चली जा रही है। इस कारण न्याय पाने वालों को अभूतपूर्व देवकी नंदन पांडे, विनोद कश्यप और अशोक वाजपेयी जैसे दिग्गज हिन्दी न्यूज रीडरों के साथ, डॉ. शीला मेहरा ने ऑल इंडिया रेडियो से दशकों तक देश-दुनिया को अपनी धीर-गंभीर आवाज में खबरें सुनाई हैं।लगभग एक दशक पहले सरकारी नौकरी से रिटायर होने के बाद, उनका जीवन बदल गया। उसके बाद वो अपने पति आर.के. मेहरा के साथ गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ( जीडीए) के धक्के खाने लगीं। कारणः मेहरा दंपति ने गाजियाबाद में 25 हजार रुपये में जमीन खरीदी थी। यह 1970 के दशक के शुरूआत की बात है। इनकी तरह कई अन्य लोगों ने भी गाजियाबाद में जमीनें खरीदी थीं। दिल्ली के कोलाहल से दूर घर बनाने की उनकी उम्मीद 1975 में जीडीए द्वारा उनकी जमीन अधिग्रहण करने के साथ ही चकनाचूर हो गई। उस समय जीडीए को आवास विकास के नाम से जाना जाता था। जीडीए ने अधिग्रहीत जमीन पर बाद में प्रताप विहार को विकसित किया, लेकिन उन सभी किस्मत के मारे लोगों को एक पैसा भी नहीं मिला जिनकी जमीन अधिग्रहीत की थी। वे सब के सब नौकरीपेशा लोग थे।



अपने भाग्य को कोसने के बजाय, डॉ. शीला मेहरा, उनके पति और बाकी लोग अपनी अधिग्रहीत जमीन का उचित और न्यायसंगत मुआवजा पाने के लिए जीडीए से लड़ रहे हैं। मेहरा दंपति ने 2 फरवरी, 1978 को गाजियाबाद की निचली अदालत में मुकदमा दायर किया ताकि उन्हें मुआवजा मिल सके। उन्हें और शेष लोगों को जीडीए के शीर्ष अधिकारियों से आश्वासन के अलावा, कुछ भी हासिल नहीं हो रहा है। वे अपने वकीलों को फीस दे रहे हैं, हालांकि उनकी आय के स्रोत बहुत कम हैं। कब जीडीए से मुआवजा पाने के लिए लड़ रहे लोगों को न्याय मिलेगा? जीडीए जैसे विभागों के कामकाज को जानने वाले कहते हैं कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक आदेश से सैकड़ों असहाय लोगों को उनका हक मिल सकता है। , गाजियाबाद की निचली अदालत में 1978 मुकदमा दायर किया था। इन्हें अदालत से नियमित तौर पर तारीखें मिलती हैं। अदालत की तारीख के दिन, पांच लोगों को वहां मौजूद रहना होता है। यह हैं- केस के जज, मुकदमे के वादी, उनके वकील, जीडीए के वकील और जीडीए के अधिकारी।

यह गंभीर चिंता का विषय है कि देश की विभिन्न अदालतों में लंबित मामलों की संख्या पांच करोड़ को पार कर गई है, जैसा कि 20 जुलाई, 2023 को राज्यसभा को बताया गया। देश के तब के विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट, 25 उच्च न्यायालयों और अधीनस्थ न्यायालयों में 5.02 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। भारत में 2022 में जजों की स्वीकृत संख्या प्रति दस लाख आबादी पर 21.03 की थी। जजों की कुल स्वीकृत संख्या सर्वोच्च न्यायालय में 34, उच्च न्यायालयों में 1108, और जिला अदालतों में 24,631 थी। भारत के विधि आयोग और न्यायमूर्ति वी एस मलीमथ की समिति ने जजों की संख्या प्रति दस लाख आबादी पर 50 तक बढ़ाने की सिफारिश की थी। जजों की स्वीकृत संख्या निर्धारित होने के बावजूद, भारत की अदालतों ने जजों की रिक्ति के कारण काफी समय से पूरी क्षमता में काम नहीं किया है।

अदालतों में लंबित मामलों का निपटान न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। सरकार का अदालतों में मामलों के निपटान में कोई सीधा हस्तक्षेप नहीं है। लेकिन, विशेषज्ञों का कहना है कि केंद्र और राज्य सरकारें भी मामलों के निपटान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उदाहरण के लिए, यदि उत्तर प्रदेश के तेजतर्रार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जीडीए को निर्देश दें तो मुआवजा चाहने वालों को तुरंत न्याय मिल सकता है। इससे डॉ. शीला मेहरा जैसे लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाई जा सकती है। पिछली 17 फरवरी को भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा था, नचली अदालतें ही हैं जहां समस्याओं का समाधान शुरू होता है, वहां ध्यान देने की आवश्यकता है। सुप्रीम कोर्ट में ऐसे कई मामले बढ़ रहे हैं जो खुद निचली अदालत में ही निपटने चाहिए। लेखक सलमान रुश्दी की दिल्ली के पॉश एरिया फ्लैग स्टाफ रोड में पैतृक संपत्ति का कोर्ट में बीती आधी सदी से चल रहा कानूनी विवाद इस बात की चीख-चीख कर पुष्टि करता है कि हमारे यहां कोर्ट के रास्ते से न्याय पाना कितना कठिन और थकाने वाली प्रक्रिया है। बेशक, भारत की विधि व्यवस्था पर सवाल खड़ी करती है न्याय मिलने में होने वाली अभूतपूर्व देरी। इस तरफ तत्काल कदम उठाने की जरूरत है।

## सुबोध लॉ क्लासेस के छात्रों का झारखंड न्यायिक परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन













**रांची** के शहीद चौक स्थित सुबोध लॉ क्लासेस के 20 विद्यार्थियों ने झारखंड न्यायिक पीटी परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। 2 जुलाई 2024 को घोषित झारखंड न्यायिक पीटी परीक्षा परिणाम में रांची के शहीद चौक स्थित सुबोध लॉ क्लासेस के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में कुल 20 विद्यार्थी सफल हुए हैं। साक्षी राही, ऋषा सिंह, अभिषेक वर्मा और स्तुति ने सामान्य वर्ग में सफलता प्राप्त की है, जबकि अनुप्रिया, कुंदन, अब्दुल, सुमित ने ओबीसी वर्ग में सफलता प्राप्त की है। एसटी वर्ग के विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। एसटी वर्ग में दीपक मुंडा, दीपशिखा कुजूर, राजेंद्र बेदिया, निकिता मिंज, सोनाली टोप्पो, अंजलि किस्कू, निरेन कोंगारी, निरंजन भगवार ने सफलता प्राप्त की है। ईडब्ल्यूएस में विष्णु ने सफलता प्राप्त की है, जबकि एससी वर्ग से भी कई विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। संस्थान के निदेशक सुबोध कुमार ने विद्यार्थियों को उनकी शानदार सफलता पर बधाई दी है और उन्हें मुख्य परीक्षा की गंभीरता से तैयारी करने की सलाह दी है। उन्होंने छात्रों को मुख्य परीक्षा पास करने के लिए लेखन कौशल विकसित करने की सलाह दी। उन्होंने छात्रों को परीक्षक का ध्यान आकर्षित करने के लिए उत्तर के परिचयात्मक और समापन भाग को बहुत प्रभावशाली तरीके से लिखने की सलाह दी। उन्होंने छात्रों को उत्तर को आकर्षक बनाने के लिए हाल के केस कानूनों को लिखने की भी सलाह दी। उन्होंने छात्रों को उत्तर को अनावश्यक रूप से बड़ा न करने की भी सलाह दी।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूलमें ग्यारहवीं कक्षा के नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत

**कार्यक्रम** का शुभारंभ विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सिमी मेहता, प्रधानाचार्य श्री रंजीत कुमार ठाकुर, जूनियर विंग इंचार्ज श्री राजकिशोर शर्मा, एकेडमिक कॉर्डिनेटर श्री रवि शेखर एवं परीक्षा नियंत्रक श्रीमती पी. तामिल सेल्वी के सामूहिक दीप प्रज्वलन से हुआ।

12वीं के विद्यार्थियों ने ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को मंगल तिलक लगाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके उपरांत स्वागत गीत एवं कथक नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसने सभी विद्यार्थियों का मन मोह लिया। नये विद्यार्थियों के मनोरंजन के लिए कुछ रोचक खेलों का भी आयोजन किया गया। इसके बाद शिक्षकों का परिचय नये विद्यार्थियों से कराया गया।

सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 11वीं में नामांकित विद्यार्थियों को परीक्षा नियंत्रक श्रीमती पी. तमिल सेल्वी ने परीक्षा के नियमों को विस्तार से बताया और छात्रों को सलाह दी कि सभी परीक्षाएं चाहे स्कूल के बाहर हों या अंदर, उन्हें पूरी तैयारी के साथ गंभीरता से लेने की जरूरत है। श्री विवेक गुप्ता ने नियमित होने वाले प्रार्थना के बारे में जानकारी दी, श्रीमती खुशबू ने सी.सी.ए के बारे में जानकारी दी, श्री अशोक प्रसाद सिंह ने समय सारणी के बारे में जानकारी दी, सुनंदा बाउल और श्री संजय कुमार पांडेय ने अनुशासन के बारे में एवं श्री आर. सरकार ने शारीरिक शिक्षा के बारे में बताया।

इस अवसर पर कक्षा ग्यारहवीं के नव निर्वाचित सदन प्रमुखों एवं विभिन्न प्रीफेक्ट को बैज एवं शैशे पहनाकर उनके कर्तव्यों से अवगत करवाया गया, जिसमें सभी 4 सदनों - बायरन, इलियट, कीट्स और शेक्सपियर के चयनित सदन प्रमुख और हाउस स्पोर्ट्स कप्तान उपस्थित थे।

स्कूल के चेयरमैन डॉ. एस.बी.पी. मेहता ने अपने संदेश में छात्रों को आधुनिक दुनिया की चुनौतियों का दृढ़ता से सामना करने और ईमानदारी से देश की सेवा करने की सलाह दी और उनके समृद्ध भविष्य की कामना की। इस शुभ अवसर पर उन्होंने नवनामांकित छात्र-छात्राओं को 21वीं सदी में उपलब्ध विभिन्न क्षेत्रों में अपना स्वर्णिम भविष्य बनाने के लिए प्रारंभ से ही दृढ़ संकल्पित रहने की प्रेरणा दी।







विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सिमी मेहता ने छात्रों को समर्पित और अनुशासित होकर स्कूल का नाम सुनहरे अक्षरों में चमकाने के लिए उत्साहित और प्रेरित किया। उन्होंने बोर्ड परीक्षा में छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं देते हुए नवागंतुकों को उत्कृष्ट परिणाम के लिए प्रेरित भी किया।

इस गरिमामय अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रंजीत कुमार ठाकुर ने ग्यारहवीं के नए विद्यार्थियों का स्वागत किया। और उन्हें दसवीं कक्षा के बोर्ड के शानदार नतीजों के लिए बधाई दी। इसके बाद उन्होंने छात्रों को विद्यालय से संबंधित महत्त्वपूर्ण नियमों के बारे में जानकारी दी और बताया कि यह स्कूल अनुशासन के लिए जाना जाता है, इसलिए छात्र पूरे समर्पण के साथ पढ़ाई करके अपना भविष्य निखार सकते हैं। उन्होंने छात्रों को समय प्रबंधन, आशावाद, निरंतरता और नैतिकता रखने की भी सलाह दी।

मंच संचालन अंग्रेजी के शिक्षक श्री नबारुण सेनगुप्ता और कक्षा बारहवीं के अनिकेत उपाध्याय एवं मुस्कान ने किया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन श्री शशिभूषण सिंह के धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। पूरे कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थी उत्साह, उमंग और रोमांच से भरे रहे।

# देश में कम आयुवर्ग की बच्चियों के विवाह में सबसे ज्यादा सुधार होना जरूरी

**डॉ. निवेदिता शर्मा**



**संयुक्त राष्ट्र** की एक रिपोर्ट कुछ समय पहले ही आई है, जिसके आंकड़े बता रहे हैं कि वैश्विक अनुमान के अनुसार करोड़ों लड़कियों की शादी 18 साल की उम्र से पहले हो जाती है। इनमें से एक तिहाई मामले अकेले भारत के हैं। भारत को लेकर रिपोर्ट कहती है कि 20 करोड़ से अधिक महिलाओं का विवाह बचपन में ही हो गया था । विश्व स्तर पर सतत विकास लक्ष्य रिपोर्ट 2024 के अनुसार, पांच में से एक लड़की की शादी 18 वर्ष की आयु से पहले हो जाती है, जबकि 25 वर्ष पहले यह संख्या चार में से एक थी। इस सुधार ने पिछली तिमाही सदी में लगभग 68 करोड़ बाल विवाहों को रोके जाने पर विभिन्न एजेंसियों ने काम किया है।

इन प्रगतियों के बावजूद, संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि दुनिया लैंगिक समानता के मामले में पीछे रह गई है। लैंगिक असमानता के क्षेत्र में भी चुनौतियां व्याप्त हैं। सर्वेक्षण वाले 120 देशों में से लगभग 55 प्रतिशत देशों में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव पर पाबन्दी लगाने वाले कानून नहीं हैं। महिलाओं के खिलाफ हिंसा और कई महिलाओं के लिए उनके यौन और प्रजनन स्वास्थ्य के मामले में स्वायत्तता की कमी जैसे मुद्दे अभी भी बने हुए हैं। मौजूदा गति से, पुरुषों और महिलाओं के बीच प्रबंधन पदों में समानता हासिल करने में 176 साल लगेंगे। अब इस संपूर्ण रिपोर्ट में विचार करें भारत कहां और किस स्थिति में है। इसलिए यहां विषय भारत के संदर्भ में इस वैश्विक रिपोर्ट की गहराई से पड़ताल करने की है।

भारत के लोगों को भी यह देखना चाहिए कि आखिर यह इतनी बड़ी जनसंख्या बेटियों की जो 18 साल से कम है, वह जनसंख्या किस समाज के द्वारा सबसे अधिक बढ़ाई गई या जा रही है। हालांकि अनेक सरकारी एजेंसियां एवं पुलिस विभाग समेत स्वयंसेवी संस्थाएं भी यह लगातार चिंता करती हैं और बाल विवाह के रोकथाम के लिए भारत में सक्रिय हैं। यह भी सच है कि इनके संयुक्त प्रयासों से विवाह बहुत बड़ी संख्या में रुकते भी हैं, किंतु इसके बाद भी यदि यह आंकड़ा 20 करोड़ लड़कियों का वैश्विक स्तर पर दिखाई देता है, तब यह अचानक से तो नहीं हो सकता है।

भारत में हिंदू मैरिज एक्ट, 1955 के अनुसार, लड़की की उम्र 18 और लड़के की उम्र 21 साल होनी चाहिए, ईसाई विवाह कानून 1872, पारसी धर्म, सिख, बुद्ध, जैन समेत सभी के लिए यही विवाह की उम्र मान्य है, किंतु इस्लाम में शादी के लिए तय की गई उम्र की सीमा इससे अलग है। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड कहता है कि किसी लड़की या लड़के में यौवन यानी प्यूबर्टी की शुरूआत हो जाने पर उन्हें विवाह योग्य मान लिया जाता है और यह प्यूबर्टी की उम्र 14 से 15 साल में मानी जाती है । इस्लाम कई इमाम इसे लेकर समझाते हुए मिलते हैं, इनके कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर मौजूद हैं, जिन्हें संदर्भ के तौर पर देखा भी जा सकता है। कई तो विवाह की उम्र 14 साल से भी कम बताते हुए मिल जाते हैं।

ऐसे में भारत की कम उम्र में बालिका विवाह की संख्या कौन बढ़ा रहा है, यह स्वभाविक तौर पर समझा जा सकता है । इसका अर्थ यह नहीं है कि हिन्दुओं में विवाह कम उम्र में नहीं हो रहे। ग्रामीण भारत से इस प्रकार की अनेकों शिकायतें मिलती हैं, फिर जिनको संज्ञान में लेकर पुलिस तंत्र समेत कई स्वयंसेवी संस्थाएं आगे आकर सुधार के लिए कार्य करती हुई दिखाई भी देती हैं । किंतु क्या यह सुधार भारत की दूसरी सबसे बड़ी जनसंख्या अनुमानतः जोकि 30 करोड़ के करीब पहुंच चुकी है, उस मुस्लिम जनसंख्या के बीच भी हो रहा है ? यदि नहीं हो रहा है तो फिर छोटी उम्र में विवाह होने का यह आंकड़ा कम नहीं हो सकता है।

पिछले साल ऐसे ही एक केस की सुनवाई उच्चतम न्यायालय में हुई । सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के उस फैसले की जांच करने पर सहमति जताई थी, जिसमें कहा गया था कि मुस्लिम लड़की यौवन प्राप्त करने के बाद अपनी पसंद के व्यक्ति से शादी कर सकती है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि हाई कोर्ट के फैसले को किसी अन्य मामले में मिसाल के तौर पर नहीं लिया जाना चाहिए। किंतु हुआ इसमें वही जो इस्लाम का शरीयत कानून कहता है।

26 वर्षीय मुस्लिम व्यक्ति ने 16 साल की नाबालिग लड़की से शादी की थी और अपनी पत्नी की कस्टडी के लिए हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। पंजाब पुलिस ने लड़की को इसलिए अपने कब्जे में ले लिया था क्योंकि वह नाबालिग थी। किंतु सब कुछ जानने के बाद उच्च न्यायालय ने लड़की की इच्छा के अनुसार उसकी शादी की अनुमति दे दी, विशेषकर इसलिए क्योंकि मुस्लिम कानून के तहत, लड़की की शादी यौवन प्राप्त करने के बाद भी की जा सकती है। हाई कोर्ट के फैसले में सर दीनशाह फरदुनजी मुल्ला द्वारा विवाह की क्षमता पर लिखे गए मोहम्मडन कानून के सिद्धांतों का हवाला दिया गया। इसमें कहा गया है; प्रत्येक स्वस्थ मस्तिष्क वाला मुसलमान, जो यौवन प्राप्त कर चुका है, विवाह का अनुबंध कर सकता है।पागलों और नाबालिगों, जो यौवन प्राप्त नहीं कर पाए हैं, का उनके संबंधित अभिभावकों द्वारा वैध रूप से विवाह कराया जा सकता है।किसी स्वस्थ मस्तिष्क वाले तथा यौवन प्राप्त कर चुके मुसलमान का विवाह, यदि उसकी सहमति के बिना किया जाता है, अमान्य है। साक्ष्य के अभाव में, पंद्रह वर्ष की आयु पूरी होने पर यौवन की उपधारणा की जाती है।

जब हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ इस मामले को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग सुप्रीम कोर्ट लेकर गया तो वहां बाल अधिकार निकाय की ओर से तर्क दिया था कि हाई कोर्ट के फैसले ने अनिवार्य रूप से बाल विवाह की अनुमति दी है और यह बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 का उल्लंघन है। बाल विवाह अधिनियम एक धर्मनिरपेक्ष कानून है और यह सभी धर्मों पर लागू होगा। एनसीपीसीआर ने यह भी तर्क दिया कि चूंकि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, 2012 नाबालिगों द्वारा यौन गतिविधि के लिए सहमति को मान्यता नहीं देता है, इसलिए यौवन प्राप्त करने पर विवाह की अनुमति नहीं दी जा सकती।

इस मुद्दे पर कई उच्च न्यायालयों ने अलग-अलग फैसले भी हैं। जैसे कि कर्नाटक उच्च न्यायालय ने सीमा बेगम पुत्री खासिमसब बनाम कर्नाटक राज्य (2013) के मामले में कहा था कि ₹कोई भी भारतीय नागरिक किसी विशेष धर्म से संबंधित होने के आधार पर पीसीएम के आवेदन से छूट का दावा नहीं कर सकता है₹ । फरवरी 2021 में, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने एक मुस्लिम जोड़े (17 वर्षीय लड़की और 36 वर्षीय व्यक्ति की शादी) को संरक्षण प्रदान किया, यह मानते हुए कि उनका विवाह व्यक्तिगत कानून के तहत वैध विवाह था। उच्च न्यायालय ने बाल विवाह निषेध अधिनियम के प्रावधानों की जांच की, लेकिन माना कि चूंकि विशेष कानून व्यक्तिगत कानूनों को खत्म नहीं करता है, इसलिए मुस्लिम कानून लागू होगा।

कुल मिलाकर आज इस्लाम एवं कुछ अन्य समाजों में भी बड़ी संख्या में विवाह हो रहे हैं, जबकि बाल विवाह महिलाओं के मानवाधिकारों का उल्लंघन करता है। यह बच्चियों से उनके बुनियादी अधिकारों में शिक्षा का अधिकार, आराम और अवकाश का अधिकार, मानसिक या शारीरिक शोषण से सुरक्षा का अधिकार छीनता है, जिसका परिणाम समाज में बलात्कार एवं यौन शोषण समेत अन्य अत्याचारों के रूप में सामने आता है। बाल विवाह के साथ ही किशोर गर्भावस्था एवं चाइल्ड स्टंटिंग, जनसंख्या वृद्धि, बच्चों के खराब लर्निंग आउटकम और कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी की हानि जैसे परिणाम भी जुड़ जाते हैं। इसलिए सभी इसे रोकने के लिए आज आगे आएं यह बेहद जरूरी हो गया है।

**(लेखिका, मध्य प्रदेश बाल संरक्षण आयोग की सदस्य हैं।)**

## सोशल मीडिया युवाओं के लिए घातक और हानिकारक होता जा रहा है

**कृति प्रकाश**

आज की पीढ़ी जहा टेक्नोलॉजी के सहारे चांद तक पहुंचाती जा रही वहीं दूसरी तरफ इन्ही टेक्नोलॉजी का गलत उपयोग भी युवा युवा पीढ़ी को अंधकार की तरफ ढकेल रहा है। हमने अक्सर अपने आसपास यह देखा है कि लोग दिनभर अपने फोन पर लगे रहते हैं जिनमेंसे ज्यादातर वक्त वह सोशल मीडिया मैसेज फेसबुक , इंस्टाटाग्राम , यूट्यूबट्यू आदि पर गुजारते हैं।

अगर हम आंकड़ों को देखे तो 2010 में फेसबुक इंस्टाग्राम स्नैपनैचैटचै ट्विटर आदि ने 72%युवा को अपना शिकार बना लिया था जबकि आज 2024 में 92 - 95% तक युवा इसकी चपेट में आ चुके हैं। जिसका एक मुख्य कारण भी सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर है। जिससे प्रभावित होकर युवा पीढ़ी पढ़ाई लिखाई तथा अपने करियर को छोड़कर सिर्फसोशल मीडिया पर समय व्यतीत करने में लगी पड़ी हैं ।

आज के समय में युवाओं के प्रेरणा श्रोत कलाम और सुभाष चंद्र बोस नहीं बल्कि सोशल मीडिया के नामी इन्फ्लुएंस होने लगे है। भारत में कुल 35% युवा पीढ़ी निवास करती है। जिसमें 15-29 आयु वाले युवा युवा ओं में सोशल मीडिया का इस्तेमाल सबसे अधिक किया जाता है। अगर हम वास्तविकता को देखे तो सोशल मीडिया का प्रभाव न केवल युवा यु ओं के भविष्य पर बल्कि उनके आज पर भी पढ़ रहा है सोशल मीडिया पर दूसरों की जीवनी को देख देखकर वह भी अपने जीवन को उसी प्रकार बनाने में लगे पड़े हैं जिसकी वजह से वह एक दिखावटी और बनावटी जिंदगी जी रहे हैं ।

इस हानिकारक दुष्प्रभाव को रोकने के लिए अगर युवा यु ओं को जल्दी समझा या तथा संभाल नहीं गया तो उनका भविष्य गहरे संकट में जा सकता है और न सिर्फ उनका बल्कि उनके साथ उनके परिवार , समा ज और देश का भी भविष्य संकट में जा सकता है हैक्योंकि कोई भी परिवार ,समाज तथा देश अपने युवा यु ओं पर ही निर्भर है । इसलिए हमें युवा यु ओं को जागरूक करना होगा उन्हें बताना होगा कि सोशल मीडिया का निर्मा ण हमारे हित के लिए किया गया था हमारी सुविधा के लिए किया गया था उसका गलत उपयोग न करें सोशल मीडिया का जितना कम से कम उपयोग करें वह उनके लिए उतना अच्छा होगा।

स्पीड न्यूज

# श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ न्यू केबुल टाउन में प्रारंभ

- कलश स्थापित करने के बाद यात्रा में मौजूद हजारों महिला भक्तों ने प्रभु प्रसाद ग्रहण किया
- पहले दिन कलश यात्रा में ऐसा लगा मानो सड़कों पर पीला समंदर उमड़ आया हो
- 31 ब्राह्मणों ने जलयात्रा के साथ ही पंचांग पूजन, ब्राह्मण वरण, मंडप प्रवेश, वेदी निर्माण और जलाधिवास भी संपन्न कराया
- जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय थे प्रमुख यजमान
- आज होगा देवताओं का आवाहन पूजन, पाठ, जप, अन्नाधिवास, धृताधिवास, गंधाधिवास और धूपाधिवास का कार्यक्रम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर, केबुल टाउन का प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ बुधवार से प्रारंभ हो गया। महायज्ञ के पहले दिन हजारों महिलाओं ने कलश यात्रा कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कलश विधि विधान से स्थापित कर दिया गया। इसके बाद कलश यात्रा में मौजूद हजारों महिला भक्तों ने प्रभु प्रसाद ग्रहण किया। बुधवार को जलयात्रा के साथ ही पंचांग पूजन, ब्राह्मण वरण, मंडप प्रवेश, वेदी निर्माण और जलाधिवास भी संपन्न कराया गया। गुरुवार को देवताओं का आवाहन पूजन, पाठ, जप, धन्नाधिवास, धृताधिवास, गंधाधिवास और धूपाधिवास का कार्यक्रम होगा।

**सुबह छह बजे से ही महिलाओं का शुरु हो गया था जुटान :** बुधवार की सुबह 6 बजे से ही महिला श्रद्धालु श्री लक्ष्मीनारायण परिसर में जुटना शुरू हो गयी थीं। यहां से महिला श्रद्धालुओं को बसों में बिठा कर सोनारी दोमुहानी नदी ले जाया गया। यहां सबसे पहले गौरी-गणेश जी का पूजन हुआ। इसके बाद वरुण पूजन, जलमात्रिका, स्थल मात्रिका, जीव मात्रिका और उड़द-दही की बलि दी गयी। प्रमुख यजमान जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय थे। उन्होंने संकल्प किया। उनके साथ कई अन्य लोगों ने भी संकल्प किया। नदी तट पर 31 ब्राह्मणों ने पूजन विधि संपन्न करायी। इसके बाद सारे लोग मंदिर परिसर में आ गये। मंदिर में पंचांग पूजन, ब्राह्मण वरण, मंडप प्रवेश, वेदी निर्माण और जलाधिवास भी संपन्न कराया गया।

**बेहद अनुशासित ढंग से निकली कलश यात्रा :** हजारों की संख्या में सड़कों पर उमड़ आयी महिला श्रद्धालुओं ने अनुशासन का पालन किया। सभी पंक्तिबद्ध थीं। आयोजक भी माइस से उन्हें लगातार पंक्तिबद्ध होकर चलने का निर्देश दे रहे थे। किसी ने अनुसासन तोड़ने की कोशिश नहीं की।

**दिखा पीले वस्त्र में अलौकिक नजारा :** अधिकांश महिला श्रद्धालुओं ने पीले रंग का वस्त्र धारण किया था। कुछेक ने लाल साड़ी भी पहन रखी थी। ये जब कतारबद्ध होकर पीले वस्त्रों में चल रही थीं तो देखने वाले टकटकी लगाए इनके अनुशासन की तारीफ करने लगते थे। सबके श्रीमुख से श्री नारायण...नारायण के बोल प्रस्फुटित हो रहे थे।




स्वर्णरेखा दुमुहानी घाट पर कलश पूजन करते विधायक सरयू राय। साथ में मधु जी व अन्य। लक्ष्मीनारायण मंदिर में कलश लेकर पहुंचे सरयू राय, साथ में महिला मोर्चा की श्रीमती मंजू सिंह, वरिष्ठ नेता हरेराम सिंह व अन्य।




## सरयू राय ने मंदिर प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का न्योता पंकज टिबरेवाल को भेजा

**अधिवक्ता अखिलेश श्रीवास्तव होंगे मंदिर जीर्णोद्धार समिति के सलाहकार**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने दिवालिया घोषित केबुल कंपनी के एनसीएलएटी द्वारा नियुक्त रिजोल्यूशन प्रोफेशनल (आरपी), पंकज टिबड़ेवाल को केबुल कंपनी परिसर में स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर (बिड़ला मंदिर) का जीर्णोद्धार कार्य की विधिवत सूचना दी। उन्हें 07 जुलाई को मंदिर में हो रहे श्री लक्ष्मीनारायण के प्राण-प्रतिष्ठा यज्ञ में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। श्री टिबड़ेवाल को भेजे गये आमंत्रण-पत्र में श्री राय ने बताया है कि केबुल कंपनी परिसर में स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर (बिड़ला मंदिर) का ढांचा जर्जर हो चुका है। इसका निर्माण कार्य करीब 30 वर्ष पहले कंपनी ने स्थगित कर दिया था। तब से मंदिर परिसर में जंगल-झाड़ उग आये और मंदिर के ढांचा के उपर भी पीपल, बरगद आदि के छोटे-छोटे वृक्ष उग आये। इस ढांचा के जर्जर होकर ध्वस्त हो जाने का खतरा को देखते हुए मैंने इसका जीर्णोद्धार करने का निर्णय लिया। जीर्णोद्धार कार्य प्रगति पर है। 07 जुलाई को मंदिर में विधिवत लक्ष्मीनारायण की प्रतिमा स्थापित की जायेगी। उन्होंने श्री टिबड़ेवाल को याद दिलाया कि इस भव्य और विशाल मंदिर का निर्माण इंडियन केबुल कंपनी कर रहा था, परंतु कंपनी की वित्तीय स्थिति खराब हो जाने से इसका निर्माण स्थगित हो गया। उन्होंने पंकज टिबड़ेवाल से आग्रह किया है कि मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य प्रक्रियाधीन है। इसके पूरी तरह से पुराने स्वरूप में आने के लिए काफी काम करना अभी बाकी है। इस बीच गर्भगृह, गोपुरम और मंदिर की सीढ़ियों की मरम्मत कर दी गयी है। ताकि गर्भगृह में श्री लक्ष्मीनारायण प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा हो सके। श्री राय ने पंकज टिबड़ेवाल को भेजे गये आमंत्रण पत्र की प्रति कंपनी के मजदूरों की ओर से एनसीएलएटी में मुकदमा लड़ रहे अधिवक्ता अखिलेश श्रीवास्तव को भी दिया है और उन्हें श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर जीर्णोद्धार समिति का कानूनी सलाहकार नामित किया है। श्री श्रीवास्तव ने कंपनी का कानूनी सलाहकार होने का श्री राय का आग्रह स्वीकार कर लिया है।

## डीसी कुलदीप ने हिरणी फॉल का किया निरीक्षण

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला उपायुक्त श्री कुलदीप चौधरी के द्वारा सुदूरवर्ती बंदगांव प्रखंड के हिरणी फॉल जल प्रपात का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, पोड़ाहाट एसडीओ रीना हांसदा, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल सैफुल्लाह अंसारी, कार्यपालक दंडाधिकारी कुमार हर्ष, जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की सहित अन्य मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने हिरणी फॉल जल प्रपात को पर्यटन स्थल के रूप में और विकसित करने के साथ-साथ आवश्यक मूलभूत सुविधाओं से आच्छादित करने लिए संलग्न पदाधिकारी को दिशा-निर्देश दिये। साथ ही साथ पर्यटन स्थल के समीप अवस्थित गेस्ट हाउस का निरीक्षण उपायुक्त के द्वारा किया गया एवं और बेहतर ढंग से नवीनीकरण करने का निर्देश दिया गया। ताकि विभिन्न जगहों से आए पर्यटकों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो और वह यहां के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद उठा सके। उपायुक्त ने कहा कि हिरणी जलप्रपात की सुंदरता देखते ही बनती है, ऊंचाई से गिरता हुआ पानी की धारा प्राकृतिक सौंदर्य का अनूठा मिशाल है।

## पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पहुंचे जमशेदपुर

**जमशेदपुर।** झारखंड कांग्रेस के पूर्व सैनिक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हरदयाल यादव जमशेदपुर पहुंचे और उन्होंने झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं झारखंड ओबीसी एकता महासभा के अध्यक्ष रामाश्रय प्रसाद के गोलमुरी आवास पहुंचकर उन्हें अंग वस्त्र देकर आशीर्वाद लिया और संगठन संबंध में चर्चा की। रामाश्रय प्रसाद ने कहा कि आप एक कर्मठ योग्य और अनुभवी व्यक्ति हैं जो कि ओबीसी वर्ग से आते हैं आपके ऊपर झारखंड ओबीसी एकता महासभा की एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उपाध्यक्ष पद की दी जा रही है। आशा है कि आप पूरे झारखंड में ओबीसी एकता महासभा को मजबूत करने का काम करेंगे। झारखंड ओबीसी एकता महासभा के पदाधिकारी ने उन्हें अंग वस्त्र देकर धन्यवाद एवं स्वागत किया।

## पांच को तुलसी भवन में होगा छंदमाल्य-4

**जमशेदपुर।** छंदबद्ध रचनाओं की गीतमय प्रस्तुतियों के साथ छंदमाल्य भाग-4 का आयोजन दिनांक 5 जुलाई को 2024 को संध्या 3.30.. में बिष्टुपुर स्थित सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन, तुलसी भवन के प्रयाग कक्ष में छंदमाल्य कवि मंडपम् एवं सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन तुलसी भवन के संयुक्त तत्वावधान में, जमशेदपुर झारखंड द्वारा किया जायेगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता छंदाचार्य दिनेश रविकर करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में रामानंद प्रसाद (तुलसी भवन उपाध्यक्ष), विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ प्रसेनजीत तिवारी (तुलसी भवन के मानद सचिव), डॉ रागिनी भूषण तथा मंजू ठाकुर उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम के चिंतक परिकल्पना प्रतिभा प्रसाद 'कुमकुम' के चिंतन से किया गया है।

# 15780 वाद लंबित, वसूली तेज करने के निर्देश

- सभी पदाधिकारियों को 10-10 बड़े बकायेदार चिह्नित कर कार्रवाई के दिये निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार जमशेदपुर में आहूत बैठक में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त (डीसी) अनन्य मित्तल ने लंबित नीलाम पत्र वादों की विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित पदाधिकारियों को नीलाम पत्र वादों से संबंधित लंबित मामलों के निष्पादन में कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों को नीलाम पत्र वादों की सुनवाई को अपने रूटीन कार्यों में शामिल करने की बात कही।

**लंबित वाद की नियमित समीक्षा कर ऋण वसूली में लायें तेजी**

28 नीलाम पत्र पदाधिकारियों के पास कुल 15780 वाद लंबित हैं जिनमें बकाया 565 करोड़ रू. से ज्यादा की है। डीसी ने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि 10-10 बड़े बकायेदारों को चिन्हित कर संबंधित मामलों की नियमित सुनवाई करें तथा प्राथमिकता के आधार पर प्रतिमाह अधिक से अधिक मामलों में ऋण वसूली की कार्रवाई करें।

सभी जिलास्तरीय नीलाम पत्र पदाधिकारियों को निर्गत वारंट, प्राप्त आपत्तियों, नोटिस तामिला हेतु लंबित मामलों आदि के संबंध में भी अविलंब आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इस संदर्भ में सभी संबंधित पदाधिकारियों को रजिस्टर का मिलान करने तथा थाना के स्तर से कार्रवाई को लेकर संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों से समन्वय बनाने का निर्देश दिए। साथ ही बैंकिंग संस्थानों एवं पक्षकारों के बीच वादों से संबंधित अधतन प्रतिवेदन को नीलाम पत्र पदाधिकारियों से साझा करने एवं समन्वय बनाने को कहा।

बैठक में अपर उपायुक्त रोहित सिन्हा, एलआरडीसी गौतम कुमार, एसडीओ घाटशिला सच्चिदांनद महतो, एसडीओ धालभूम पारूल सिंह, सीओ जमशेदपुर सदर मनोज कुमार, सीओ मानगो, पोटका, गुड़ाबांदा एवं घाटशिला समेत अन्य सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी उपस्थित थे।



बैठक में सहयोगी पदाधिकारियों को निर्देश देते डीसी अनन्य मित्तल।

## एक नजर में

### निजी विद्यालय में आरक्षित सीटों पर नामांकन के लिए उपायुक्त कार्यालय में लॉटरी का आयोजन

**जमशेदपुर।** डीसी अनन्य मित्तल के निदेर्शानुसार निजी विद्यालयों में 25% आरक्षित सीटों पर नामांकन हेतु लॉटरी का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में पूरी प्रक्रिया पूर्ण की गयी। बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक, शिक्षा पदाधिकारी एवं सभी निजी विद्यालयों के प्राचार्य एवं अभिभावक संघ के प्रतिनिधि उपस्थित थे। सभी की उपस्थिति में एक-एक कर 43 वैसे विद्यालय जिसमें निश्चित सीट से अधिक संख्या में फॉर्म प्राप्त हुए थे उनमें लॉटरी कर सूची को अंतिम रूप दिया गया। अन्य 12 विद्यालय जिनमें कम संख्या में आये थे उनकी भी प्रक्रिया पूरी की गयी। विद्यालय को 10 दिनों में नामांकन की प्रक्रिया ऑनलाइन पूर्ण करने का निदेश दिया गया है। दूसरे चरण में कुल 143 बच्चों का नामांकन हेतु सूची के निर्माण की प्रक्रिया पूरी की गयी।

### चंपई दा को सीएम पद से हटाना कोल्हान की जनता का अपमान : दिनेश



**जमशेदपुर।** झारखंड सूबे झारखंड में तेजी से बदलते राजनीतिक घटनाक्रम पर कटाक्ष करते हुए प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य दिनेश कुमार ने झामुमो और कांग्रेस गठबंधन पर तेज हमला बोला है। दिनेश कुमार ने सूबे की सत्तारूढ़ पार्टियों पर परिवारवाद को स्थापित करने के लिए बुजुर्ग आदिवासी नेता एवं कोल्हान प्रमंडल की उपेक्षा करने और कोल्हान की जनता को ठेंगा दिखाने का आरोप लगाया है। कहा कि परिवारवादी पार्टियों का चंपाई सोरेन को पदच्युत करने को लेकर किस कदर का दबाव रहा होगा यह समझा जा सकता है। अपने निर्णय पर इठलाने वाले हेमंत सोरेन और झामुमो को कोल्हान की जनता पूरी तरह से खारिज करेगी और आसन्न विधानसभा चुनाव में परिवारवादी पार्टियों को इसका नुक्सान उठाना होगा। कहा कि पति-पत्नी को सत्ताशीर्ष पर स्थापित करने के लिए बुजुर्ग चंपाई सोरेन की अपमानजनक विदाई इतिहास के पन्नों में दर्ज रहेगी।

### मदरसा में हॉस्टल निर्माण को लेकर मंत्री से मिले विधायक मंगल कालिंदी



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने बुधवार को अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल अंसारी से मुलाकात कर जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र के महतो पाड़ा, इस्लाम नगर स्थित मदरसा मोहम्मदीय में एक हॉस्टल का निर्माण करने के संबंध में ज्ञापन सौपा और जल्द से जल्द निर्माण करवाने की मांग की। जिस पर मंत्री ने आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द वहां हॉस्टल का निर्माण करवाया जायेगा। बताते चलें कि विगत कल ही विधायक मंगल कालिंदी ने उक्त मदरसे का दौरा किया था और वहां की समस्याओं से अवगत हुए थे और कमेटी के लोगों को आश्वासन दिया था कि इस विषय को वह कल ही मंत्री से मिलकर उनके समक्ष रखेंगे।

### शादी समारोह में पर्यावरण संरक्षण और महिला स्वास्थ्य का दिया अनोखा संदेश



**गम्हरिया।** दिनोंदिन महंगे व भव्य होते जा रहे वैवाहिक समारोहों के दौरान सामाजिक संदेश देने की प्रथा यदा-कदा ही देखी जाती है। इस बीच जिले के गम्हरिया प्रखंड अन्तर्गत नेंगटासाई गांव में आयोजित सुनील महतो व श्वेता महतो के विवाह समारोह के दौरान पर्यावरण संरक्षण व महिला स्वास्थ्य का अनोखा संदेश देखने को मिला जिसकी चर्चा समारोह में आए मेहमान भी करते दिखे। समारोह के दौरान नवविवाहित जोड़े को शुभकामना देने पहुंचे पैडमैन के रूप में पहचान बना चुके निश्चय फाउंडेशन के संस्थापक तरुण कुमार ने पीपल का पौधा और पर्यावरण अनुकूल सैनिटरी पैड उपहार के रूप में भेंट किया। उन्होंने बताया कि तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन से धरती पर जीवन के लिए प्रतिकूल स्थितियां उत्पन्न होती जा रही हैं। इससे बचने के लिए हम सभी को मिलकर धरती पर हरियाली बढ़ाने और मानवीय क्रिया-कलापों से होने वाले प्रदूषण को कम करने का प्रयास हमें करना होगा।

## रोटरी क्लब और बॉश कंपनी दयानंद स्कूल में चलायेगी कौशल विकास कार्यक्रम



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** रॉटरी क्लब और बॉश के सहयोग से दयानंद पब्लिक स्कूल में कौशल विकास कार्यक्रम चलाया जायेगा। यह 3 महीने (नौकरी पर एक महीने सहित) का प्रशिक्षण कार्यक्रन है, जो रोजगारपरक कौशल और लीवन कौशल और प्लेसमेंट में सहायता प्रदान करता है। ब्रिज बेसिक पर ध्यान केंद्रित किया जायेगा, जिसका उद्देश्य आयु वर्ग (18 से 25) के लिए जीवन कौशल, संचार कोषाल कंप्यूटर कौशल और अंग्रेजी बोलने का कौशल प्रदान करना है और उन्हें सेवा क्षेत्र में नौकरियों के लिए तैयार करना है। अन्य ब्रिज पाठ्यक्रम जैसे ऑटोमोटिव, रिटेल, केयरगिवर, ऑफिस असिस्टेंट, प्लंबिंग, इलेक्ट्रीशियन आदि उपलब्ध है।

## संथाल स्टूडेंट यूनियन ने दिया संथाली और हो शिक्षकों की बहाली की मांग पर प्रदर्शन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** संथाल स्टूडेंट यूनियन ने आज पूर्वी सिंहभूम जिले में पीजीटी और टीजीटी शिक्षकों की बहाली में संथाली भाषा को शामिल करने की मांग की है। यूनियन ने इस मांग को लेकर आज डीसी ऑफिस, जमशेदपुर के सामने एक दिवसीय धरना दिया। धरना के बाद डीसी के जरिए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नाम एक मांग पत्र भेजा गया। मांग पत्र में कहा गया है कि ज्ञापांक 18/विविध/ 05/2024-347, दिनांक 15/ 03/ 2024 झारखंड पारा टीचर वैकेंसी नीति को संसोधन करते हुए नई शिक्षा नीति 2020 के आधार शिक्षकों की नियुक्ति होनी चाहिए। एनइपी 2020 पारा 23, में अंकित है शिक्षक विधार्ती (पीटीआर) 25 :1 होना चाहिए। अनुच्छेद 350 अ. 350 8, प्राथमिक स्तर पर संथाली मात्री भाषा में शिक्षा कि सुविधा दें। एनईपी 2020 पारी 4.11, आधार पर 8वीं अनुसूची में प्राप्त है।



धरना देते संथाली समाज के प्रशिक्षित शिक्षकगण।

## आदित्यपुर नियोजनालय के रोजगार शिविर में 81 उम्मीदवार हुए शॉर्टलिस्ट

- पांच अभ्यर्थियों को ऑन स्पॉट दिया गया नियुक्ति पत्र
- वृहद रोजगार मेला 8 जुलाई को

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** तीन जुलाई को आदित्यपुर नियोजनालय में रोजगार शिविर का आयोजन किया गया। इस संबंध में नियोजनालय आदित्यपुर की नियोजन पदाधिकारी सुश्री अनामिका तिर्की ने बताया कि भर्ती कैम्प में ए बी इंडिया सर्विसेज, शिल्पन स्टीलकास्ट प्राइवेट लिमिटेड, टैलेंटनेक्सा सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, युवा शक्ति फाउंडेशन एवं बिग बास्केट - ए टाटा एंटरप्राइज के अधिकारियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से विभिन्न पदों नियुक्ति हेतु कुल 81 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया व 5 अभ्यर्थियों को ऑन स्पॉट नियुक्ति पत्र दिया गया। नियुक्तियों में झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 का अनुपालन किया गया। उन्होंने बताया कि नियोजनालयों के सौजन्य से नियमित रूप से रोजगार शिविर एवं रोजगार मेला का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में जिला नियोजनालय, सरायकेला के परिसर में आगामी 8 जुलाई 2024 को जिले के बड़े एवं प्रतिष्ठित संस्थानों में नियुक्ति हेतु वृहत रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा।

## जिला अनुकंपा समिति की बैठक में 14 आश्रित की नौकरी पर लगी मुहर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक हुई। जिसमें सभी अहर्ता पूर्ण करने वाले 14 अभ्यर्थियों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पर मुहर लगायी गयी, जिनमें तृतीय वर्ग में 9 तथा चतुर्थ वर्ग के 5 कर्मचारी शामिल हैं। विदित हो कि विभिन्न विभागों में अनुकंपा के आधार पर नौकरी हेतु प्रस्ताव लंबित थे। बैठक में डीडीसी मनीष कुमार, अपर उपायुक्त रोहित सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी, स्थापना उप समाहर्ता डेविड बलिहार, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सोनारी के बाबा भूतनाथ मंदिर में कांवर यात्रा के पंजीयन का कार्य जारी

- संपर्क सूत्र सहित पोस्टर का हुआ विमोचन
- बाबा बैधनाथ की कृपा से सब काम हो रहा है : विकास सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ की ओर से सावन के पावन माह के 28 जुलाई को आयोजित होने वाली निःशुल्क कांवर यात्रा के पंजीयन का कार्य आरंभ हो गया है पहले दिन सोनारी की रहने वाली कुल 117 महिलाओं और 42 पुरुषों ने अपना पंजीयन कराया। बाबा बैधनाथ सेवा संघ के संस्थापक सदस्य विकास सिंह अपने संघ के सदस्यों के साथ बाबा भूतनाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रचार प्रसार हेतु संपर्क मोबाइल नंबर लिखा हुआ पोस्टर का विमोचन किया।

मौके पर भारी संख्या में शिवभक्त उपस्थित थे शिव भक्तों ने जमकर बोल बम का नारा लगाया। बाबा भूतनाथ मंदिर में पंजीयन करने आई महिलाओं को विकास सिंह ने यात्रा के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सुल्तानगंज से लेकर देवघर के बीच में प्रतिदिन कांवरियों के ठहरने वाले धर्मशालाएं को आरक्षित कर लिया गया है। सभी को फोटो युक्त पहचान पत्र दिया जायेगा जिसमें सारे व्यवस्थापकों का मोबाईल नंबर लिखा रहेगा।

विकास सिंह ने बताया पुरुषों की तुलना में महिलाओं का पंजीयन अधिक संख्या में हो रहा है कल 1100 लोग इस बार जमशेदपुर से निशुल्क यात्रा में शामिल होकर सुल्तानगंज जायेंगे। आज के पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में मुख्य रूप से विकास सिंह, रविशंकर सिंह, आशुतोष सिंह, प्रदीप सिंह, गणेश पांडे, सुनील सिंह, हीरालाल रजक, महावीर सिंह, सतेन्द्र यादव, काजल सरकार, जय प्रकाश सिंह, रमेश प्रसाद, विनय चौधरी, उज्ज्वल सिंह, संजय भांगड़, अरविंद महतो, राहुल कुमार, अभिषेक डे, विनोद सिंह, अशोक सिंह, भूषण पाठक, मनोज साहु, विमला देवी, रुक्मणि बाई, गुड्डी देवी, सुनीता कुमारी, पूर्णिमा देवी, सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।



पोस्टर पर प्रकाश डालते विकास सिंह।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# भारतीय टीम टी20 सीरीज के लिए हरारे पहुंची

एजेंसी



नयी दिल्ली। शुभमन गिल की अगुआई वाली और एनसीए के क्रिकेट प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण की अगुआई वाली युवा भारतीय टीम 6 जुलाई से जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज से पहले रॉबर्ट गेब्रियल मुगाबे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची। जिम्बाब्वे क्रिकेट (जेडसी) द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में भारतीय टीम हरारे हवाई अड्डे पर पहुंचते हुए दिखाई दे रही है। मंगलवार को जब पूरी भारतीय टीम हरारे पहुंचने के लिए मुंबई से रवाना हुई, तो गिल न्यूयॉर्क से पहुंचे, जहां वे टी20 विश्व कप के लिए यूएसए में भारत के ग्रुप ए चरण के मैचों में यात्रा करने के बाद आराम कर रहे थे। जेडसी ने बुधवार देर रात 'एक्स' पर अपने पोस्ट में लिखा, हम टी20 विश्व कप चैंपियन भारत का स्वागत करते हैं। बीसीसीआइ द्वारा अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किये गये एक वीडियो में, बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा, जिन्होंने अपना पहला भारतीय कॉल-अप अर्जित किया, ने पहली बार भारतीय टीम के साथ यात्रा करने की अपनी भावनाओं के बारे में बताया। जिस दिन से मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया, मेरा एक ही सपना था, वह था देश के लिए खेलना। मुझे पता है कि अगर मैं कड़ी मेहनत करता रहा, तो मुझे टीम में प्रवेश करने का अवसर मिलेगा। लेकिन मुझे नहीं पता था कि मुझे भारत के बाहर जिम्बाब्वे में यह मौका मिलेगा। टीम में मेरा नाम घोषित होने के बाद मुझे (कप्तान) शुभमन का फोन आया। उन्होंने कहा, 'जब से मेरा नाम भारतीय टीम में आया है, तब से सभी मुझे बहुत स्नेह दे रहे हैं, जो अपने आप में मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। जब मैं टीम की घोषणा के बाद घर पहुंचा, तो मैंने अपने परिवार के सदस्यों को साक्षात्कार देते देखा, और वह एक ऐसा पल था जिसे मैं हमेशा याद रखूंगा। युवा बल्लेबाजी ऑलराउंडर रियान पराग ने कहा कि वह दौरे का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि शुरूआत में उत्साह में उनके दो मोबाइल फोन और पासपोर्ट खो गए थे। भारत की जर्सी पहनने और टीम के साथ यात्रा करने का अनुभव अलग है और मैं इसका अनुभव करना चाहता था, जो अब मुझे मिल रहा है। असम से आने के कारण, मेरा सपना भारत के लिए खेलना था। मैं वाकई बहुत खुश हूं जब मैं अपना पहला मैच खेलूंगा तो जिम्बाब्वे के साथ मेरा एक खास जुड़ाव होगा। यह उस मैदान और मेरे लिए एक खास पल होगा, जो बहुत पवित्र होगा। यह लगभग नई भारतीय टीम है, लेकिन इसमें कई पुराने चेहरे हैं क्योंकि मैं उनके साथ काफी समय से खेल रहा हूं। भारत का जिम्बाब्वे का पांच मैचों का टी20क दौरा 6-14 जुलाई को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में हो रहा है। यह चौथी बार होगा जब जिम्बाब्वे भारत की मेजबानी में द्विपक्षीय पुरुष टी20 सीरीज खेलेगा, इससे पहले जिम्बाब्वे ने क्रमशः 2010, 2015 और 2016 में भारत का सामना किया था। सोमवार को, बीसीसीआइ ने घोषणा की कि संजू सैमसन, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल की जगह पहले दो मैचों के लिए बी साई सुदर्शन, जितेश शर्मा और हर्षित राणा को भारतीय टीम में शामिल किया गया है, जो विजयी टी20 विश्व कप विजेता टीम के साथ स्वदेश लौटेंगे। कैरेबियाई दौरे पर गये दो रिजर्व खिलाड़ी रिंकू सिंह और खलील अहमद के हरारे में टीम से जुड़ने की संभावना है, हालांकि अभी तक उनकी यात्रा योजना स्पष्ट नहीं है।



## दिल्ली में प्रधानमंत्री से मिलेगी टीम इंडिया वानखेड़े स्टेडियम तक होगी बस परेड



एजेंसी

नयी दिल्ली। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम गुरुवार को नयी दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचेगी। आइसीसी पुरुष टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम घर वापस आने के लिए तैयार है, क्योंकि खिलाड़ी तूफान बेरिल के कारण तीन दिनों तक बारबाडोस में फंसे रहने के बाद आखिरकार दिल्ली के लिए रवाना हो गये। टी20 विश्व कप जीतने वाली टीम अपने सहयोगी स्टाफ, बीसीसीआइ के कई अधिकारियों, खिलाड़ियों के परिवारों और 22 भारतीय पत्रकारों के साथ बुधवार सुबह करीब 6 बजे बारबाडोस से रवाना हुई। रोहित शर्मा, शिवम दुबे और सिराज ने इंस्टाग्राम पर टी20 विश्व कप ट्रॉफी पकड़े हुए अपनी एक तस्वीर के साथ अपने प्रस्थान की जानकारी दी, जिसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा, 'घर वापस आ रहे हैं। नयी दिल्ली पहुंचने पर भारतीय टीम सुबह करीब 11 बजे पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेगी। प्रधानमंत्री से मुलाकात के तुरंत बाद टीम मुंबई के लिए रवाना होगी। बीसीसीआइ ने वानखेड़े स्टेडियम में एक समारोह के बाद एक खुली छत वाली बस की सवारी की व्यवस्था की है। बस की सवारी मरीन ड्राइव के आसपास होने की उम्मीद है और शाम 4 बजे के आसपास शुरू होने की संभावना है।

# जिम्बाब्व दौरे में टीम इंडिया में मौजूद 4 सलामी बल्लेबाज

**शुभमन गिल**



टीम इंडिया के लिए शुभमन गिल पिछले कुछ सालों से पारी की शुरूआत करते हुए नजर आए हैं। अब भारत की टीम में गिल कप्तान की भूमिका में भी नजर आने वाले हैं। ऐसे में शुभमन को पारी की शुरूआत करने के लिए एक सालमी बल्लेबाज के रूप में पक्का मना जा रहा है। अब उनके साथ पारी की शुरूआत करने वाला दूसरा बल्लेबाज कौन होगा ये देखना दिलचस्प होगा। गिल ने 14 मैचों में 1 अर्धशतक और 1 शतक 335 रन बनाए हैं।

**यशस्वी जायसवाल**



भारत के लिए बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल पिछले कुछ सालों से पारी की शुरूआत कर रहे हैं। जायसवाल ने टीम के लिए बतौर सलामी बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन किया है। जायसवाल भारत के लिए पारी की शुरूआत रोहित शर्मा और शुभमन गिल के साथ कर चुके हैं। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि जिम्बाब्वे दौरे पर शुभमन गिल के साथ यशस्वी जायसवाल पारी की शुरूआत कर सकते हैं, जिससे दाएं और बाएं हाथ का कॉम्बिनेशन ओपनिंग में भारत को मिल सके। उन्होंने 17 टी20 मैचों में 1 शतक और 4 अर्धशतकों के साथ 502 रन बनाए हैं।

इस

**अभिषेक शर्मा**



भारतीय टीम में पहली बार जगह पाने वाले अभिषेक शर्मा भी पारी की शुरूआत करने का एक विकल्प हैं। अभिषेक आइपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए पारी की शुरूआत करते हैं। उन्होंने बतौर सलामी बल्लेबाज टीम के लिए धमाकेदार प्रदर्शन कर टीम में जगह बनाई है। अगर भारतीय टीम बाएं और दाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए पारी की शुरूआत करता चाहती है तो अभिषेक शर्मा भी एक विकल्प हैं। लेकिन यशस्वी के साथ पारी की शुरूआत करने के चांस ज्यादा है ऐसे में अभिषेक नंबर 3 पर भी बल्लेबाजी कर सकते हैं, क्योंकि वो हैदराबाद के लिए भी नंबर 3 पर कई बार खेल चुके हैं। उन्होंने 63 आइपीएल मैचों में 7 अर्धशतकों के साथ 1377 रन बनाए हैं।

एजेंसी


नयी दिल्ली। टीम इंडिया 6 जुलाई से जिम्बाब्वे के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज खेलने के जिम्बाब्वे पहुंच चुकी है। इस दौरे पर भारत ने टीम की कप्तानी शुभमन गिल को सौंपी है। शुभमन की कप्तानी में भारत पहली पारी कोई सीरीज खेलने जा रहा है। गिल को भारतीय क्रिकेट टीम के फ्यूचर कप्तान के तौर पर देखा जा रहा है। सीरीज के लिए चयनकताओं ने टीम में 4 सलामी बल्लेबाजों की जगह दी है। भारतीय टीम में शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, रुतुराज गायकवाड़ और अभिषेक शर्मा के रूप में 4 सलामी बल्लेबाज मौजूद हैं। अब इन 4 में से कौन से 2 खिलाड़ियों को पारी की शुरूआत करने का मौका मिलेगा और किन 2 बल्लेबाजों का पत्ता कटेगा इसको लेकर बड़ा सवाल बना हुआ है।

**रुतुराज गायकवाड**



भारत के लिए पारी की शुरूआत रुतुराज गायकवाड़ भी कई मैचों में कर चुके हैं। वो टीम इंडिया को बतौर कप्तान भी लीड कर चुके हैं। अब उनके पास मौका होगा कि वो जिम्बाब्वे के खिलाफ पारी की शुरूआत कर सकें। लेकिन शुभमन गिल दाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और रुतुराज भी दाएं हाथ के बल्लेबाजी करते हैं। ऐसे में टीम को अगर दाएं और बाएं हाथ बल्लेबाजों के साथ पारी की शुरूआत करनी होगी तो इसमें रुतुराज गायकवाड़ का पत्ता कट जाएगा। भारतीय टीम में उन्हें नंबर 3 पर या नंबर 4 पर खेलने का मौका मिल सकता है। उन्होंने 19 टी20 मैचों में 1 शतक और 3 अर्धशतकों के साथ 500 रन बनाए हैं।

## ओलंपिक से पहले अंशु मलिक 2 हफ्ते आराम की मिली सलाह



नयी दिल्ली। भारतीय पहलवान अंशु मलिक को कथित तौर पर प्रशिक्षण सत्र के दौरान बाएं कंधे में खिंचाव के बाद दो सप्ताह के आराम की सलाह दी गई है। उन्होंने महिलाओं के 57 किलोग्राम भार वर्ग में पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई किया है। 22 वर्षीय अंशु ने इस साल अप्रैल में एशियाई कुश्ती ओलंपिक क्वालीफायर से महिलाओं के 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में पेरिस 2024 का कोटा हासिल किया। उन्होंने जून में बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज में रजत पदक भी जीता था। प्रशिक्षण के दौरान चोट लगने के बाद अंशु को 23 जून को अस्पताल में भर्ती कराया गया और 28 जून को छुट्टी दे दी गयी।

## हार्दिक को टी20 वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन का मिला इनाम, बने दुनिया के नंबर-1 ऑलराउंडर

एजेंसी



नयी दिल्ली। टी20 विश्व कप 2024 में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद हार्दिक पांड्या आइसीसी पुरुष टी20 ऑलराउंडर रैंकिंग में नंबर 1 स्थान पर पहुंच गये। आइसीसी ने अपनी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग को अपडेट किया है। नई रैंकिंग के अनुसार पांड्या दो पायदान ऊपर चढ़कर शीर्ष पर पहुंच गए हैं। पांड्या ने श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा के साथ शीर्ष रैंक वाले पुरुष टी20 ऑलराउंडर के रूप में बराबरी पर आ गये। टीम इंडिया के उप-कप्तान ने बल्ले और गेंद दोनों से अपने टी20 विश्व कप जीतने वाले कप्तान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वह 29 जून, शनिवार को बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में भारत के लिए बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी बने। पूरे टूनार्मेंट के दौरान हार्दिक ने बतौर फिनिशर उपयोगी प्रदर्शन किया और टीम को महत्वपूर्ण सफलताएं दिलायी। फाइनल में हार्दिक ने हेनरिक क्लासेन और डेविड मिलर के शानदार विकेट लिए। पांड्या के प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने 8 मैचों की छह पारियों में 151.57 के स्ट्राइक रेट से 144 रन बनाए, जिसमें एक अर्धशतक भी शामिल है। बल्लेबाजों में उन्होंने 8 मैचों में 11 विकेट लिए, जिसमें फाइनल में 7.64 की इकॉनमी रेट से 3/20 का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा।

### बुमराह की रैंकिंग भी सुधरी

गेंदबाजों की रैंकिंग में बुमराह की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ। जसप्रीत बुमराह 12 स्थान ऊपर खिसककर 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इसके अलावा गेंदबाजी रैंकिंग में मार्कस स्टोइनिस, सिकंदर रजा, शाकिब अल हसन और लियाम लिविंगस्टोन एक-एक स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। अफगानिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नबी चार स्थान नीचे खिसककर शीर्ष पांच से बाहर हो गये। टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में, दक्षिण अफ्रीका के एनरिक नोर्टजे ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ दूसरा स्थान हासिल किया। वह सात पायदान ऊपर चढ़े और 675 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष पर मौजूद आदिल राशिद से ठीक पीछे हैं।

## डब्ल्यूबीबीएल के अगले सत्र में कप्प मेलबर्न स्टार्स के लिये खलेंगी

मेलबर्न। दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की ऑलराउंडर मैरिजान कप्प महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के नये सत्र में मेलबर्न स्टार्स के लिए खेलती नजर आयेगी। महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के नये सत्र से पहले मैरिजान ने मेलबर्न स्टार्स के लिए तीन साल का अनुबंध किया है।

# विनेश फोगाट को मिला स्पेन के लिए शेंगेन वीजा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय महिला पहलवान और विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता विनेश फोगाट मैड्रिड में प्रशिक्षण और प्रतियोगिता के लिए वीजा मिल गया है। विनेश ने बुधवार को मैड्रिड में प्रशिक्षण और प्रतियोगिता के लिए स्पेन के लिए शेंगेन वीजा पाने के लिए मदद की गुहार लगाई थी। उन्हें मैड्रिड में 2024 में स्पेन के ग्रैंड प्रिक्स में हिस्सा लेना था, जिसके लिए उन्हें बुधवार को उड़ान भरनी थी। लेकिन उनके वीजा की स्थिति साफ नहीं थी, ऐसे में उन्होंने भारत के खेल मंत्री और अन्य अधिकारियों से मदद का अनुरोध किया और उनके इस अनुरोध पर उनकी तुरंत मदद की गई। विनेश फोगाट ने मदद मिलने के बाद एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'मुझे अभी-अभी अपना शेंगेन वीजा मिल गया है। मैं उन सभी अधिकारियों का तहे दिल से शुक्रिया अदा करना चाहती हूं, जिन्होंने मुझे इतनी जल्दी वीजा दिलवाने में मदद की है। ये मेरे लिए बहुत मायने रखता है। खेल मंत्री मनसुख मंडाविया, विदेश मंत्रालय और अन्य अधिकारियों का शुक्रिया'। विनेश स्पेन के ग्रैंड प्रिक्स में भाग लेने से पहले 1 वीक तक अभ्यास करेंगी और इसके बाद वो ओलंपिक खेलों से पहले फ्रांस जाएंगी। स्पेन के मैड्रिड में टूनार्मेंट 5 से 7 जुलाई तक होगा। इस प्रतियोगिता में महिलाओं का इवेंट 6 जुलाई को खेला जाएगा। इससे पहले विनेश फोगाट ने लिखा, 'प्रिय अधिकारियों, मैं तत्काल मदद के लिए अनुरोध कर रही हूं। मैंने 24 जून को बैंगलोर में अपने शेंगेन वीजा के लिए आवेदन किया था। मुझे 6 जुलाई को स्पेन में होने वाली प्रतियोगिता के लिए आज रात निकलना है, लेकिन वीजा के बारे में कोई जानकारी नहीं है।



## हरमनप्रीत सिंह ने ओलंपिक से पहले दिया बड़ा बयान, कहा- स्वर्ण जीतना भारत के लिए सम्मान

नयी दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेरिस ओलंपिक (26 जुलाई-11 अगस्त) में स्वर्ण पदक जीतने का दावा किया है। उन्होंने बताया कि यह देश और खेल के दिग्गज खिलाड़ियों के लिए सच्चा सम्मान होगा। ओलंपिक में आठ बार के चैंपियन भारत ने टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर 41 वर्षों के लंबे इंतजार को खत्म किया था। हरमनप्रीत की अगुवाई वाली टीम का लक्ष्य पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतना है। भारतीय कप्तान ने एक कार्यक्रम में कहा,रहम अपने इतिहास और विरासत को आगे बढ़ाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। स्वर्ण पदक जीतना भारत और हमारे सीनियर खिलाड़ियों के लिए सच्चा सम्मान होगा।

**पेरिस ओलंपिक में जीतेगा भारत : मनप्रीत :-** टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली टीम के कप्तान रहे मनप्रीत सिंह ने भी इसी तरह के विचार व्यक्त किए। मनप्रीत ने कहा, रदाहिनी तरफ जब मैंने तिरंगा देखा तो मुझे लगा कि अगली बार हम अधिक मेहनत करके अपने तिरंगे को बीच में देख सकते हैं और तब हमारा राष्ट्रगान भी बज रहा होगा। यह हमारी यात्रा की शुरूआत है।

# यूरो कप 2024 के क्वार्टर फाइनल की आठ टीमें तय

**यूरो 2024 क्वार्टर फाइनल ड्रॉ**

| मुकाबला | तारीख | जगह | समय (भारतीय) |
|---|---|---|---|
| स्पेन बनाम जर्मनी | 5 जुलाई | एरिना, स्टटगार्ट | रात 9:30 बजे |
| पुर्तगाल बनाम फ्रांस | 6 जुलाई | फॉक्सपार्कस्टेडियन, हैम्बर्ग | रात 12:30 बजे |
| इंग्लैंड बनाम स्विट्जरलैंड | 6 जुलाई | मर्कुर स्पील-एरिना, डसेलडोर्फ | रात 9:30 बजे |
| नीदरलैंड बनाम तुर्की | 7 जुलाई | ओलंपियास्टेडियन, बर्लिन | रात 12:30 बजे |

एजेंसी

बर्लिन। यूएफा यूरो कप 2024 धीरे-धीरे अपने अंजाम तक पहुंचने जा रहा है। नॉकआउट राउंड की शुरूआत हो चुकी है। राउंड ऑफ-16 के बाद अब पांच जुलाई से क्वार्टर फाइनल्स की शुरूआत होगी। राउंड ऑफ-16 तक कुछ बड़ी टीमों को बाहर होना पड़ा। गत विजेता इटली उन टीमों में शामिल है। टूनार्मेंट की शुरूआत 24 टीमों से हुई थी और अब बस आठ टीमें बची हैं। यूरो 2024 की पांच पसंदीदा टीमें - फ्रांस, इंग्लैंड, पुर्तगाल, स्पेन और मेजबान जर्मनी अभी भी रेस में है। नीदरलैंड, स्विटजरलैंड और तुर्किये भी अंतिम-8 में जगह बनाने में कामयाब रही है। हालांकि, क्वार्टर फाइनल से सेमीफाइनल में फ्रांस, पुर्तगाल, स्पेन और जर्मनी के बीच कोई दो ही टीमें जा पाएंगी। क्वार्टर फाइनल में स्पेन का सामना पांच जुलाई को जर्मनी से और पुर्तगाल का सामना फ्रांस से होगा। इनमें से जीतने वाली दो टीम सेमीफाइनल में भिड़ेंगी। पुर्तगाल और फ्रांस ने यूरो 2020 में 2-2 से ड्रॉ खेला थे, लेकिन अब तक इनके स्टार फुटबॉलर्स कुछ कमाल नहीं दिखा पाए हैं। क्रिस्टियानो रोनाल्डो और किलियन एम्बाप्पे ने भी अभी तक टूनार्मेंट में तूफान नहीं मचाया है। स्विट्जरलैंड जाएंट किलर्स साबित हुए हैं। जर्मनी को लगभग हराने के बाद, उन्होंने राउंड ऑफ 16 में आसानी से गत चैंपियन इटली को हराकर टूनार्मेंट से बाहर कर दिया। अब उनका सामना इंग्लैंड से है। इंग्लैंड की टीम अब तक इस टूनार्मेंट में जूड बेलिंघम पर निर्भर रही है। क्वार्टर फाइनल के आखिरी मुकाबले में नीदरलैंड का सामना तुर्किये से होगा। तुर्किये ने मजबूत ऑस्ट्रिया को हराया, जबकि नीदरलैंड ने रोमानिया को 3-0 से हराया। स्पेन-जर्मनी के विजेता का सामना सेमीफाइनल में पुर्तगाल-फ्रांस के विजेता से होगा, जबकि इंग्लैंड-स्विट्जरलैंड के विजेता का सामना नीदरलैंड-तुर्किये के विजेता से होगा।




## अर्जेंटीना की ओलंपिक फुटबॉल टीम में मेसी को जगह नहीं

ब्यूनस आयर्स। लियोनल मेसी इस महीने के अंत में पेरिस में शुरू होने वाले ओलंपिक में अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम का हिस्सा नहीं होंगे। कोच जेवियर माशेरानो ने घोषित टीम में विश्व कप विजेता टीम के चार सदस्यों को जगह दी जिसमें स्ट्राइकर जूलियन अल्वारेज और डिफेंडर निकोलस ओटामेंडी शामिल हैं। इस साल चोटों से जूझ रहे 37 वर्षीय मेसी अभी कोपा अमेरिका में अर्जेंटीना का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। टीम का लक्ष्य 2021 में जीते गए महाद्वीपीय खिताब का बचाव करना है। अर्जेंटीना ने 2021 में कोपा अमेरिका जीतने के बाद 2022 में विश्व कप भी जीता था। मेसी ने अपने एकमात्र ओलंपिक अभियान में 2008 में बीजिंग में टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में मदद की थी।ओलंपिक पुरुष फुटबॉल टूनार्मेंट अंडर-23 टीम के लिए होता है लेकिन प्रत्येक टीम में तीन अधिक उम्र के खिलाड़ियों को खिलाने की अनुमति दी जाती है। वर्ष 2004 और 2008 में खिलाड़ी के तौर पर ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले माशेरानो कोपा अमेरिका खत्म होने के बाद गोलकीपर गेरोनिमो रूली, ओटामेंडी और अल्वारेज को टीम में शामिल करेंगे। हाल ही में रिवर प्लेट से मैनचेस्टर सिटी में शामिल हुए मिडफील्डर क्लॉडियो एचेवेरी भी टीम में शामिल होंगे। अर्जेंटीना 24 जुलाई को मोरक्को के खिलाफ ओलंपिक फुटबॉल टूनार्मेंट के अपने पहले मैच से पूर्व फ्रांस में दो मैत्री मैच खेलेगा। अर्जेंटीना और मोरक्को के अलावा इराक और यूक्रेन को ग्रुप बी में जगह मिली है।



## सुमित नागल पहले राउंड से बाहर

नयी दिल्ली। दिभारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल के अपने सर्बियाई जोड़ीदार डुसान लाजोविच के साथ बुधवार को यहां पुरुष युगल स्पर्धा के पहले दौर में सीधे सेटों में बाहर होने के बाद विंबलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम में उनका अभियान खत्म हो गया। नागल और लाजोविच की जोड़ी को एक घंटे और सात मिनट तक चले मैच में जाउमे मुनार और पेड्रो मार्टिनेज की स्पेनिश जोड़ी से 2-6, 2-6 से हार मिली। भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी नागल सोमवार को पुरुष एकल के पहले दौर में हार गए थे। लड़कों के वर्ग में पूर्व विंबलडन युगल चैंपियन नागल दो घंटे 48 मिनट तक चले मैच में सर्बिया के मियोमीर केसमानोविच से 2-6 6-3 3-6 4-6 से पराजित हो गए थे। दिन में भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलियाई मैथ्यू एब्डेन की दूसरी वरीय जोड़ी नीदरलैंड के सैंडर अरेंड्स और रोबिन हासे की जोड़ी से भिड़ेगी।

## नीरज पेरिस डायमंड लीग 2024 में नहीं लेंगे हिस्सा

नयी दिल्ली। ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक 2024 की तैयारियों के मद्देनजर पेरिस डायमंड लीग 2024 में हिस्सा नहीं लेंगे। नीरज चोपड़ा ने सोशल मीडिया मंच पर कहा, मैं स्पष्ट कर दूं: पेरिस डायमंड लीग इस सत्र में मेरे प्रतियोगिता कैलेंडर का हिस्सा नहीं था, इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि मैंने नाम वापस ले लिया है। मैं ओलंपिक खेलों की तैयारी पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं।

## आस्ट्रेलिया अफगानिस्तान के साथ कोई द्विपक्षीय क्रिकेट नहीं खेलेगा : सीए

सिडनी। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने तालिबान सरकार के महिलाओं के अधिकारों के संबंध में अपने पिछले रुख पर कायम रहते हुए दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज खेलने से इंकार किया। सीए के मुख्य कार्यकारी निक हॉकले ने कहा कि इस मामले पर अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) के साथ नियमित बातचीत हुई है और उम्मीद है कि दोनों पक्ष भविष्य में कभी भी एक-दूसरे के साथ खेल सकेंगे।

# एक दिन में तीन पुल गिरे, गंडक और धमही किनारे के कई गांवों का संपर्क टूटा

**एजेंसी**

**सीवान।** बिहार में बारिश के मौसम में पुलों के ढहने का सिलसिला जारी है। सीवान जिले में एक ही दिन में 3 पुल ढह गए। जिसके चलते गंडक और धमही नदी के किनारों के कई गांवों का संपर्क टूट गया है। महाराजगंज प्रखंड में नदी की सफाई के बाद पुल - पुलिया ध्वस्त होने लगे हैं। जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। पुल- पुलिया के ध्वस्त होने का ताजा मामला देवरिया, तेवथा, व टेघड़ा पंचायत का है। जहां एक या दो नहीं एक साथ अलग-अलग जगहों पर तीन पुलिया धंस गई हैं। पुलिया के धंस जाने से दो दर्जन से अधिक गांवों के लोगों का आवागमन ठप हो गया। पुल - पुलिया के ध्वस्त होने से जो जहां था, वहीं रुक गया है। पुलिया के ध्वस्त होने का पहला मामला देवरिया पंचायत के पराईन टोला का है। जहां महाराजगंज-दरौंदा प्रखंड के साथ देवरिया व रामगाढ़ा पंचायत को जोड़ने वाला गंडकी नदी पर 2004 में बनी पुलिया ध्वस्त हो गई। वहीं, तेवथा पंचायत में नौतन व सिकंदरपुर गांव के बीच



धमई नदी पर 90 के दशक में बनी पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे सिकंदरपुर गांव का संपर्क प्रखंड व अनुमंडल मुख्यालय से पूरी तरह टूट हो गया है। जबकि, टेघड़ा पंचायत में टेघड़ा व तेवथा पंचायत को जोड़ने वाली धमई नदी पर बनी पुलिया भी धंस गई है। एक साथ तीन पुलियों के धंसने से दो दर्जन से अधिक गांवों के लाखों की आबादी पर असर पड़ा है। इन पंचायतों के सक्षम लोग शहरों में पलायन कर रहें है। पाराइन टोला के संत कुमार पांडेय व सिकंदरपुर के भुआल सिंह सहित कई लोगों ने बताया कि स्थिति सामान्य होने तक शहरों में जाकर रहेंगे। लोगों ने पुलिया के ध्वस्त या क्षतिग्रस्त होने का मुख्य वजह लापरवाही पूर्ण नदी की सफाई को बताया है। आपको बता दें राज्य सरकार ने विभिन्न हिस्सों में पुल ढहने की तमाम घटनाओं की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। जो तीन दिनों में अपनी रिपोर्ट देगी। ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी के निर्देश पर विभाग ने विभिन्न हिस्सों में पुल ढहने की कई घटनाओं की जांच के लिए मुख्य अभियंता की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। समिति पुल ढहने के कारणों का पता लगाएगी और आवश्यक कदम उठाने के उपाय भी सुझाएगी। समिति विभाग के निमार्णाधीन और बनाए जा चुके पुलों के गिरने की घटनाओं की जांच करेगी।

## स्पीड न्यूज

### झामुमो जिला कमिटी का विस्तार

गढ़वा। झामुमो जिला कमिटी का विस्तार किया गया है। इसके तहत दो नये चेहरों को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। जानकारी देते हुए झामुमो जिला सचिव मनोज ठाकुर ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव एवं जिले के वृहत क्षेत्र को देखते हुए दो नये लोगों को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इसके तहत गढ़वा प्रखंड के ग्राम बाना निवासी सलीम जाफर एवं बरडीहा निवासी नवल किशोर यादव को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उन्होंने कहा कि नये पदाधिकारयों को जिम्मेवारी देने से पार्टी और मजबूत होगी। दोनों नवमनोनीत जिला उपाध्यक्ष अपनी क्षमता का कमर्ठता का पूर्ण उपयोग करते हुए पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे।

### मारपीट में युवक घायल

**गढ़वा।** चिनिया थाना क्षेत्र के राज बांस गांव निवासी सुरेंद्र कुमार सिंह का पुत्र दीपक कुमार सिंह 24 वर्ष मारपीट की घटना में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि दीपक सिंह के जमीन को चतुरी सिंह अपना जमीन बता रहा था। जब दीपक सिंह ने उसका विरोध किया तो चतुरी सिंह व उसकी पत्नी लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया।

### कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के दुबे मरहटिया गांव निवासी शिवबती कुंअर 60 वर्ष कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास की। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि किसी बात को लेकर घर में विवाद उत्पन्न हुआ था। उसी बात से उग्र होकर महिला ने कीटनाशक दवा खा ली।

### सर्पदंष से महिला जख्मी

**गढ़वा।** गढ़वा जिला अंतर्गत संतोष भुईयां की पत्नी गीता देवी 35 वर्ष सांप काटने से जख्मी हो गई है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि वह घर से बाहर कुछ काम कर रही थी। उसी बीच सांप ने उसे काट लिया। चिकित्सक के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर है।

### नदी ने डूबने से युवक की मौत

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के बेलचमपा गांव निवासी प्रदीप उपाध्याय के पुत्र गौरव कुमार 15 वर्ष की मौत पानी में डूबने से हो गई। घटना के बाद परिजनो ने उसे सदर अस्पताल लाया। जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि गौरव गांव के ही नदी में कुछ और दोस्तो के साथ नहाने गया था। उसी बीच वह गहरा पानी में डूब गया। जब तक लोग कुछ कर पाते तब तक उसकी मौत हो गई।

### पूर्वी चंपारण में नहर से मिला महिला का शव

**मोतिहारी।** बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के कोटवा थाना क्षेत्र से पुलिस ने नहर से एक महिला का शव बरामद किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जसौली पट्टी पंचायत के गोसाई बाड़ी टोला वार्ड नंबर 7 में नहर से एक महिला का शव बरामद किया गया है।

## राजधानी पटना में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या, एक घायल

**पटना।** राजधानी पटना में गैंगवॉर का मामला सामने आया है। बुधवार को दीघा इलाके में कार सवार दो युवकों विकास और राजू पर अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। जिसमें दो युवकों को गोली लगी है। दोनों की पहचान भी कर ली गई है। घायलों में एक राजू जबकि दूसरे का नाम विकास है। राजू जेल में बंद कुख्यात रवि गोप का भाई है। वारदात के बाद घायलों को इलाज के लिए पाटलिपुत्र स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां विकास की इलाज के दौरान मौत हो गई है। दिनदहाड़े सरेआम कार पर फायरिंग की इस घटनो पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है।



फायरिंग करने वाले हमलावर आसानी से फरार भी हो गए। पुलिस इस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है। हालांकि अभी तक ये पता नहीं चल सका है। कि हमले के मकसद क्या था। किसी पुराने विवाद, रंजिशन या फिर किसी दूसरे मामले में बदमाशों ने राज और विकास को टारगेट करके गोली चलाई। फिलहाल पुलिस अपराधियों की तलाश में जुटी है। और जगह-जगह दबिश दी जा रही है।

## कुख्यात अपराधी थाने से फरार, सकते में पुलिस

**नवादा।** जिले के वारिसलीगंज थाने में बंद कुख्यात अपराधी संतोष यादव उर्फ जरलहवा यादव वारिसलीगंज थाने से पुलिस को चकमा देकर बुधवार को फरार हो गया, जिसकी पुनः गिरफ्तारी के लिए पुलिस अन्यत्र स्थानों पर छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम आरोपी संतोष यादव राहुल एण्ड बाबुल बस वाहन से स्थानीय पटेल चौक के समीप कोचगांव निवासी कंडक्टर शशिकांत की पिटाई कर रंगदारी देने की मांग की थी । कुछ ही समय बाद नशे में धूत आरोपी संतोष बस वाहन के मालिक विनय कुमार के दुकान आकर गाली गलौज के बाद फिर से रंगदारी देने की बात दोहराई। अपने स्टाफ की पिटाई और फिर से दुकान पर आकर रंगदारी की मांग से गुस्साए बस मालिक ने आरोपी संतोष को पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। बताया गया कि स्वयं पुलिस निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सड़क लूट छिनताई रंगदारी आदि मामलों में कई बार जेल जा चुके बदमाश संतोष को अपने वाहान में बिठाकर थाने ले गए। वहीं अपने प्रति पुलिस को सजग नहीं देख संतोष ने मौके का फायदा उठाकर थाने से फरार हो गया। बस वाहन मालिक विनय कुमार ने बताया कि अपराधिक छवि का युवक संतोष यादव पिछले कई दफा से रंगदारी मांगने की बात करता आ रहा है, जिसकी शिकायत उन्होंने पूर्व में भी पुलिस को दी थी। परंतु इस संदर्भ में अब तक कार्रवाई नहीं होने से इसका मनोबल बढ़ता गया। थाने में आवेदन देने के समय मेरी आंखों के सामने संतोष यादव भाग निकला। फिलहाल बस मालिक व कंडक्टर ने दो अलग-अलग आवेदन देकर संतोष यादव के विरुद्ध सख्त कानून कारवाई की मांग की है। संतोष उर्फ जरलहबा यादव वारसलीगंज के अलावा जिले के रजौली, कौवाकोल व पकरीवरावां थाने के अलावा झारखंड राज्य के कोडरमा थाने में भी अपराधिक घटना कर जेल जा चुका है। पुलिस अंचल निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## प्रेमी जोड़े की पिटाई मामले में चार गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** नगर ऊंटारी पुलिस ने थाना क्षेत्र के बिलासपुर में प्रेमी जोड़े की बेरहमी से पिटाई किये जाने के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त रस्सा एवं घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग करने में प्रयुक्त मोबाईल को जप्त कर लिया है। यह जानकारी एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने बुधवार को नगर ऊंटारी थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।

एसडीपीओ ने बताया कि नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के बिलासपुर में मंगलवार को एक प्रेमी जोड़े को बिलासपुर के ग्रामीणों के द्वारा रस्सा से बांध कर पिटाई किये जाने एवं पिटाई से संबंधित वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, पुअनि जितेंद्र कुमार, सअनि प्रेमदान लकड़ा एवं पुलिस



प्रेसवार्ता करते एसडीपीओ।

बल ने बिलासपुर पहुंचकर मामले की जांच की। जांच के दौरान प्रेमी जोड़े के साथ मारपीट करने, वीडियो बनाने एवं वीडियो वायरल करने के मामले में चार लोगों दिलीप कुमार, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, चंदन विश्वकर्मा एवं सुखदेव विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार चारों लोगों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उन्होंने बताया कि बिलासपुर की घटना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। अगर इस तरह के मामले सामने आते हैं तो लोग सबसे पहले गांव के मुखिया, बीडीसी एवं पुलिस को तत्काल सूचना दें। एसडीपीओ ने अपील करते हुए कहा कि अनुमंडल क्षेत्र में इस तरह की घटना होने पर वे पुलिस को तत्काल सूचना दें, पुलिस विधिसम्मत कार्रवाई करेगी। मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक आदि मौजूद थे।

## डीसी ने करायी जांच, डूब क्षेत्र के ग्रामीणों को मिलेगा मुआवजा



स्थल निरीक्षण करते एसडीओ।

**गढ़वा।** जिले के मझिआंव प्रखंड अंतर्गत कोयल नदी पर बने डैम (मझिआंव-मोहम्मदगंज) क्षेत्र में बाढ़ की पानी से कई किसानों का कृषि योग्य भूमि डूब गया है। संबंधित किसानों के मिली शिकायत के बाद डीसी शेखर जमुआर ने गढ़वा एसडीओ विजय कुमार को जांच करने का निर्देष दिया। निर्देष के आलोक में एसडीओ ने मौके पर पहुंचकर स्थल निरीक्षण किया। जानकारी देते हुए डीसी ने बताया कि मंझिआंव प्रखण्ड के ग्रामीणों की कृषि योग्य भूमि बाढ़ के पानी मे डूब जाने की शिकायत मिली है। कृषि योग्य भूमि डूब जाने के कारण ग्रामीणों द्वारा मुवावजे की मांग की गई है। एसडीओ ने जांच के बाद मामला सत्य पाया। इस संबंध में डीसी ने ग्रामीणों को उचित मुआवजे के भुगतान के लिए संबधित अंचल अधिकारी को सभी आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## सोशल वर्कर संस्था ने किया कपड़ा का थैला का वितरण



वितरण करते संस्था के सदस्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के अवसर पर बुधवार को सोशल वर्कर संस्था गढ़वा के तत्वावधान में शहर के रंका मोड़ पर कपड़ा का थैला का वितरण किया गया। साथ ही लोगों से प्लास्टिक बैग का उपयोग नहीं करने की अपील की गई। मौके पर वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष रविंद्र जायसवाल ने कहा कि सोशल वर्कर संस्था के द्वारा हमेशा अनेकों सराहनीय कार्य किया जा रहा है। प्लास्टिक के बैग का उपयोग नहीं करना चाहिए। संस्था के संचालक आकाश केशरी ने कहा कि हमारी संस्था हमेशा देश हित, राष्ट्र हित में कार्य करती है। अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस उसी का हिस्सा है। मौके पर दया शंकर जायसवाल, राजमनी कमलापुरी, शिवनारायण, शुभम केशरी, अनमोल कश्यप, उमंग सोनी, अंशु कांस्यकार आदि उपस्थित थे।

## टूटे हुए नहर की कराई गई मरम्मती

**खबर का असर**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** नहर का बांध टूटकर तीन दिनों से खेतों में पानी भरने के बाद चैथे दिन सिंचाई विभाग द्वारा टूटे भाग को बांधा गया। विभागीय अधिकारी के निदेर्शानुसार भीम बराज के टूटे हुए बायीं मुख्य नहर की जेसीबी एवं ट्रैक्टर द्वारा बांधा गया। इस मौके पर विभागीय कर्मी प्रेम कुमार सिंह, विकास कुमार सिंह व सुशील कुमार सिंह एवं अन्य कमीर्यों के द्वारा टूटे नहर को बंधवाया गया। वहीं जीरो किमी से करीब 3 किलोमीटर दूरी तक नहर निर्माण नहीं होने के कारण जगह-जगह काफी मात्रा में झाड़ियां व झंलास लगा हुआ है। जिस कारण सुंडीपुर की ओर प्रोपर पानी नहीं जा पा रहा है। जिससे दर्जन भर



मरम्मत करते कर्मी।

गावों में खेती बारी नहीं हो पा रही। वहीं किसानों ने आशंका व्यक्त की है कि झाड़ियां लगी होने के कारण नहर का प्रवाह अभी भी बाधित हो सकता है। इस कारण नहर का बांध पुनः टूटकर बह जाएगा। कहा कि नहर टूटने से लगभग 29 एकड़ में खेतों में जमा पानी पूर्णतः नहीं निकल पाया है। अभी भी कांडी प्रखंड के भंडरिया व मझिआंव प्रखंड के मोरबे गांव के करीब 25 एकड़ खेत डूबा हुआ है। अगर यही पर साइफन बना होता तो दर्जनों किसान के खेत में पानी नहीं रहता। यहां तक की दो वर्ष पहले वहीं पर नहर टुटा था और पिछले वर्ष वर्षा के पानी से धान लगा हुआ खेत डूब चुका था। मौके पर मौजूद किसानों ने तीन किमी की लंबाई में नहर का बाकी काम तुरंत कराए जाने की मांग की है। अन्यथा नहर का पिंड फिर से टूटकर आफत मचाएगा। दूसरे दर्जनों गांव के हजारों एकड़ खेतों में खेती नहीं हो पाएगी।

## डीसी ने किया बरडीहा प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर ने बुधवार को बरडीहा प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम प्रखंड कार्यालय बरडीहा का निरीक्षण किया। इस दौरान आगत पंजी, निर्गत पंजी, कार्यालय में कर्मचारियों की कुल पद उपलब्धता एवं रिक्ति के साथ-साथ सभी प्रकार के रोकड़ पंजी की जांच की। उन्होंने प्रखंड कार्यालय द्वारा संचालित सभी प्रकार की योजनाएं तथा मनरेगा के तहत



जांच के दौरान डीसी।

बिरसा सिंचाई कूप, टीसीबी, डोभा, आम बागवानी, दीदी बाड़ी योजना से संबंधित योजना पंजी, रिकॉर्ड, अभिश्रव आदि का गहनता से जांच किया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना, 15वें वित्त द्वारा संचालित योजना, खाद्यान्न वितरण, साइकिल वितरण, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के अभिलेख का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ पंजियों आदि में कुछ कमी पाई गई, जिसे डीसी ने एक सप्ताह के अंदर अद्यतन करते हुए सुधार कर प्रतिवेदित करने का निर्देश दिया।

डीसी श्री जमुआर ने कहा कि बारी-बारी से इसी प्रकार गढ़वा जिला के सभी प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया जाएगा। प्रखंड कार्यालय के निरीक्षण के बाद बरडीहा अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया गया। जिसमे अंचल कार्यालय में उपलब्ध कर्मियों की संख्या राजस्व कर्मचारियों की संख्या, हल्कावार लंबित म्यूटेशन, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र सहित अन्य प्रकार के प्रमाण पत्रों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। जिसमें निष्पादित किए गए और लंबित मामलों पर जानकारी लिया गया। मौके पर गढ़वा एसडीओ विजय कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता रवीश राज सिंह एवं प्रखंड विकास अधिकारी प्रखंड कार्यालय बरडीहा, अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### तस्करी के लिए ले जाये जा रहे 25 मवेशियों को पुलिस ने किया जब्त



जब्त पशु।

**डंडई।** पुलिस ने हनीफ पेट्रोल पंप के समीप से तस्करी के लिए ले जाये जा रहे 25 मवेशियों को मध्य रात्रि में जप्त कर लिया। सभी मवेशियों को जप्त कर थाना भवन लाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पशुओं की तस्करी के लिए पशु तस्कर डंडई नाहर रोड के रास्ता गढ़वा की ओर ले जा रहे थे। इसी बीच गुप्त सूचना पर पुलिस ने सभी पशुओं को पकड़ कर थाना ले आई। इस संबंध में थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने बताया कि सूचना मिली थी की तस्करी के लिए काफी संख्या में गाय बैल को तस्कर डंडई नाहर रोड की रास्ता से ले जा रहे है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तस्करी के लिए ले जा रहे मवेशियों को जप्त लिया। उन्होंने कहा कि मवेशियों को जरूरतमंद किसानों के बीच रख रखाव के लिये वितरित किया जाएगा। वही पशु तस्कर मवेशी छोड़कर भाग निकले। इस संबंध मे अज्ञात पशु तस्करों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### टेंपो पलटने से आठ स्कूली बच्चे घायल

**गढ़वा।** गढ़वा-रेहला मार्ग पर बुधवार की सुबह बेलचंपा के समीप टेंपो पलटने से टेंपो पर सवार आठ स्कूली छात्र-छात्राएं घायल हो गए। घायलों में गढ़वा थाना क्षेत्र के हुर गांव निवासी रविंद्र चैधरी की पुत्री पूजा कुमारी, पूरन चैधरी की पुत्री कलवंती कुमारी, राजेंद्र चैधरी की पुत्री रीमा कुमारी, फरठिया गांव निवासी उमेश चैधरी की पुत्री निक्की कुमारी, कामेश्वर चैधरी की पुत्री सुमन कुमारी, प्रेमनाथ चैधरी की पुत्री प्रतिमा कुमारी, विकास चैधरी का पुत्र मनीष राज आदि के नाम शामिल है। सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद मनीष राज को गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए परिजनों ने हायर सेंटर ले गये। घटना के संबंध में प्रतिमा कुमारी ने बताया कि सभी लोग टेंपो पर सवार होकर आरकेजेबीआई स्कूल रेहला पढ़ाई करने के लिए जाती थी इसी दौरान बुधवार को भी सभी छात्र-छात्राएं एक टेंपो पर सवार होकर रेहला स्थित आरकेजेबीआई स्कूल जा रही थी इसी क्रम में तेज गति टेंपो होने के कारण सामने से आ रही मोटरसाइकिल से साइड लेने के दौरान टेंपो अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना के बाद टेंपो चालक ने छात्र-छात्राओं को घायल अवस्था में छोड़कर टेंपू लेकर भागने का प्रयास कर रहा था इसी दौरान ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर उसे मारपीट की इसके बाद उसने टेंपो को छोड़कर फरार हो गया।

### लोक अदालत को लेकर जागरूकता रथ रवाना

**सहरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार अध्यक्ष सह जिला एवं सत्र न्यायाधीश गोपालजी ने 13 जुलाई को व्यवहार न्यायालय, सहरसा में राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन की तैयारी के तहत बुधवार को रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिला के सूदूरवर्ती गांव-कसबों में जाकर समझौता के आधार पर मुफ्त में अपने मुकदमा को लोक अदालत में समाप्त करा सकते हैं। न्यायालय के लंबी प्रक्रिया से छुटकारा के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा वर्ष में चार बार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। रथ भारतीय स्टेट बैंक, ग्रामीण बैंक, बैंक आफ बड़ौदा आदि बैंकों के सौजन्य से उपलब्ध करवायी गए हैं। रथों के संचालन की व्यवस्था जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह सब जज अभिमन्यु कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि ये रथ अलग-अलग सभी प्रखण्डो मे जाकर गांव-गांव में आज से लेकर 12 जुलाई तक लगातार प्रचार-प्रसार कर लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन में 13 जुलाई को व्यवहार न्यायालय, सहरसा में आने को प्रेरित करेगा।

## पेज एक का शेष

### घुसपैठियों को चिन्हित करें ...

कोर्ट ने इन उपायुक्तों को शपथ पत्र दाखिल कर बांग्लादेशी घुसपैठिए के खिलाफ की गई कार्रवाई के संबंध में 2 सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले में मुख्य सचिव को भी निर्देश दिया है कि वह उक्त 6 जिलों के डीसी द्वारा बांग्लादेशी घुसपैठियों पर कार्रवाई के संबंध में खुद के स्तर से निगरानी रखें। कोर्ट ने मौखिक कहा यह किसी राज्य या जिले का मुद्दा नहीं है बल्कि देश का मुद्दा है। विदेशी घुसपैठियों को भारत में प्रवेश करने से हर हाल में रोकना होगा। कोर्ट को प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से बताया गया कि झारखंड के संथाल परगना के 6 जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठियों साहिबगंज, पाकुड़, दुमका, गोड्डा व जामताड़ा आदि क्षेत्र में अवैध प्रवासी की संख्या बढ़ती जा रही है, यह लोग ट्राइबल आबादी को बहुत ज्यादा प्रभावित कर रहे हैं। इसलिए झारखंड में बसे बांग्लादेशियों पर अंकुश लगाने की जरूरत है।

**क्या है याचिका में**

प्रार्थी ने याचिका में कहा है की जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज आदि झारखंड के बॉर्डर इलाके से बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड आ रहे हैं। इससे इन जिलों में जनसंख्या में कुप्रभाव पड़ रहा है। इन जिलों में बड़ी संख्या में मदरसा स्थापित किया जा रहा है। साथ ही स्थानीय ट्राइबल के साथ वैवाहिक संबंध बनाया जा रहा है। प्रार्थी ने मांग की है कि इस मामले में भारत सरकार का गृह मंत्रालय रिपोर्ट दाखिल करे और बताएं कि झारखंड के बॉर्डर इलाके से कैसे बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड आ रहे हैं और उनके द्वारा झारखंड में कैसे लोगों को गुमराह कर वैवाहिक संबंध स्थापित किया जा रहा है।

### सीबीआइ ने धनबाद से अमन सिंह को दबोचा

**धनबाद के आठ सेंटरों पर हुई थी परीक्षा:** धनबाद में नीट की परीक्षा आठ सेंटरों पर हुई थीष  इन केंद्रों पर कुल 3921 छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे। इन केंद्रों में टाटा डीएवी जामाडोबा, जीजीपीएस बैंक मोड़, डीएवी स्कूल बनियाहीर, द्वारिका मेमोरियल विशनपुर, किड्स गार्डेन झरिया, डीएवी स्कूल कुसुंडा, झारखंड पब्लिक स्कूल बलियापुर एवं डीएवी कोयला नगर शामिल है। इन सेंटरों में परीक्षा ड्यूटी करने वाले भी सशंकित हैं।

### पेपर लीक के दोषियों को हम छोड़ेंगे नहीं

**भ्रष्टाचार के विरूद्ध लड़ाई मेरा मिशन :** पीएम ने कहा देश को भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने के लिए जी जान से जुटा हुआ हूं। यह मेरा मिशन भी है। भ्रष्टाचार के विरोध कानून बनाये हैं। कालेधन के लिए नया कानून बनाया है। प्रत्यक्ष धन हस्तांतरण पर बल दिया गया है जिसके कारण अब लीकेज नहीं हो रहा है। लोगों के पास पूरी धनराशि पहुंच रही है। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई तथा आर्थिक और सामाजिक विकास को सरकार का मिशन बताते हुए कहा कि देश के मतदाता कांग्रेस की भ्रमित करने और झूठी कहानी गढने वाली नकारात्मक राजनीति को पहचान चुके हैं। जनता ने भारत को विकास की राह पर आगे ले जाने के लिए राजग को लगातार तीसरी बार जनादेश दिया है।

**कांग्रेस संविधान विरोधी**

पीएम मोदी ने कांग्रेस को संविधान का सबसे बड़ा विरोधी बताया। साथ ही कहा,  यदि यह वास्तव में यह चुनाव का मुद्दा था तो जनता ने संविधान की रक्षा की जिम्मेदारी हमें दी है। उन्होंने देश में कांग्रेस की सरकारों के दौरान आपातकाल की ज्यादतियों , प्रधानमंत्री जैसे संवैधानिक पद के उपर राष्ट्रीय सलाहकार परिषद बैठाने , कांग्रेस के नेता ( राहुल गांधी) द्वारा मनमोहन मंत्रिमंडल के फैसले की प्रति फाडे जाने और सरकारी प्रोटोकोल में एक परिवार के सदस्यों को अनुचित प्राथमिकता दिये जाने जैसे मामलों का उल्लेख भी किया। साथ ही  कहा कि संविधान की रक्षा उसके आधार पर आचरण करने से होती है न कि संविधान की पुस्तक लहराने से । 1975 में संविधान पर बुलडोजर चलाते हुए इंदिरा इज इंडिया एंड इंडिया इस इंदिरा का नारा दिया गया था लेकिन कांग्रेस इस पर कभी कोई चर्चा नहीं चाहती। उन्होंने कहा,  कांग्रेस न केवल संविधान विरोधी है बल्कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग की भी विरोधी है। कांग्रेस के प्रथम परिवार को जहां हार सुनिश्चित दिखती है वहां इन वर्गों के लोगों को आगे कर दिया जाता है ।

स्पीड न्यूज

## नीलम होंगी लाहौर हाई कोर्ट की पहली महिला चीफ जस्टिस



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में लाहौर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के पद पर पहली बार महिला आसीन होने जा रही है। पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश (सीजेपी) काजी फैज ईसा की अध्यक्षता वाली जेसीपी ने मंगलवार को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश शुजात अली खान और न्यायमूर्ति अली बकर नजफी सहित लाहौर हाई कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश के पद के लिए तीन न्यायाधीशों के नामांकन पर विचार करने के बाद उनकी पदोन्नति को मंजूरी दी।

## प्रधानमंत्री प्रचंड पर इस्तीफे का दबाव बढ़ा

**काठमांडू।** नेपाल में सत्ता गठबंधन टूटने और नए राजनीतिक समीकरण बनने के बाद प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड पर इस्तीफे का दबाव बढ़ गया है। लगभग सभी विपक्षी दलों ने उनसे तत्काल इस्तीफा देने को कहा है, इसलिए उनके इस्तीफे पर सबकी निगाहें टिकी है। संसद में बहुमत खोने पर लगातार पद छोड़ने का दबाब बढ़ने के बाद अब प्रधानमंत्री के पास इस्तीफे के अलावा और कोई रास्ता नहीं बचा है।

## बीआरएस नेता केशव राव कांग्रेस में शामिल

**नयी दिल्ली।** तेलंगाना में बीआरएस के 84 वर्षीय नेता केशव राव बुधवार को कांग्रेस का दामन थाम लिया। मौके पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे,राहुल गांधी, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंथ रेड्डी, कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल और दीपदास मुंशी भी मौजूद रहे। केशव राव पहले कांग्रेस में ही थे, लेकिन मई 2013 में वह केसीआर की पार्टी तेलंगाना राष्ट्र समिति में चले गए थे। वह पहली बार 2006 में कांग्रेस के टिकट पर राज्यसभा के सदस्य बने थे। इस बार वे बीआरएस से राज्यसभा सदस्य चुने गए हैं।

## गाजा में संघर्ष विराम के बाद इजराइल से जंग रोक देंगे : हिजबुल्ला

**बेरूत।** लेबनान-इजराइल सीमा पर जारी संघर्ष को लेकर लेबनानी चरमपंथी समूह हिजबुल्ला के उपनेता ने मंगलवार को कहा कि गाजा में पूर्ण संघर्ष विराम के बाद उनका समूह भी जंग रोक देगा। हिजबुल्ला के उपनेता शेख नईम कासिम ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में समूह के राजनीतिक कार्यालय में एक साक्षात्कार में कहा, अगर गाजा में संघर्ष विराम होता है तो हम बिना किसी चर्चा के युद्ध रोक देंगे। उन्होंने कहा लेकिन अगर इजराइल बिना किसी औपचारिक युद्ध विराम समझौते के गाजा से अपनी पूरी की पूरी सेना वापस बुला लेता है तो लेबनान-इजराइल पर जारी संघर्ष की जटिलताएं बरकरार रह सकती हैं।

# हाथरस हादसे की होगी न्यायिक जांच

एजेंसी

**हाथरस।** उत्तर प्रदेश सरकार ने हाथरस में मंगलवार को हुये हादसे की न्यायिक जांच के आदेश दिये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को पत्रकारों से कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में न्यायिक जांच के भी आदेश दे दिए गये हैं। हाथरस हादसे में जो भी लोग जिम्मेदार हैं उन्हें उनके किये की सजा दिलाई जाएगी। कोई भी दोषी बच नहीं पाएगा। उन्होंने कहा कि इस पूरे आयोजन में अंदर की व्यवस्था आयोजन से जुड़े सेवादारों की थी, जबकि प्रशासन द्वारा बाहर पुलिस की व्यवस्था की गई थी, लेकिन हादसा होने के तुरंत बाद सेवादार वहां से भाग निकले। यहां तक कि उन्होंने हादसे के बाद लोगों को अस्पताल पहुंचाने के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं की। योगी ने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम के लिए हमने एडीजी आगरा की अध्यक्षता में एक एसआईटी गठित की है, जिसने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट दी है। उन्हें इस घटना के तह में जाने के लिए कहा गया है। बहुत सारे ऐसे पहलू हैं, जिन पर जांच होना बहुत आवश्यक है। भोले बाबा के विरुद्ध

## कोई भी दोषी बच नहीं पाएगा : योगी

- एडीजी की अध्यक्षता में गठित एसआइटी ने प्रारंभिक रिपोर्ट सरकार को सौंपी
- इस हादसे में 121 श्रद्धालुओं की मौत हुयी है, उत्तर प्रदेश हरियाणा, राजस्थान और मध्य प्रदेश से भी जुड़े हुए हैं



एफआईआर नहीं होने के प्रश्न पर योगी ने कहा कि प्रथम दृष्टया एफआईआर उन पर होती है जिन्होंने आवदेन कर कार्यक्रम की अनुमति मांगी थी। इसके बाद इसका दायरा बढ़ता है। निश्चित रूप से जो लोग भी इस घटना के जिम्मेदार होंगे वो सभी इसके दायरे में आएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिकंदराराऊ तहसील के एक गांव में दुखद और दर्दनाक घटना घटित हुई थी। इस पूरी घटना के तह तक जाने के लिए शासन स्तर पर हम लोगों ने मंगलवार को ही कदम उठाए थे। इस हादसे में 121 श्रद्धालुओं की मौत हुई जो उत्तर प्रदेश के अलावा हरियाणा, राजस्थान व मध्य प्रदेश से भी जुड़े हुए हैं। हाथरस, बदायूं, कासगंज, अलीगढ़, एटा, ललितपुर, आगरा, फिरोजाबाद, गौतमबुद्धनगर, मथुरा, औरैया, बुलंदशहर, पीलीभीत, संभल और लखीमपुर खीरी समेत 16 जिलों के भी कुछ श्रद्धालु हैं जो इस हादसे का शिकार हुए हैं। 121 में से छह मृतक ऐसे थे जो अन्य राज्यों से थे, जिनमें ग्वालियर (मध्य प्रदेश) से एक, हरियाणा से चार और राजस्थान से एक थे। जो घायल हैं उनमें 31 ऐसे हैं जिनका हाथरस, अलीगढ़, एटा और आगरा के हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है और सभी खतरे से बाहर हैं। योगी ने कहा कि गंभीर रूप से घायल लोगों ने बातचीत में बताया कि हादसा उस समय हुआ जब कार्यक्रम के उपरांत कथावाचक का काफिला जीटी रोड पर आया तो उन्हें छूने के लिए महिलाओं का एक दल उधर बढ़ गया। उनके पीछे-पीछे भीड़ गई और इसी के बाद वो एक-दूसरे के ऊपर चढ़ते गए। सेवादार भी लोगों को धक्का देते गए, जिसके चलते जीटी रोड के दोनों ओर ये हादसा घटित हुआ। इसका सबसे दुखद पहलू ये था कि इस तरह के कार्यक्रम के दौरान जो सेवादार प्रशासन को अंदर घुसने नहीं देते, दुर्घटना होने के तत्काल बाद उन्होंने मामले को दबाने का प्रयास किया। लेकिन जब प्रशासन ने घायलों को अस्पताल ले जाने की कार्यवाही शुरू की तो उनमें से ज्यादातर सेवादार वहां से भाग गए। उन्होंने बताया कि अब तक प्रथम दृष्टया हमारी कार्यवाही ये थी कि राहत और बचाव के कार्य को आगे बढ़ाने के बाद आयोजकों को पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। घटना के कारणों के बारे में उनसे बात की जाएगी और घटना में लापरवाही और जिम्मेदारों की जवाबदेही तय की जाएगी। हम इस बात को खारिज नहीं कर सकते कि इस प्रकार की घटना केवल एक हादसा है। अगर हादसा भी है तो उसके पीछे कौन जिम्मेदार है और अगर हादसा नहीं तो साजिश किसकी है। इन सभी पहलुओं को

### हाईकोर्ट के सेवानिवृत जज की अध्यक्षता में होगी जांच

न्यायिक जांच हाईकोर्ट के एक रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में होगी, जिसमें प्रशासन और पुलिस के भी रिटायर्ड सीनियर अधिकारियों को रखा जाएगा और इस पूरी घटना के तह में जाकर जो भी इसके लिए दोषी होगा उन्हें इसकी सजा दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि ज्यूडिशियल इंक्वायरी का नोटिफिकेशन जारी हो जाएगा। साथ ही इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए उनके माध्यम से एक सुझाव और एसओपी बनाई जाएगी, जिसे आगे इस प्रकार के आयोजनों में लागू किया जाएगा।

- मृतकों के परिजनों को चार लाख और घायलों को एक लाख रुपये मिलेगा

देखते हुए राज्य सरकार ने तय किया है हम इस पर एक न्यायिक जांच भी करवाएंगे। सीएम ने कहा कि जो निर्दोष लोग इस हादसे के शिकार हुए हैं उनके नाबालिग बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत पढ़ाई की व्यवस्था कराएंगे। वो जिन भी स्कूलों या संस्था में पढ़ रहे होंगे सरकार व्यवस्था करेगी। हादसे में मृतक लोगों के परिजनों को केंद्र और राज्य की ओर से कुल 4 लाख रुपए और घायलों को कुल एक लाख रुपए की सहायता प्रदान कर रहे हैं। उन्होने कहा कि प्रशासन प्रथम दृष्टया ये मानकर चलता है कि धार्मिक आयोजन है और उनके सेवादार इस प्रकार के आयोजनों की अंदर से जिम्मेदारी स्वयं निभाएंगे। बड़े-बड़े आयोजन होते हैं और सावधानीवश वहां पर फोर्स प्रशासन तैनात करता है, लेकिन फोर्स आउटर रिंग में होती है। यदि आप अंदर देखेंगे तो उनके स्वयंसेवक या सेवादार ही व्यवस्था का संचालन करते हैं। इस तरह के आयोजनों में धार्मिक और श्रद्धाभाव से लोग आते हैं तो वहां भीड़ अनुशासित ही रहती है।

## मुंबई में 327 करोड़ की ड्रग्स जब्त, 15 गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई से सटे काशीमीरा पुलिस ने लगभग 327 करोड़ रुपये की ड्रग के साथ चार पिस्तौल भी जब्त की हैं। पुलिस ने इस मामले में तेलंगाना, गुजरात, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के विभिन्न स्थानों से 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह ड्रग रैकेट कुख्यात गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के इशारे पर उसका गुर्गा समील डोला चला रहा था। मीरा भायंदर-वसई विरार पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि काशीमीरा पुलिस ने नालासोपारा से अभिषेक सिंह को गिरफ्तार कर उसके पास से एमडी ड्रग और चार पिस्तौल जब्त की थी। मधुकर पांडे ने बताया कि अभिषेक से कड़ी पूछताछ के बाद 15 मई को क्राइम ब्रांच ने शोएब मेमन और निकोलस टाइटस को ठाणे घोड़बंदर से दो करोड़ रुपये की ड्रग के साथ गिरफ्तार किया था। आगे की जांच में पुलिस ने दयानंद मुद्दनर और बाबा जेनेमिया शेख को हैदराबाद से और एक आरोपित को नरसापुर से गिरफ्तार किया। पुलिस ने दयानंद से मिली जानकारी के आधार पर धनश्याम सरोज और मोहम्मद मोइन को गोरेगांव, मुंबई से गिरफ्तार कर लिया गया। मोईन की कार में 14 लाख की कीमत एमडी ड्रग को जब्त किया। फिर पुलिस ने 27 मई को बाबू सिद्धेश जाधव को ठाणे से गिरफ्तार कर लिया।




नयी दिल्ली के जंतर-मंतर पर बुधवार को राहुल गांधी के भाषण के खिलाफ प्रदर्शन करते यूनाइटेड हिन्दू फ्रंट के सदस्य।

# मोदी झूठ बोल रहे थे तो राज्यसभा से विपक्ष ने किया बहिर्गमन : खड़गे

एजेंसी

नयी दिल्ली। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जवाब के दौरान इंडिया गठबंधन के बहिर्गमन पर सफाई देते हुए विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री झूठ बोल रहे थे इसलिए विपक्षी दलों ने बहिगर्मन किया। खड़गे ने पत्रकारों से कहा कि सच्चाई यह है कि भाजपा-आरएसएस, जनसंघ और उनके राजनीतिक पुरखों ने भारत के संविधान का जमकर विरोध किया था। उन लोगों ने डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर तथा पंडित जवाहरलाल नेहरू के उस समय पुतले फूंके थे। ये शर्मनाक बात थी। सच्चाई ये है कि डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर ने संविधान के प्रारूप बनाने का श्रेय कांग्रेस को दिया था। विपक्ष के नेता ने कहा कि मुझे ये दो बातें भारत की जनता को सदन के माध्यम से

### भाजपा-आरएसएस व जनसंघ ने संविधान का विरोध किया था



बतानी थी। पहली बात यह है कि आरएसएस के मुखपत्र आर्गनाइजर ने 30 नवंबर 1949 के अंक में संपादकीय में लिखा था कि भारत के इस नए संविधान की सबसे बुरी बात यह है कि इसमे भारतीय कुछ भी नहीं है... प्राचीन भारत के अद्भुत संवैधानिक विकास के बारे में इसमें कोई ज़िक्र ही नहीं है आज तक मनुस्मृति में दर्ज मनु के कानून दुनिया की प्रशंसा का कारण हैं और वे स्वयंस्फूर्त आज्ञाकारिता और अनुरूपता पैदा करते हैं... हमारे संवैधानिक विशेषज्ञों के लिए यह सब निरर्थक है। यहां आरएसएस साफ तौर पर भारतीय संविधान के मुख्य निमार्ता यानी अंबेडकर के विरोध में और मनुस्मृति के समर्थन में खड़ी है। दूसरी बात यह कि बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर ने संविधान का प्रस्ताव पेश करते हुए कांग्रेस की तारीफ करते हुए 1949 में कहा था - मुझे बहुत आश्चर्य हुआ था जब प्रारूप समिति ने मुझे अपना अध्यक्ष चुना। समिति में मुझसे बड़े, मुझसे बेहतर और मुझसे सक्षम लोग थे। यह कांग्रेस पार्टी के अनुशासन का ही कमाल था कि प्रारूप समित, संविधान सभा में संविधान को हर धारा और हर संशोधन के बारे में निश्चित जानकारी के साथ प्रस्तुत कर सकी। इसलिए संविधान सभा के समक्ष, संविधान के प्रारूप को अबाध रूप से प्रस्तुत किए जाने के समस्त श्रेय पर कांग्रेस पार्टी का हक बनता है।

# मंत्रिमंडलीय समितियों का गठन नियुक्ति समिति में मोदी और शाह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मोदी सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के लिए आठ मंत्रिमंडलीय समितियों का बुधवार को गठन कर दिया जिसमें महत्वपूर्ण नियुक्ति संबंधी समिति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा गृह मंत्री अमित शाह को रखा गया है।

कार्यालय की विज्ञप्ति के अनुसार राजनीतिक मामलों की समिति प्रधानमंत्री मोदी के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी , स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, सूक्ष्म लघु एवं मझोले उद्यम विभाग के मंत्री जीतन राम मांझी, बंदरगाह जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, उड्डयन मंत्री के. राम

### सुरक्षा समिति में पीएम मोदी के अलावा, राजनाथ सिंह, अमित शाह सीतारमण और जयशंकर को मिली जगह

मोहन नायडू, पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव, महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू एवं कोयला तथा खान मंत्री जी किशन रेड्डी शामिल किये गये हैं। सुरक्षा संबंधी मंत्रिमंडलीय समिति में मोदी के अलावा, सिंह, शाह, श्रीमती सीतारमण और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर शामिल हैं। आर्थिक मामलों की समिति में प्रधानमंत्री के साथ श्री सिंह, श्री शाह, श्री गडकरी, श्री शिवराज सिंह चौहान, श्रीमती सीतारमण , डॉ. जयशंकर, एच डी कुमारस्वामी, श्री पीयूष गोयल, श्री धर्मेन्द्र प्रधान और राजीव रंजन सिंह को रखा गया है। संसदीय कार्य संबंधी समिति में सिंह के साथ शाह, नड्डा, सीतारमण,राजीव रंजन सिंह, डॉ. वीरेन्द्र कुमार, नायडू , श्री जुएल ओरांव, श्री रिजिजू और सी आर पाटिल शामिल हैं। इस समिति में अर्जुन राम मेघवाल और डॉ. एल मुरूगन को विशेष आमंत्रित सदस्य रखा गया है। निवेश और आर्थिक वृद्धि संबंधी समिति में प्रधानमंत्री के साथ सिंह, शाह, गडकरी, सीतारमण, श्री गोयल, प्रह्लाद जोशी, गिरिराज सिंह, अश्विनी वैष्णव, ज्योतिरादित्य सिंधिया, श्री हरदीप सिंह पुरी और चिराग पासवान शामिल किये गये हैं। सरकार ने शाह की अध्यक्षता में आवास समिति का गठन किया है जिसमें गडकरी, सीतारमण, मनोहर लाल और गोयल को शामिल किया गया है। डा. जितेन्द्र सिंह इस समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाये गये हैं।

## एआइ मिशन शीघ्र शुरू होगा : वैष्णव



**नयी दिल्ली ।** सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआइ) के हाल के चुनाव में हुये दुरूपयोग पर चिंता जताते हुये बुधवार को कहा कि शीघ्र ही एआई को लेकर मिशन की शुरू किया जायेगा। वैष्णव ने बुधवार को ग्लोबल इंडिया एआई शिखर सम्मेलन में कहा कि हाल के आम चुनावों में, हमने देखा है कि गलत सूचना, भ्रामक जानकारी और फर्जी खबरें कितना बड़ा खतरा हो सकती हैं। एआई की शक्ति से यह खतरा कई गुना बढ़ जाता है। यह ऐसा कुछ नहीं है जो केवल हम अनुभव कर रहे हैं, पूरी दुनिया ने इसका अनुभव किया है। हर समाज और सरकार एआई पर आधारित नए जोखिमों के उभरने से एक ही खतरा महसूस कर रही है। सोसायटी बहुत ही व्यवस्थित और सोच-समझकर जवाब दे रहा है।

## राज्यसभा अनिश्चित काल के लिए स्थगित

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा की कार्यवाही बुधवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गई। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के बाद प्रधानमंत्री ने जवाब दिया। राज्यसभा की कार्यवाही 25 जून को शुरू हुई थी। सदन की कार्यवाही की शुरूआत में राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने हाथरस में हुए हादसे पर शोक जताते हुए घायलों के शीघ्र ठीक होने की कामना की। राज्यसभा में मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए मौन रखा गया।

## 'सूर्यवंशम' का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई।** यशी फिल्म्स (अभय सिन्हा) और रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट प्रस्तुत पावर स्टार पवन सिंह की फिल्म सूर्यवंशम का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म सूर्यवंशम का ट्रेलर सुर म्यूजिक के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। यह फिल्म जल्द ही रिलीज होगी।निर्माता निशांत उज्जवल ने बताया कि फिल्म सूर्यवंशम ,पवन सिंह के ख्याति के हिसाब से एक्शन पैक्ड है, जो दर्शकों को खूब पसंद आने वाली है।पवन सिंह और मशहूर निर्देशक रजनीश मिश्रा इस फिल्म के जरिये धमाल मचाने आ रहे हैं।ट्रेलर की शुरूआत पवन सिंह के धांसू एक्शन से होती है, जिसमें उनका तेज देखते बनता है। इस फिल्म में पवन सिंह के साथ आस्था सिंह नजर आ रही हैं।

# सेंसेक्स 80 हजार के पार, निवेशकों ने कमाये सवा तीन लाख करोड़

## शेयर बाजार ने बनाया नया रिकॉर्ड, निफ्टी पहली बार 24,300 के पार

एजेंसी

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार लगातार नए रिकॉर्ड बना रहा है। बुधवार को एक बार फिर बाजार ने बनाया रिकॉर्ड। कारोबार की शुरूआत ऑल टाइम हाई के नए रिकॉर्ड के साथ हुई। पहले घंटे के कारोबार में ही सेंसेक्स और निफ्टी और आगे बढ़ कर मजबूती के नए शिखर पर पहुंच गए। सेंसेक्स पहली बार 80 हजार अंक के स्तर को पार कर गया। इसी तरह निफ्टी पहली बार 24,300 अंक के स्तर को पार करने में सफल रहा।

बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में सवा तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद बढ़ कर 445.50 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 442.18 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को कारोबार से करीब 3.32 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ।



शुरूआती तेजी के बाद दिन के कारोबार में तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच लगातार एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश चलती रही, जिसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल भी ऊपर नीचे होती रही। पूरे दिन के कारोबार के बाद शेयर बाजार रिकॉर्ड लेवल पर बंद होने में सफल रहा। दिन भर हुई खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 0.69 प्रतिशत और निफ्टी 0.67 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज पहली बार 80 हजार अंक के स्तर को पार करते हुए 572.32 अंक की तेजी के साथ 80,013.17 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 632.85 अंक की मजबूती के साथ अभी तक के सर्वोच्च स्तर 80,074.30 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। इसके बाद बाजार में मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई। पूरे दिन के कारोबार में लिवाल और बिकवाल लगातार एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश करते रहे, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में भी लगातार उतार चढ़ाव होता रहा।

स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स 3.74 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स 2.43 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा 2.32 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक 2.20 प्रतिशत और एक्सिस बैंक 2.12 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, टीसीएस 1.30 प्रतिशत, टाइटन कंपनी 1.16 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज 0.81 प्रतिशत, टाटा मोटर्स 0.58 प्रतिशत और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 0.45 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

## रनौत को थप्पड़ मारने वाली कुलविंदर कौर का बेंगलुरु तबादला

**चंडीगढ़।** भाजपा सांसद कंगना रनौत को थप्पड़ मारने वाली सीआईएसएफ की कांस्टेबल कुलविंदर कौर का बेंगलुरु तबादला कर दिया गया है। थप्पड़ कांड के बाद कांस्टेबल को निलंबित किया गया था और उनके खिलाफ कई धाराओं के तहत मामला दर्ज हुआ था। यह घटना 6 जून को तब हुई थी, जब हिमाचल के मंडी संसदीय क्षेत्र से सांसद बनीं कंगना रनौत दिल्ली में भाजपा संसदीय दल की बैठक में शामिल होने के लिए चंडीगढ़ एयरपोर्ट पहुंचीं थी। एयरपोर्ट पर जांच के दौरान सीआईएफएस की महिला कांस्टेबल कुलविंदर कौर ने थप्पड़ मार दिया था। इसके बाद कांस्टेबल को निलंबित करके उनके खिलाफ कई धाराओं के तहत मामला दर्ज हुआ था। कांस्टेबल कुलविंदर कौर का निलंबन बहाल करके बेंगलुरु ट्रांसफर कर दिया गया है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran-II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran-II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !